सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 02 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 60, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## वार्षिक खातों को सरल बनायें अफसर : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोक लेखा सेवा अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ व उपयोगकर्ताओं के लिए सरल बनाने को कहा। } 14

## वाणिज्यिक विवादों से निपटने में लें विशेषज्ञों की मदद

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मध्यस्थता मामलों में विशेषज्ञों की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि वाणिज्यिक विवादों से जुड़े जटिल मामलों को निपटाने में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का इस्तेमाल किया जा सकता है। } 16



### संक्षेप

## सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा

लखनऊ। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहाकर अवनीश अवस्थी का कार्यकाल एक बार फिर एक साल के लिए बढ़ा दिया गया है। 2022 में सेवानिवृत होने के बाद से वह प्रशासनिक मामलों में सलाह देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार में सलाहकार बनाए गए थे। तीसरी बार उनका कार्यकाल बढ़ाया गया है। वह 28 फरवरी 2026 तक इस पद पर बने रहेंगे। अवनीश अवस्थी को सीएम योगी आदित्यनाथ के सबसे भरोसेमंद अफसरों में माना जाता है। 1987 बैच के आईएएस अधिकारी अवनीश कुमार अवस्थी यूपी में कई जिलों के जिलाधिकारी से लेकर अपर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ : मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ जारी है। सुरक्षाबलों ने अभी तक दो नक्सलियों के शव बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि किस्टाराम क्षेत्र में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर शुक्रवार को सुकमा जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान में रवाना किया गया था।

## गुजरात में 10 लोगों को आजीवन कारावास

अहमदाबाद। अहमदाबाद की एक सत्र अदालत ने 2006 में एक प्रवासी भारतीय (एनआरआई) की हत्या के लिए 10 लोगों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एनआरआई ने एक आध्यात्मिक संगठन के लिए जुटाए गए विदेशी धन का लेखा-जोखा मांगा था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश भरत जाधव ने शुक्रवार को 84 गवाहों के बयानों और साक्ष्यों पर विचार करने के बाद आध्यात्मिक संगठन स्वाध्याय परिवार के सदस्यों को हत्या एवं आपराधिक षड्यंत्र रचने समेत अन्य आरोपों में दोषी पाया। स्वाध्याय परिवार से जुड़े एनआरआई पंकज त्रिवेदी की 15 जून 2006 को शहर के एलिसब्रिज जिमखाना के पास पीट-पीट कर हत्या कर दी गई थी।

# दिल्ली में 31 के बाद 15 साल पुराने वाहनों को नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

○ प्रदूषण रोधी उपायों के चलते लिया गया फैसला

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली सरकार ने शनिवार को कहा कि एक अप्रैल से राष्ट्रीय राजधानी के पेट्रोल पंप 15 और 10 साल से पुराने वाहनों को क्रमशः पेट्रोल और डीजल नहीं देंगे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने प्रदूषण रोधी उपायों पर चर्चा के लिए अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद कहा कि पेट्रोप पंप पर ऐसे उपकरण लगाए जाएंगे जो अधिक पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा।

सरकार के इस कदम का उद्देश्य वाहनों से होने वाले उत्सर्जन पर अंकुश लगाना तथा शहर में वायु प्रदूषण से निपटना है, जो निवासियों के लिए निरंतर एक चुनौती बनी हुई है। पत्रकारों से बात करते हुए मंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार इस निर्णय के बारे में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय को सूचित करेगी, जिसके बाद मंत्रालय शहर के पेट्रोल पंप मालिकों को अधिसूचित करेगा। शहर में 425 से अधिक पेट्रोल पंप हैं। बैठक के बाद सिरसा ने कहा, हम पेट्रोल पंप पर ऐसे उपकरण लगा रहे हैं, जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे और उन्हें ईंधन नहीं दिया जाएगा। दिल्ली सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि 10 साल से पुराने डीजल वाहनों को भी 31 मार्च के बाद ईंधन नहीं दिया जाएगा। अधिकारी ने ...शेष पृष्ठ 14 पर

# युवा विजन और नवाचार के साथ आगे बढ़ने में समर्थ

## सीडी रेशियो 70 प्रतिशत तक पहुंचाना लक्ष्य : योगी

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को ऋण जमानुपात (सीडी रेशियो) व मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा की। बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, बैंकर्स कमेटी से जुड़े लोग भी मौजूद रहे। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में सीडी रेशियो 67 से 70 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य लेकर प्रयास किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की अद्यतन स्थिति से अवगत होते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं के पास विजन और इनोवेशन के साथ युवाओं में आगे बढ़ने का सामर्थ्य है। बैंकों के सहयोग से राज्य सरकार मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के माध्यम से युवाओं को पूंजी उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है, ताकि यहां के युवा नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा को और आगे बढ़ा सकें। इस अभियान से जुड़ने वाले युवाओं की ट्रेनिंग भी कराई जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में सर्वाधिक युवा आबादी वाले उत्तर प्रदेश के युवाओं की असीमित क्षमता को गति देने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान की शुरूआत 24 जनवरी 2025 (यूपी दिवस) को की गई थी। इसके अंतर्गत एक वर्ष में कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कम से कम एक लाख युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना है। इस अभियान से उत्पाद व सेवा क्षेत्र में एक लाख नई इकाइयां स्थापित ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वर्षाजनित राहत कार्यों में लायें तेजी : मुख्यमंत्री

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर शनिवार को संबंधित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए। शनिवार को जारी एक सरकारी बयान के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अधिकारी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत कार्यों पर नजर रखें और प्रभावित लोगों को मदद प्रदान करें। मुख्यमंत्री ने यह निर्देश भी दिए हैं कि फसलों को हुए नुकसान का युद्ध स्तर पर आकलन करते हुए शासन को जानकारी उपलब्ध... शेष पृष्ठ 14 पर

# अब रंग ला रहा वोकल फॉर लोकल अभियान

## ○ भारत को उत्सुकता से देख रहा विश्व ○ दुनिया के कारखाने के रूप में उभर रहा है भारत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि उनका वोकल फॉर लोकल अभियान अब रंग ला रहा है, क्योंकि भारतीय उत्पाद वैश्विक हो रहे हैं और दुनिया भर में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

मोदी ने एनएक्सटी सम्मेलन में कहा कि भारत अनंत नवोन्मेषों, किफायती समाधान खोजने और उन्हें विश्व को उपलब्ध कराने की भूमि बन रहा है। मोदी ने कहा दुनिया 21वीं सदी के भारत को उत्सुकता से देख रही है। दुनियाभर से लोग भारत आना और उसे समझना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि देश अब विनिर्माण केंद्र और दुनिया के कारखाने के रूप में उभर रहा है। मोदी ने कहा दशकों से दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस कहती रही है। अब भारत दुनिया का नया कारखाना बन रहा है। हम अब केवल कार्यबल नहीं रह गए हैं, बल्कि एक विश्व शक्ति बन रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के बढ़ते रक्षा उत्पाद दुनिया के सामने इसकी इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी की ताकत को दर्शाते हैं। मोदी ने कहा, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर ऑटोमोबाइल के क्षेत्र तक दुनिया ने भारत के पैमाने और क्षमता को देखा है। भारत न केवल दुनिया को उत्पाद उपलब्ध करा रहा है, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में एक भरोसेमंद और विश्वसनीय भागीदार भी बन रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व वर्षों की कड़ी मेहनत और व्यवस्थित नीतिगत निर्णयों का परिणाम है। उन्होंने कहा मैंने कुछ साल पहले देश



एनएक्सटी कॉन्क्लेव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते प्रोफेसर वैस्सेलिन पॉपोव्स्की

के सामने वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल की सोच रखी थी और आज हम इस सोच को हकीकत में बदलते देख रहे हैं। मोदी ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर और विमानवाहक पोत बना रहा है तथा इसके मखाना और बाजरा जैसे सुपरफूड (न्यूनतम कैलोरी और अधिकतम पोषक तत्व वाले खाद्य पदार्थ), आयुष उत्पाद तथा योग को दुनिया भर में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत एक प्रमुख ऑटोमोबाइल निर्माता बन गया है और इसका रक्षा निर्यात बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया के सामने बिना किसी पूर्वाग्रह के वैसा ही पेश किया जाना चाहिए, जैसा वह है। उन्होंने कहा, हमें किसी तरह के दिखावे की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि देश की असली कहानियां दुनिया तक उसके असल रूप में पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत वह भूमि है, जिसने दुनिया को शून्य की अवधारणा दी और अब यह अनंत नवोन्मेषों की भूमि बन रहा है। मोदी ने कहा भारत न केवल इनोवेशन (नवोन्मेष) कर रहा है, बल्कि इंडोवेशेन भी कर रहा है, जिसका अर्थ है भारतीय तरीके से नवोन्मेष करना।

उन्होंने कहा कि भारत ऐसे समाधान तैयार कर रहा है जो किफायती, सुलभ और समय के अनुसार ढलने वाले हैं और वह उन्हें बिना किसी बाधा के दुनिया को पेश कर रहा है। उन्होंने कहा जब दुनिया को एक सुरक्षित और लागत प्रभावी डिजिटल भुगतान प्रणाली की आवश्यकता थी, तो भारत ने यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) प्रणाली विकसित की। आज फ्रांस, यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) और सिंगापुर जैसे देश यूपीआई को अपने वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र में एकीकृत कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी के दौरान भारत के टीके ने दुनिया के सामने देश के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा समाधानों को प्रदर्शित किया। उन्होंने कहा कि आरोग्य सेतु ऐप को दुनिया के लाभ के लिए ओपन सोर्स बनाया गया। ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर ऐसा सॉफ्टवेयर होता है, जिसका इस्तेमाल कोई भी निःशुल्क कर सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार का तीसरी बार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जीआरएपी प्रभावित निर्माण श्रमिकों को मुआवजा दें राज्य



नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने हरियाणा, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को निर्देश दिया कि वे दिल्ली-एनसीआर में चरणबद्ध प्रतिक्रिया कार्ययोजना (जीआरएपी) उपायों के कारण गतिविधियों के बंद होने से प्रभावित निर्माण श्रमिकों को अदालती आदेशों के बिना भी मुआवजा दें।

न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि श्रम उपकर के रूप में जुटाई गई धनराशि का उपयोग कर प्रभावित श्रमिकों को मुआवजा दिया जाना चाहिए। दिल्ली-एनसीआर में औसत वायु गुणवत्ता के आधार पर जीआरएपी के तहत प्रदूषण रोधी उपायों को ...शेष पृष्ठ 14 पर

# मणिपुर में जल्द होगी शांति बहाल : शाह

## सुरक्षा बलों को सभी मार्गों पर निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के निर्देश

एजेंसी




नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को सुरक्षा बलों को आठ मार्च से मणिपुर में सभी मार्गों पर लोगों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और बाधा उत्पन्न करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा।

मणिपुर की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र राज्य में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहा है। पूर्वोत्तर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद यह इस प्रकार की पहली बैठक थी। मई 2023 से इंफाल घाटी में मेइती और आसपास की पहाड़ियों पर बसे कुकी-जो समूहों के बीच जातीय हिंसा में 250 से अधिक लोग मारे गए हैं और हजारों लोग बेघर हो गए हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि आठ मार्च से मणिपुर की सभी सड़कों पर लोगों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सड़कों पर अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्वाई की जानी चाहिए। सूत्रों ने कहा कि गृह मंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया। उन्हें राज्य में कानून-व्यवस्था की समग्र स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी गई। शाह ने निर्देश दिया कि मणिपुर की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर निर्धारित प्रवेश बिंदुओं के दोनों ओर बाड़ लगाने का काम जल्द से जल्द पूरा किया जाना चाहिए। गृह मंत्री ने कहा कि मणिपुर को नशा मुक्त बनाने के लिए नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल पूरे नेटवर्क को खत्म किया जाना चाहिए। बैठक में राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# उत्तराखण्ड : हिमस्खलन में चार श्रमिकों की मौत

## सीएम धामी ने माणा गांव में घटनास्थल का किया सर्वेक्षण, घायलों से की मुलाकात

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। चमोली के माणा के पास हुए हिमस्खलन की चपेट में आये 55 श्रमिकों में से 50 श्रमिकों को रेस्क्यू कर लिया गया है। पांच श्रमिकों की खोज जारी है। कंटेनरों को ढूंढने के लिए दिल्ली से जीपीआर रडार मंगवायी जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वयं माणा गांव पहुंचकर बचाव कार्य की मॉनीटरिंग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फोन पर मुख्यमंत्री धामी से रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी ली। रक्षा मंत्री, गृह मंत्री द्वारा निरंतर अपडेट लिया जा रहा है। एवलांच में चार श्रमिकों की मृत्यु होने की सूचना है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने माणा पहुंचकर घटनास्थल का हवाई सर्वेक्षण भी किया। ज्योर्तिमठ के



आर्मी अस्पताल में श्रमिकों से मुलाकात भी की। हैलीपेड पर रेस्क्यू श्रमिकों का भी हाल जाना। मुख्यमंत्री ने बताया कि बीआरओ के कंटेनरों में श्रमिक रह रहे थे। कुल 57 श्रमिकों में से दो श्रमिक ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:18 | 5:03 | 6:08 | 5:13 |



### आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 30.00 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 17.00 डिसे. |

### भीतर पढ़ें

❍ यूपी में प्राकृतिक खेती को मिलेगा विस्तार (पृष्ठ-02)
❍ भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची कल हो सकती है जारी (पृष्ठ-02)
❍ अहमदाबाद बुलेट परियोजना की समीक्षा (पृष्ठ-14)
❍ जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.84 लाख करोड़ (पृष्ठ-14)
❍ जेपी नड्डा ने की जन औषधि

**विशेष खबर** ओवल ऑफिस में ट्रंप व अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ जुबानी जंग के बाद व्हाइट हाउस से चले गये थे जेलेंस्की

# ट्रंप-जेलेंस्की में कहासुनी के बाद यूक्रेन को यूरोपीय देशों का समर्थन

एजेंसी

न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेन के यूरोपीय साझेदारों और दुनिया के अलग-अलग देशों के नेताओं ने जहां जेलेंस्की का समर्थन किया तो वहीं दूसरी ओर व्हाइट हाउस ट्रंप के साथ खड़ा दिखाई दिया।

अमेरिका के राष्ट्रपति के अधिकारिक कार्यालय ओवल ऑफिस में शुक्रवार को ट्रंप और अमेरिकी उपराष्ट्रपति जे डी वेंस के साथ अप्रत्याशित जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की व्हाइट हाउस से चले गए। दोनों नेताओं के बीच तीखी बहस और इसके परिणामस्वरूप यूक्रेनी नेता के प्रति उमड़े समर्थन ने यूक्रेन के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोप के बीच उभरी गहरी दरार को उजागर कर दिया है। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेयेन ने एक्स पर लिखा, आपने जो गरिमा दिखाई, उसने यूक्रेन के लोगों की बहादुरी को दर्शाया है। मजबूत, बहादुर और निडर बने रहें, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए



आपके साथ काम करते रहेंगे। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने एक्स पर लिखा एक हमलावर हैः रूस। एक पीड़ित हैः यूक्रेन। हमारा तीन साल पहले यूक्रेन की मदद करना और रूस पर प्रतिबंध लगाना सही था - और ऐसा करते रहना सही भी है। मैक्रों ने कहा, हमारे से मेरा तात्पर्य अमेरिकी, यूरोपीय, कनाडाई, जापानी और कई अन्य से है। उन्होंने कहा उन सभी का आभार जिन्होंने मदद की और कर रहे हैं। उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं जो शुरू से ही लड़ रहे हैं-क्योंकि वे अपनी गरिमा, अपनी स्वतंत्रता, अपने बच्चों और यूरोप की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। ट्रंप की करीबी सहयोगी मानी जाने वाली इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि वे कूटनीति को पुनः पटरी पर लाने के लिए यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच शिखर सम्मेलन का आह्वान करेंगी। उन्होंने एक बयान में कहा अमेरिका, यूरोपीय देशों और सहयोगियों के बीच तत्काल एक शिखर सम्मेलन आयोजित किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें इस बारे में खुलकर बात की जाए कि हम आज की बड़ी चुनौतियों से कैसे निपटना चाहते हैं। इसकी शुरुआत यूक्रेन से हो, जिसका हमने हाल के वर्षों में मिलकर बचाव किया है। जर्मनी के अगले संभावित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने एक्स पर लिखा, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की, हम अच्छे और मुश्किल समय में यूक्रेन के साथ खड़े हैं। हमें इस भयानक युद्ध में कभी हमलावर और पीड़ित को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए।

# यूपी : सड़क हादसों ने ली 12 की जान, 33 घायल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। आगरा, मैनपुरी, महाराजगंज, सहारनपुर, बलिया और लखीमपुर जिले में हुए सड़क हादसों में 12 लोगों की मौत हो गई जबकि 33 अन्य घायल हो गए।

आगरा में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह खड़े ट्रक में वाराणसी से जयपुर जा रही यात्री बस टकरा गई जिससे चार लोगों की मौत होगई जबकि 19 यात्री घायल हो गए। मृतकों में से तीन की पहचान राजस्थान निवासी गोविंद (68), रमेश (45), और आगरा निवासी दीपक वर्मा (40) के तौर पर हुई है जबकि एक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

वहीं, मैनपुरी जिले में एक ही कंटेनर ट्रक से जुड़े अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा ने कहाकि शुक्रवार देर शाम भूसालदे कंटेनर ने दो महिलाओं को कुचल दिया। हादसे में तारा देवी (40) की मौके पर ही मौत हो गई और उनकी बहू और पोती घायल हो गईं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहीं, कुरौली में कंटेनर ने खिरिया पीपल गांव की दिव्या (28) को कुचल दिया, जो अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रही थी। गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

# 15 तक पूर्ण करें लंबित भूमि अधिग्रहण व मुआवजा वितरण कार्रवाई : योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विभिन्न जिलों में क्रियान्वित की जा रहीं विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण तथा मुआवजा वितरण की कार्रवाई आगामी 15 मार्च तक पूरी कर ली जाए। लोकमहत्व से जुड़ी विकास परियोजनाओं की समयबद्धता आवश्यक है। इससे रोजगार सृजन के साथ.साथ आम जनमानस के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

मुख्यमंत्री शनिवार को अपने सरकारी आवास पर केन्द्र व राज्य सरकार से सम्बन्धित विकास परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न जिलों के जिलाधिकारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्मिलित हुए। उन्होंने कहा कि परियोजना में देरी से कॉस्ट रिवाइज करने की आवश्यकता पड़ती है, जिससे राजस्व पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। विकास परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन भूमि अधिग्रहण/मुआवजा वितरण की नियमित समीक्षा करते हुए प्रभावित किसानों/परिवारों से संवाद स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिलाधिकारी प्रत्येक सप्ताह व मण्डलायुक्त प्रत्येक 15 दिन पर विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करें और मुख्यमंत्री कार्यालय, मुख्य सचिव कार्यालय व सम्बन्धित विभागों के उच्चाधिकारियों को अवगत कराते हुए टिप्पणी भेजें। सामान्य नागरिक विकास चाहता है। उसे विकास के अच्छे परिणामों से अवगत कराएं। मुआवजे के लिए सर्किल रेट की जानकारी उसे पहले से ही उपलब्ध करा दी जाए। प्रारम्भ हो चुके प्रोजेक्ट्स में नोडल अधिकारियों की निश्चित रूप से तैनाती हो। साथ ही, कार्यों की गुणवत्ता व समयबद्धता का पूर्ण ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रेटर नोएडा में ईएसआईसी के 350 और गोरखपुर में 100 बेड के हॉस्पिटल निर्माण की कार्रवाई को समयबद्ध रूप से आगे बढ़ाएं। इस कार्य में आ रही समस्याओं का तत्काल समाधान भी निकाला जाए। ग्रेटर नोएडा में हॉस्पिटल निर्माण से लगभग एक हजार प्रत्यक्ष तथा दो-तीन हजार अप्रत्यक्ष रोजगार का सृजन होगा। विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने वाले लोगों को चिन्हित करें और उनसे सख्ती से निपटें। मुख्यमंत्री ने जनपद वाराणसी से जुड़े कई विकास कार्यों के बारे में भी जानकारी ली और इन कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास और रोजगार सृजन ही हमारा लक्ष्य है। इसके लिए जीरो पेंडेन्सी की अवधारणा पर कार्य करें।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की केंद्र व राज्य सरकार से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा**



## यूपी में प्राकृतिक खेती को मिलेगा विस्तार

**लखनऊ।** यूपी में अब केवल गंगा ही नहीं स्थानीय नदियों के दोनों किनारे पर 5/5 किलोमीटर के दायरे में सिर्फ प्राकृतिक खेती होगी। इसके चलते 1886 क्लस्टर बनाए जाएंगे। योगी सरकार इस पर 270.62 करोड़ रुपए खर्च करेगी। हाल में हुई राज्य स्तरीय कृषि समिति की बैठक में इस कार्ययोजना को मंजूरी भी मिल चुकी है। इसके पूर्व कैबिनेट में भी प्राकृतिक खेती और खेत तालाब योजना के लिए इसके पूर्व भी 1191.51 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली थी। हाल ही में योगी सरकार की ओर से प्रस्तुत बजट में भी नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के तहत प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने के लिए 124 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। दरअसल खेतीबाड़ी के स्थाई और टिकाऊ विकास पहले कार्यकाल से ही योगी सरकार की प्राथमिकता रही है। सरकार इसे लगातार विस्तार देने के साथ इसके लिए भरपूर पैसा और किसानों को प्रोत्साहन भी दे रही है। इसके लिए बीज से लेकर बाजार तक सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों के साथ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद हर संभव मंच से किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित करते हैं। सरकार की योजना है कि प्रदेश में गंगा सहित सभी स्थानीय नदियों जिन जिलों से गुजरती है उनके दोनों किनारों पर एक दायरे में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन दिया जाए। ऐसी खेती जिसमें रासायनिक खादों और जहरीले कीटनाशकों की जगह उपज बढ़ाने और फसलों के सामयिक संरक्षण के लिए पूरी तरह जैविक उत्पादों का प्रयोग हो ताकि लीचिंग रिसाव के जरिए रासायनिक खादों एवं कीटनाशकों का जहर इन नदियों में घुलकर उनको प्रदूषित न कर सकें। उल्लेखनीय है कि गंगा के तटवर्ती 27 जनपदों में पहले से ही नमामि गंगे योजना चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत रसायनमुक्त खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार गंगा के किनारे के 1000 से अधिक गांवों में प्राकृतिक खेती हो रही है। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 54 जनपदों में परंपरागत कृषि विकास योजना संचालित की जा रही है। सरकार की मंशा निराश्रित गोवंश के नाते सबसे प्रभावित बुंदेलखंड को प्राकृतिक खेती के लिहाज से उत्तर प्रदेश का हब बनाना है। योगी सरकार से ही यह सिलसिला शुरू हो चुका है। जिन करीब 5000 क्लस्टर्स में 18000 से अधिक किसान लगभग 10 हजार हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं उनमें नमामि गंगे योजना के तहत करीब 3300 क्लस्टर्स में लगभग 6500 हैक्टेयर में प्राकृतिक खेती हो रही है। इस खेती से जुड़े किसानों की संख्या एक लाख से अधिक है। इस तरह देखा जाये तो जैविक खेती का सर्वाधिक रकबा गंगा के मैदानी इलाके का ही है। इंडो-गंगेटिक मैदान का यह इलाका दुनिया की सबसे उर्वर भूमि में शुमार होता है। इसी नाते ऑर्गेनिक फार्मिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की ओर से नवम्बर 2017 में इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में आयोजित जैविक कृषि कुंभ में विशेषज्ञों ने यह संस्तुति की थी गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित किया जाय।

- **270.62 करोड़ रुपये खर्च करेगी योगी सरकार**

# फल, शाकभाजी व अन्य औद्यानिक क्रियाकलापों को दिया जा रहा बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण बीएल मीणा ने बताया कि उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा उच्च गुणवत्ता की रोपण सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एवं हाईटेक नर्सरी की स्थापना, वन ब्लाक वन क्रॉप पर विशेष जोर एवं विश्व बाजार के अनुरूप उच्च गुणवत्ता बीज के आयात एवं उप्र प्रदेश से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए राज्य औद्यानिक निर्यात प्रोत्साहन बोर्ड का गठन किया गया है तथा 165 देशों के राजनयिकों को राज्य में उपलब्ध विविध औद्यानिक उपजों के निर्यात के लिए मांग-पूर्ति के लिए पत्राचार भी किया गया है।

- **बजट वेबिनार ऑन एग्रिकल्चर एण्ड रूरल प्रॉस्पेरिटी कम्प्रीहेन्सिव प्रोग्राम फॉर वेजिटेबल्स एण्ड फ्रूट्स कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े अपर मुख्य सचिव**




प्रदेश के अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण शनिवार को आयोजित पोस्ट बजट वेबिनार ऑन एग्रिकल्चर एंड रूरल प्रॉस्पेरिटी कम्प्रीहेन्सिव प्रोग्राम फॉर वेजिटेबल्स एंड फ्रूट्स कार्यक्रम में वर्चुअली प्रतिभाग कर रहे थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ने प्रदेश में फल, शाकभाजी तथा अन्य औद्यानिक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रमुख प्रयासों के बारे में कई जानकारियां दीं। प्रदेश में फल एवं शाकभाजी के 5 सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स, 23 मिनी सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स एवं मनरेगा से कन्वरजेन्स के माध्यम से हाईटेक नर्सरी स्थापित करायी जा रही हैं, जिससे किसानों को गुणवत्ता युक्त नर्सरी पौध तैयार कर उपलब्ध कराई जाएगी। जनपद हापुड़ एवं कुशीनगर में सेन्टर ऑफ ऐक्सीलेन्स फॉर पोटेटो की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। इंटरनेशनल पोटेटो सेन्टर, लीमा, पेरू का साउथ एशिया केन्द्र के रूप में आगरा में नया केन्द्र स्थापित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में औद्यानिकी के विकास के लिए उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण द्वारा केन्या, बेलजियम एवं नीदरलैण्ड के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किए हैं। 8 फरवरी 2025 को राजभवन, लखनऊ में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय आलू क्रेता-विक्रेता सम्मेलन में, आलू के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए, फ्रेश वेजिटेबल्स एंड फ्रूट्स एक्सपोर्ट एसोसिएशन मुम्बई एवं प्रदेश के आलू से सम्बन्धित एफपीओ के मध्य 6 एमओयू हस्ताक्षरित किये गये। प्रदेश में खजूर एवं फूलों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए क्रमशः जोधपुर विश्वविद्यालय एवं एनबीआरआई लखनऊ के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किये हैं। प्रदेश में ड्रैगन फ्रूट्स, स्ट्राबेरी, शहद एवं कैक्टस के विकास के लिए सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना प्रस्तावित है। प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देने के लिए उप्र खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 संचालित है। प्रदेश में सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों के व्यापक अंगीकरण के लिए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त टॉपअप सहित 90 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। इस अवसर पर निदेशक उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण वीबी द्विवेदी सहित वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रेनों को बदले मार्ग व नियंत्रित कर चलाया जायेगा

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के टिनिच-गौर-बभनान रेल खण्ड पर इंजीनियरिंग कार्य हेतु अप लाइन पर ब्लाक दिये जाने के कारण 06 मार्च को गोरखपुर से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 05577 सहरसा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती- गोंडा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। 04 मार्च एवं 11 मार्च को गोरखपुर से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर-बस्ती- गोंडा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर-बढ़नी-गोंडा के रास्ते चलाई जायेगी। 04 मार्च एवं 11 मार्च को बस्ती स्टेशन से चलने वाली गाड़ी संख्या 14232 बस्ती-प्रयागराज संगम इंटरसिटी एक्सप्रेस को बस्ती स्टेशन पर 90 मिनट रीशेड्यूल किया जाएगा।

## यूपी पीसीएस प्री परीक्षा में समाज कल्याण विभाग की कोचिंग से 250 से अधिक अभ्यर्थी उत्तीर्ण

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र, भागीदारी भवन एवं मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से निःशुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्राप्त 250 से अधिक परीक्षार्थियों ने उत्तर प्रदेश सम्मिलित राज्य/ प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्रा.) परीक्षा 2024 में मुख्य परीक्षा के लिए सफलता प्राप्त की है।

समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि अलीगंज स्थित आदर्श पूर्व परीक्षा प्रशिक्षण केंद्र से 33 छात्राएं पीसीएस प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुई हैं, भागीदारी भवन स्थित कोचिंग से 140 से अधिक एवं हापुड़ स्थित राजकीय आईएएस/पीसीएस कोचिंग केंद्र से 66 छात्र छात्राएं यूपी पीसीएस2024 की प्रारंभिक परीक्षा में सफल हुए है। प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर छात्र, छात्राओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाने के लिए समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री अभ्युदय कोचिंग एवं प्रदेश में 8 निःशुल्क कोचिंग का सञ्चालन किया जाता है. जिसमें वरिष्ठ आई ए एस, पीसीएस एवं विषय विशेषज्ञों द्वारा अभ्यर्थियों का मार्ग दर्शन किया जाता है। प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा एवं इंटरव्यू के लिए भी तैयारी कराई जाती है।

## कॉर्पोरेट भूमाफियाओं के लिए किसानों की जमीन सरकार बेच रही : लोकदल

**लखनऊ।** नोएडा फिल्म सिटी का ठेका बड़े उद्योगपतियों भूटानी ग्रुप और बोनी कपूर की कंपनी के हाथ बेचा जाने को लेकर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि यमुना अथॉरिटी के अधिकारी, बोनी कपूर और आशीष भूटानी ग्रुप को फिल्म सिटी के निर्माण कार्य को अनियमिताओं और किसानों को भ्रमित करके दिया जा रहा है किसानों की जमीन बिना उनके सहमति से जबरन ली गयी है।उन्होंने आरोप लगाया है कि किसानों से रजामंदी लिए बगैर और सामाजिक प्रभाव आकलन किए गए बैगर भूटानी ग्रुप कंपनियों और कॉरपोरेट भूमि माफियों के लिए सरकार जमीन फिल्म सिटी के नाम पर औने-पौने दाम पर बेच दी है। देश और प्रदेश में पूंजीवाद हावी हो गया है। पूंजीपतियों ने एक राजनीतिक दल पर कब्जा कर लिया है। इसी के जरिए वे देश और प्रदेश में लूट मचा रहे हैं। सरकार किसानों की जमीन छीनना चाहती है और उद्योगपति जमीन को खरीदना चाहता है। विकास और फिल्म सिटी के नाम पर किसानों की जमीनों की लूट हो रही है। सिंह ने सरकार से लेकर अधिकारियों तक को ठग बताया। इस तरह के टेंडर को छुपाकर निकाला है, जिससे सरकार के कार्य को देखकर ऐसा लगता है कि सरकार उद्योगपतियों के लिए काम कर रही है। उन्होंने सरकार को चेताया है कि किसानों की जमीन को लेकर सरकार अपनी फिल्म सिटी, मुंबई की तर्ज पर, हैदराबाद की तर्ज पर बनाये न कि उद्योगपतियों को देकर। किसानों को इससे सावधान रहना की जरूरत है। सरकार की नीयत और नीति के खिलाफ लोकदल किसानों की ताकत के साथ तब तक लड़ता रहेगा, जब तक किसानों के साथ सरकार न्याय नहीं करती।

## सर्वोदय विद्यालयों में राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा से होगा बच्चों का दाखिला

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदेश भर में संचालित जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों में दाखिले के लिए इस वर्ष से राज्य स्तरीय प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होंगे. कक्षा 6, 7, 8 और 9 में एडमिशन के लिए ऑनलाइन फॉर्म 15 मार्च तक भरे जा सकते हैं। समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बताया कि इन विद्यालयों में अभ्युदय कोचिंग के अंतर्गत जेईई/नीट के कैरियर काउंसिलिंग की सुविधा भी उपलब्ध होगी, जिससे छात्र-छात्राओं को शुरू से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा सके। समाज कल्याण विभाग के उप निदेशक जे. राम ने बताया कि सभी स्कूल कम्प्यूटर/टैब एवं आधुनिक विज्ञानं प्रयोगशाला से सुसज्जित हैं. जहां छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। विद्यालय यूपी बोर्ड तथा सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। बालक, बालिकाओं के लिए अलग अलग आवासीय विद्यालाओं की सुविधा उपलब्ध है। विद्यालयों में बच्चों को निःशुल्क भोजन, आवास आदि प्रदान किया जाता है। इन विद्यालयों में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए 60 प्रतिशत, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 25 प्रतिशत एवं सामान्य वर्ग के लिए 15 प्रतिशत सीट आरक्षित है।

# फूलन देवी हत्याकांड की सीबीआई जांच हो : निषाद

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के तत्वावधान में निकाली जा रही संवैधानिक अधिकार यात्रा दूसरे चरण के दूसरे दिन शनिवार को जालौन पहुंची। पार्टी अध्यक्ष एवं कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद के नेतृत्व में यात्रा जनपद में काल्पी सीमा से प्रवेश किया। यात्रा का जनपद में भ्रमण के दौरान मछुआ समाज ने स्वागत किया।

निषाद पार्टी के तत्वावधान में 30 नवंबर को सहारनपुर के मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ से निषाद समाज के हक-हकूक की मांगो को लेकर संवैधानिक अधिकार यात्रा का शुभारंभ किया गया था। प्रथम चरण में यात्रा ने 79 दिवस तक निषाद बाहुल्य विधानसभाओं में मछुआ समाज के बहुप्रतीक्षित मुद्दे संवैधानिक मछुआ एससी आरक्षण को लेकर निषाद पार्टी व डॉ संजय निषाद द्वारा उठाये गये अभी तक के महत्वपूर्ण कदमों से अवगत कराया गया है।

संजय निषाद ने देवकली में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जालौन में आकर पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की याद पुनः ताजा हो गयी है। निषाद पार्टी हमेशा से वीरांगना फूलन देवी के आदर्शों पर चलने का काम करती रही है और आगे भी उनके आदर्श और उसूलों से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बीते दिन 28 फरवरी को उन्होंने उत्तर प्रदेश की विधानसभा में फूलन देवी के हत्याकांड की सीबीआई जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि निषाद पार्टी आने वाले दिनों में फूलन देवी हत्याकांड की जांच की सीबीआई जांच की मांग को लेकर अपनी लड़ाई और तेज करेगी। वीरांगना फूलन देवी मछुआ समाज ही नहीं विश्व की उन सभी महिलाओं के लिए आदर्श थी जिनके साथ शोषण किया गया हो, वो नारी शक्ति की मिशाल थी आखिर उनकी हत्या के पीछे किन लोगो का हाथ था वो किस राजनीतिक पार्टी से तालुकात रखते थे, ये सच मछुआ समाज के साथ-साथ हर कोई जानना चाहता है। उन्होंने कहा कि फूलन देवी का जीवन दर्शन बताता है कि कभी व्यक्ति को सत्ता के लोभ और लालच में नहीं पड़ना चाहिए क्योंकि ये सत्ताधीश लोग अपने मुनाफे के लिए किसी की भी हत्या करवा सकते है। मछुआ समाज के विभीषणों ने फूलन देवी समेत समाज के सभी बलिदानियों की शहादत को दूसरी पार्टियों में बेचने का काम किया था और आज पुनः जो षड्यंत्र इन्होंने विभीषणों ने फूलन देवी के प्रति अपनाये थे वो ही निषाद पार्टी और डॉ संजय निषाद के लिए भी अपनाये जा रहे हैं लेकिन मैं इनको बताना चाहता हूं कि तुम जीतने फूलन और संजय को मारोगे-हर मछुआरा संजय और फूलन बनकर निकलेगा के सिद्धांत पर निषाद पार्टी का कार्यकर्ता आज मछुआ समाज के हक-हकूक, मान-सम्मान की लड़ाई लड़ रहा है।

- **निषाद पार्टी प्रमुख व मंत्री के नेतृत्व में जालौन से दूसरे चरण की यात्रा का आगाज**

## मैं आपके सुझावों को सुनने के लिए उत्सुक हूं : पाठक

**लखनऊ।** बॉम्बे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स सोसायटी (बीसीएएस) ने शनिवार को लखनऊ, उत्तर प्रदेश में अपनी 58वीं मेंबर्स रेजिडेंशियल रिफ्रेशर मीटिंग का समापन किया। इस वार्षिक कार्यक्रम में 200 चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ने भाग लिया। जिससे ज्ञान के आदान-प्रदान, नेटवर्किंग और पेशेवर विकास को बढ़ावा मिला। चार दिवसीय पाठ्यक्रम में कई सत्र थे जिनमें बुनियादी अवधारणाओं को दोहराया गया, जबकि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को विकसित हो रहे वित्तीय परिदृश्य में नैविगेट करने के लिए आवश्यक कौशल से लैस किया गया। कार्यक्रम के तहत, बीसीएएस के पदाधिकारियों ने अयोध्या में प्रतिष्ठित राम मंदिर का भी दौरा किया, जिससे सभा में एक सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव का भी अहसास हुआ। शनिवार को कार्यक्रम के आखिरी दिन उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने बीसीएएस के सदस्यों को बताया कि उत्तर प्रदेश अवसरों की भूमि है, और यहाँ व्यापार करने में आने वाली चुनौतियों पर भी बात की। उन्होंने कहा, ₹मैं आपके सुझावों और सिफारिशों को सुनने के लिए उत्सुक हूं कि हम अपनी नीतियों और पहलों को कैसे आगे बढ़ा सकते हैं। हम आपके मूल्यवान इनपुट को हमारे सरकारी नीतियों में शामिल करने के लिए तैयार हैं, यह सुनिश्चित करते हुए कि हम एक साथ मिलकर एक मजबूत और अधिक समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण करें।₹ उन्होंने राज्य में स्कूलों, मेडिकल कॉलेजों आदि के रूप में बुनियादी ढांचे के निर्माण पर सरकार के फोकस के बारे में भी बताया। उन्होंने राज्य में मौजूद विशाल उद्यमशीलता के अवसरों के बारे में भी बताया और दूर देशों में निवेशकों और उद्यमों तक पहुंचने के लिए सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डाला।




इस कार्यक्रम की सफलता पर बीसीएएस के प्रेसिडेंट सीए आनंद बाथिया ने कहा, इस साल का रेजिडेंशियल रिफ्रेशर कोर्स हमारे प्रतिभागियों के लिए अपने ज्ञान को बढ़ाने, विचारों का आदान-प्रदान करने और उद्योग में हो रही तरक्की से आगे रहने का एक शानदार मौका रहा।

# भाजपा जिलाध्यक्षों की सूची कल तक हो सकती है जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में भाजपा के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा 3 मार्च तक हो सकती है। प्रदेश संगठन ने 98 में से 80 जिलों के लिए नाम तय कर केंद्रीय नेतृत्व को पैनल भेज दिया है। 29 जिलाध्यक्षों को हटाये जाने की संभावना है, जो दो कार्यकाल पूरे कर चुके हैं या जिन पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं।

- **भ्रष्टाचार और विरोध झेल रहे नेता होंगे बाहर**
- **इस बार पिछड़े के साथ दलित और महिलाओं को संगठन में दी जायेगी वरियता**
- **पहली बार में करीब 98 में से 80 संगठनात्मक जिलों के अध्यक्ष की आयेगी सूची**

यह संख्या करीब 35 तक भी जा सकती है। प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजी गयी सूची पर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष अंतिम निर्णय लेंगे। फिलहाल पहले चरण में 70 से 80 जिलों के जिलाध्यक्षों की नियुक्ति होगी। नये जिलाध्यक्षों में ओबीसी वर्ग की भागीदारी सबसे अधिक होगी। वर्तमान में 36 जिलाध्यक्ष इस वर्ग से हैं नई सूची में यह संख्या 30 से अधिक हो सकती है। भ्रष्टाचार और विरोध झेल रहे कई जिलाध्यक्षों को हटाने का निर्णय लिया गया है।

इनमें अंबेडकरनगर के त्रयंबक तिवारी, रायबरेली के बुद्धिलाल पासी, लखनऊ के विनय प्रताप सिंह और फतेहपुर के मुखलाल पाल प्रमुख नाम हैं। इसमें त्रयंबक तिवारी पर कार्यकर्ताओं के साथ व्यवहार को लेकर शिकायतें हैं। बुद्धिलाल पासी की 60 वर्ष की उम्र पार हो चुकी है और कार्यक्षमता को लेकर सवाल उठ रहे है। वहीं, विनय प्रताप सिंह का नाम प्लॉट लेन-देन विवाद में फंसा। जबकि मुखलाल पाल पर पद दिलाने के नाम पर 50 लाख रुपये वसूली का आरोप लगा है। नये जिलाध्यक्षों में अनुसूचित जाति और महिलाओं की संख्या बढ़ेगी। वर्तमान में 4 महिला और 4 अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष हैं। यह संख्या अब 15 से 20 तक हो सकती है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पीडीए का जवाब देने के लिए इस बार भाजपा में भी पिछड़ा, दलित और महिलाओं को वरियता दी जायेगी। प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद प्रदेश पदाधिकारियों की नई टीम बनेगी जिसमें 3 से 6 महीने का समय लग सकता है। सभी 6 संगठनात्मक क्षेत्रों में नए क्षेत्रीय अध्यक्ष बनाये जायेंगे। भाजयुमो, ओबीसी मोर्चा, एससी मोर्चा, किसान मोर्चा और महिला मोर्चा के नए प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त होंगे। सभी अग्रिम प्रकोष्ठ और विभागों की भी नई टीम गठित होगी।




**क्षेत्रीय व जातीय समीकरण के आधार पर होगी नियुक्ति :** भाजपा आगामी पंचायत चुनाव 2026 और विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति कर रही है। हर जाति को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक की कार्यकारिणी और अग्रिम मोर्चों में 25 हजार से अधिक कार्यकताओं को संगठन में स्थान मिलेगा। यह पूरी प्रक्रिया 2025 के अंत तक पूरी हो सकती है। इस साल भाजपा संगठन को मजबूत करने में ध्यान देंगी ताकि भविष्य के चुनावों में अच्छा प्रदर्शन कर सकें।

## राजकीय आईटीआई में 5-6 मार्च को कैम्पस ड्राइव

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, सोनीपत (हरियाणा) द्वारा 5 एवं 6 मार्च 2025 को कैम्पस ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि यह भर्ती प्रक्रिया केवल पुरुष अभ्यर्थियों के लिए होगी, जिसमें चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। 5 मार्च को लिखित परीक्षा होगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को 6 मार्च को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एवं प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खां ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को 28,000 रूपये मासिक वेतन मिलेगा, साथ ही कंपनी नियमों के अनुसार भोजन, यूनिफॉर्म एवं जूते जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जायेंगी। इस कैम्पस ड्राइव में भाग लेने के लिए अभ्यर्थियों को हाईस्कूल में न्यूनतम 40 प्रतिशत अंक एवं राजकीय या निजी आईटीआई से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आयु सीमा 18 से 26 वर्ष निर्धारित की गई है।

## धूमधाम से मनाया गया सीएम नीतीश का जन्मदिन

**लखनऊ।** जनता दल यूनाइटेड उत्तर प्रदेश के प्रदेश कार्यालय में जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन्म दिवस को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एवं सभी साथियों को जन्म दिन की बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दिया और आशा व्यक्त किया कि आपके संरक्षण एवं कुशल नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर तेजी से बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर सभी साथियों ने संकल्प लिया कि अपने नेता की नीतियों एवं विचारों पर चलते हुए हम सभी उत्तर प्रदेश में पार्टी संगठन को मजबूत करने का भरपूर प्रयास करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के चित्र के सामने एक विशाल केक काटा गया और एक दूसरे को केक और लड्डू खिला कर खुशी मनाई गई। प्रदेश कार्यालय प्रांगण में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष अमर सिंह कटियार, प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर पटेल, प्रदेश महासचिव सुभाष पाठक, प्रदेश प्रवक्ता कुंवर अजय सिंह, प्रदेश कार्यालय प्रभारी ओम प्रकाश वर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे



**महत्वपूर्ण नंबर**
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

**फायर स्टेशन**
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

**एम्बुलेंस**
मेडिकल सेवा- 102, 108



# रमजान पर सुरक्षा सख्त, अफवाह फैलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

- डीजीपी ने कई निर्देश दिए मातहतों को, प्रमुख स्थानों पर गश्त के आदेश फ्लैग मार्च भी निकालेगी पुलिस

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार नें रमजान एवं ईद उल फितर के त्योहारों को लेकर अपने मातहतो को अलर्ट करते हुए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध करने के दिशा-निर्देश दिए है।

प्रदेश के सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक और पुलिस आयुक्त और परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा पुलिस अधीक्षक व प्रभारी अधिकारी से कहा है कि प्रत्येक थाने पर उपलब्ध त्योहार रजिस्टर एवं रजिस्टर नं0-8 में उपलब्ध प्रविष्टियों का अध्ययन कर लिया जाय तथा असामाजिक व अवॉछनीय तत्वों की सूची को अद्यावधिक करते हुए उनके विरूद्ध कड़ी निरोधात्मक कार्रवाई की जाये।डीजीपी प्रशांत कुमार नें कहा कि सभी कार्यक्रम के आयोजकों और पीस कमेटी एवं धर्मगुरूओं के साथ गोष्ठी कर ली जाये। गोष्ठी में सम्बन्धित मजिस्ट्रेट एवं अन्य विभागों के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर त्योहारों से सम्बन्धित समस्त समस्याओं का समाधान समय से करा लिया जाय।रमजान माह में विभिन्न कार्यक्रमों जुलूसों के मार्ग पर वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर से भ्रमण व समुचित पुलिस व पीएसी बल एवं उपलब्ध सीएपीएफ के साथ फ्लैग मार्च कराया जाये।डीजीपी ने कहा कि ड्रोन कैमरे के माध्यम से आयोजन स्थलों, संवेदनशील स्थानों, मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों की निगरानी की जाये तथा जुलुस के मार्गों एवं हॉट स्पाट पर प्रर्याप्त/सुदृढ़ पुलिस प्रबन्ध किया जाये। डीजीपी नें कहा कि दंगा नियंत्रण उपकरणों की गुणवत्ता, उपलब्धता सुनिश्चित कर ली जाये तथा उन्हें महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्राइकिंग रिजर्व के साथ व्यवस्थापित किया जाये। डीजीपी नें कहा कि जनपद में उपलब्ध पुलिसबल की समीक्षा कर ली जाये एवं अधिकाधिक संख्या में पुलिस बल का शांति व्यवस्था बनाये रखने में उपयोग किया जाये। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में समुचित पुलिस प्रबन्ध कर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा समाज में विद्वेष फैलाने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। डीजीपी नें कहा कि जनपद में स्थापित सीसीटीवी कैमरो को सूचीबद्ध करते हुए सक्रिय रखा जाये तथा जहाँ भी वृहद कार्यक्रम आयोजित हो वहाँ नये सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराते हुए निगरानी रखी जाये एवं नियमित मोबाइल गश्त और फुट पेट्रोलिंग करायी जाये।

डीजीपी ने कहा कि यू0पी0 112 के वाहनो का व्यवस्थापन संवेदनशील मार्गो, स्थलों पर किया जाये तथा पीआरवी वाहनो के कर्मियों को विधिवत ब्रीफ कर दिया जाये। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फॉर्म पर सतर्क दृष्टि रखा जाये, असत्य एवं भ्रामक सूचना प्रसारित होने पर तत्काल उसका प्रभावी खण्डन किया जाये। डीजीपी ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में पोस्टर पार्टी का गठन कर प्रातःकाल समस्त धार्मिक स्थलों की नियमित चेकिंग सुनिश्चित की जाये। नियंत्रण कक्ष/उप नियंत्रण कक्ष सुचारू रूप से व्यवस्थापित किये जाये तथा त्वरित सूचना प्रेषण एवं उस पर कार्यवाही की सुदृढ़ प्रक्रियायें निर्धारित की जायें। डीजीपी ने कहा कि आसूचना तंत्र को और अधिक सक्रिय व सतर्क रखा जाय तथा विभिन्न असामाजिक, अवॉछनीय एवं साम्प्रदायिक तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखते हुए छोटी से छोटी सूचना को भी अत्यन्त गम्भीरता से लेकर कड़ी कार्रवाई की जाये डीजीपी ने मतहतो से कहा कि दिए गये निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाये, किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

## लखनऊ में चोकर व्यापारी के अपहरण की फिराक में भटक रहे तीन अंतर्जनपदीय बदमाश गिरफ्तार

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** चोकर व्यापारी के अपहरण के फिराक में कूट रचित नम्बर प्लेट लगी आई 20 कार से भटक रहे तीन अंतर्जनपदीय बदमाश को शुक्रवार शाम कृष्णा नगर एवं डीसीपी दक्षिणी क्राइम टीम ने सर्विलांस की मदद से कृष्णा नगर पुलिस ने थाना क्षेत्र स्थित लोकबंधु अस्पताल के पास से गिरफ्तार कर लिया। वहीं पुलिस ने गिरफ्त में आए बदमाशों के कब्जे से एक कूटरचित नंबर प्लेट आई 20 कार, एक पिस्टल, एक रिवाल्वर व तमंचा समेत जिन्दा कारतूस बरामद किया है जिनके खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट सहित अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस ने पूछताछ में पकड़े गए शातिरों ने अपना परिचय इमरान अहमद पुत्र मेराज अहमद निवासी सलारगंज थाना दरगाह शरीफ बहराईच, नियाज पुत्र वली मोहम्मद निवासी गंगबारा थाना देवा शरीफ जनपद बाराबंकी एवं राजू पुत्र मजीद अहमद निवासी कुकरैल नाले के किनारे अकबरनगर थाना इंदिरा नगर मुलपता ग्राम चंदना थाना मोहम्मदपुर जनपद बाराबंकी के रूप में देते हुए पुलिस पूछताछ बताया कि बहराइच के रहने वाले चोकर व्यापारी मनीष अग्रवाल व लखनऊ निवासी चोकर व्यापारी मनीष अग्रवाल से 42 लाख रुपये का लेन देन को लेकर विवाद हुआ था जिस पैसे को वसूलने का ठेका उन्हें बहराइच निवासी मनीष अग्रवाल ने दिया था। जिसके एवज में उन्हें दस हजार रुपये का अग्रिम भुगतान प्राप्त भी हुआ था। जिसके चलते वह लखनऊ के नाका थाना क्षेत्र में मनीष अग्रवाल नाम के चोकर व्यापारी का अपहरण करने आए थे और अपहरण के फिराक में पिछले कई दिनों से भटक रहे थे लेकिन घटना को अंजाम देने के पूर्व ही पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पुलिस उपायुक्त ने के अनुसार गिरफ्त में आए बदमाश पेशेवर अपराधी है जिनके खिलाफ लखनऊ समेत बाराबंकी, बहराइच में दर्जनों आपराधिक मुकदमे दर्ज है और कई बार जेल भी जा चुके है।डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने तीनों बदमाशों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार की घोषणा करते हुए बताया कि बहराइच निवासी मनीष अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान कृष्णा नगर एसीपी सौम्या पाण्डेय, कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी पी के सिंह सहित उपनिरीक्षक विनीत कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि पुलिस पूछताछ के दौरान गिरफ्त में आए बदमाश इमरान ने बताया कि वह कुछ दिन पूर्व उसने नाका थाना क्षेत्र में रहने वाले व्यापारी मनीष अग्रवाल को धमकाया भी था। जिसके बाद वह अपने साथियों के साथ आई 20 कार से व्यापारी मनीष अग्रवाल का अपहरण करने के मंसूबे से आया था। किंतु वह सब कृष्णानगर पुलिस ने उसे उसके साथियों संग दबोच लिया।

## ईंट पत्थर से हमला, कपड़े फाड़े, मुकदमा दर्ज

लखनऊ ।बिजनौर इलाके में आपस में हो रहे झगड़े के बिचबचव में पहुंची महिला पर ईंट पत्थर से हमला कर दिया ।इस हमले में महिला के पैर में चोटे आई है। महिला ने आरोपी के खिलाफ थाने पर मुकदमा दर्ज कराया है।

बिजनौर के माती का मजरा गांधी नगर निवासी महेंद्र नाथ ने पुलिस को बताया कि मेरी छोटी बहु और पड़ोसी की पत्नी रिक्की पत्नी मिथलेश का आपस में झगड़ा चल रहा था ।जिसका बीच बचाव करने पहुंची पत्नी और दूसरी ओर से मिथलेश ,दिनेश , जगराज एवम उनके पुत्र देवेश ,दद्दू , बीना ने ईंट पत्थर से हमला कर दिया ।इससे महिला के पैर में चोट आ गई ।इसके बाद महिला थाने की ओर जाने लगी तब इन लोगो ने पूछा कर मुझे और मेरी पत्नी को मारा पीटा ।जिस्सेमेरी पत्नी को गंभीर चोटे आई है और पत्नी के कपड़े फट गए ।घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को फोन किया तो मौके पर पी आर बी पहुंची सुरसभी को थाने ले गई ।घायल पत्नी का इलाज लोक बंधु अस्पताल में इलाज चल रहा है ।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपीयो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

## बिजली चोरी की जांच करने गई टीम पर हमला

लखनऊ। बिजली चोरी की जांच करने गई विद्युत विभाग टीम पर हमला हुआ। बंथरा क्षेत्र में शनिवार सुबह चक-अमावा गांव में चार लोगों ने टीम के सदस्यों को जमकर पीटा। हमले में दो बिजलीकर्मी घायल हो गए। खुर्रमपुर पावर हाउस में तैनात जूनियर इंजीनियर राजकुमार और उनकी टीम चक-अमावा गांव में जांच कर रहे थे।इस दौरान गांव के मोनू सिंह, शिव शंकर सिंह, दुर्गेश सिंह और राम शंकर सिंह ने बिजली चेकिंग करने से रोका। आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की।फिर टीम के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोपियों ने जेई राजकुमार, सुजीत और निर्मल को बुरी तरह पीटा, जिससे उनको चोट आई है। टीम के सदस्य सुजीत कुमार और निर्मल यादव ने जब समझाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा।जेई राजकुमार, सुजीत और निर्मल को बुरी तरह पीटा। आरोपियों ने पूरी टीम को जान से मारने की धमकी भी दी।

## लुटरों ने पत्रकार का मोबाइल छीना

लखनऊ। लुटेरे अस्पताल से लौट रहे पत्रकार का मोबाइल छीनकर फरार हो गए।ई-रिक्शा से लौट रहे थे तभी पीछे से आए दो स्कूटी सवार लड़के मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पुलिस केस दर्ज करके मामले की जांच कर रही है।

ऑफिसर कॉलोनी कैसरबाग निवासी आशीष मिश्रा इंडिया टूडे ग्रुप यूपी में पत्रकार हैं।शुक्रवार को रात करीब 9:38 बजे केजीएमयू से कैसरबाग की तरफ ई-रिक्शा से जा रहे थे।गुलाब टॉकीज के पास पहुंचे थे तभी पीछे से आए दो अज्ञात स्कूटी लड़के मोबाइल छीनकर फरार हो गए। आशीष ने लड़कों का पीछा करने का प्रयास किया।लेकिन तब तक वो नजरों ने ओझल हो गए।इसके बाद आशीष ने वजीरगंज थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई है।मामले में इंस्पेक्टर वजीरगंज का कहना है कि केस दर्ज कर लिया गया है।इलाके में लगे सीसीटीवी की मदद से आरोपी तलाश की जा रही है।

## 'सोशल मीडिया' वास्तविक अर्थों में मीडिया नहीं

लखनऊ।सोशल मीडिया आज हमारे जीवन के प्रत्येक हिस्से में दाखिल हो चुका है, हमारी गतिविधियों को नियंत्रित कर रहा है लेकिन इसे मीडिया नहीं कहा जा सकता क्योंकि इसमें कोई गेटकीपर नहीं है। कोई संपादक नहीं। सब कुछ निर्बाध है। उपरोक्त विचार बीबीसी से जुड़े रहे वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी ने ₹जन विचार मंच₹ लखनऊ के तत्वावधान में आज दिनांक 1 मार्च को यूपी प्रेस क्लब लखनऊ में आयोजित संगोष्ठी ₹सोशल मीडिया कितना प्रभावी ?₹ में व्यक्त किए।त्रिपाठी ने कहा कि सोशल मीडिया के बहुत से नकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं जैसे अवसाद, मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव और व्यसन की आदतें।संगोष्ठी के प्रथम वक्ता के तौर पर एक चर्चित यू-ट्यूब चैनल से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार शीतल पी सिंह ने कहा पूरे विश्व में तीन अरब से ज्यादा की आबादी फेसबुक से जुड़ी है।भारत में 35 करोड लोग सोशल मीडिया की पहुंच में हैं, यहां व्हाट्सएप की भूमिका सबसे ज्यादा प्रभावी है।सोशल मीडिया को चलाने वाली ताकते अदृश्य रूप से इसके यूजर्स के पूरे जीवन को प्रभावित कर रही हैं।यू-ट्यूब चैनल चलाए जाने के अपने अनुभवों को साझा करते हुए शीतल पी सिंह ने कहा कि यू-ट्यूब में किसी भी चैनल की पहुंच सभी लोगों तक नहीं है।

**TECHNO INSTITUTE OF HIGHER STUDIES**
**Courese Offered : B.Com (Hons.), B.A.-J.M.C., B.B.A, B.Com, B.Ed., B.Sc. (Bio/Maths), B.V.A. (Paint./App.Art), BCA, M.A.-J.M.C., M.Com (Commerce)**
आवश्यकता है प्रवक्ताओं की, योग्यता, अनुभव व वेतन यू.जी.सी./लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार-
**प्रवक्ता एम.वी.ए. (पेंटिंग)-04 पद**
आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक व अनुभव प्रमाणपत्रों की छायाप्रतियों के साथ नीचे दिये गये पते पर डाक/ईमेल/व्यक्तिगत रूप से 21 दिनों में अवश्य प्राप्त करा दें।
**331, Anaura, Near Indira Canal, Ayodhya Road, Lucknow-226028**
**Email: careers@tims.edu.inContact:7897123111(IVR)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**
पत्रांक-मेमो/ग्रा0पं0/निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 28.02.2025
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक-01.03.2025 से दिनांक 06.03.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत रोहनी खोजगीपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 06.03.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मेनरोड से दरगाही के घर तक इंटरलॉकिंग कार्य। | 3.50 लाख। | इंटरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

**नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।**
**ग्राम प्रधान/सचिव**
**ग्रां.पं.- रोहनी खोजगीपुर, वि.ख.- दोस्तपुर**
**जनपद-सुलतानपुर**

# अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की इलाज के दौरान मौत

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** आलमबाग कोतवाली इलाके में बीते ढाई माह पहले एक अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी सवार की इलाज दौरान अस्पताल में मौत हो गई।वहीं मृतक की पत्नी ने पति का अंतिम संस्कार करने के बाद स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है।वहीं पुलिस ने घटना के ढाई माह बाद मृतक की पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी कपिल गौतम ने बताया कि थाना क्षेत्र स्थित छोटा बरहा निवासिनी प्रीती वर्मा पत्नी स्वर्गीय लालजी के अनुसार बीते 4 दिसम्बर की सुबह करीब 8 बजे सुबह उसके पति लालजी डियूटी के लिए अपनी स्कूटी संख्या यूपी 32 एच पी 6284 से महानगर गोल मार्केट, अवध गैस एजेन्सी में डियूटी हेतु गये थे, डियूटी में पहुँच नहीं पाये रास्ते में आलमबाग इलाके स्थित सुपर वाईसर ट्रेनिंग सेन्टर व सप्लाई डिपो के मध्य एक अज्ञात वाहन ने उनके पति की उक्त स्कूटी में टक्कर मार फरार हो गया और उनकी स्कूटी क्षतिग्रस्त हो गई । जिन्हें राहगीरों की मदद से नजदीकी रेलवे अस्पताल आलमबाग में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। जहां जांच के बाद हालात गंभीर देख डाक्टरों ने ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया जहां उनकी इलाज दौरान बीते 8 दिसम्बर की शाम करीब 7 बजे मृत्यु हो गई।उसने अपने मृतक पति का अंतिम संस्कार करने के बाद स्थानीय आलमबाग कोतवाली में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार मृतक की पीड़िता पत्नी की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर घटना स्थल के आस पास लगे सीसीटीवी कैमरे में फुटेज खंगालें जा रहे हैं।

**ई रिक्शा सवार बुजुर्ग नगर निगम कूड़ा गाडी की टक्कर से चोटिल:** मानक नगर थाना इलाके बीते दो दिन पूर्व विपरीत दिशा से आ रही एक नगर निगम का कूड़ा वाहन ने ई रिक्शा में टक्कर मार दिया। जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसमें बैठा बुजुर्ग गंभीर रूप से चोटिल हो गया ।जिसे राहगीरों ने इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल भेजवाया जहां से उसकी हालत गंभीर देख डाक्टरों ने ट्रामा रिफर कर दिया। जहां उनका अस्पताल में भर्ती कर इलाज चल रहा है। वहीं घायल बुजुर्ग की पुत्री ने इलाज दौरान मानक नगर थाने पहुँच शिकायत की है` मानक नगर थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि मूल पता रसूलाबाद मोहल्ला शान्ती नगर जिला उन्नाव निवासिनी पूजा चौरसिया पुत्री कृष्ण पाल चौरसिया के अनुसार वह वर्तमान में आदर्श विहार बुद्धेश्वर जिला लखनऊ में रहती हैं और उसके पिता रसूलाबाद जिला उन्नाव में पान की दुकान चलाते हैं। बीते 26 फरवरी को उसके पिता सुबह 7 बजे रसूलाबाद से पान लेने लखनऊ आऐ थे और लगभग 10 बजे सुबह वह पान लेकर रिक्शे से बुद्धेश्वर बस अड्डा जा रहे थे। उस दौरान मानक नगर थाना क्षेत्र स्थित सीएमएस स्कूल के पास विपरीत दिशा से आ रही नगर निगम का कूड़ा वाहन ने रिक्शे में ठोकर मार दी, जिससे ई रिक्शा पलट गया और उसके पिता सडक पर गिर गंभीर रूप से चोटिल हो बेहोश हो गये। जिन्हें राहगीरों की मदद से नजदीकी लोकबन्धु अस्पताल पहुंचाया गया जहां से हालत गंभीर देख डाक्टरों ने उन्हें ट्रामा सेन्टर रिफर कर दिया। जहाँ पर उनका इलाज चल रहा है। वहीं पुलिस के अनुसार पीड़ित की पुत्री की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

**मोटर साइकिल सवार ने साइकिल में मारी टक्कर , घायल :** बंथरा इलाके में एक मोटर साइकिल सवार ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में बाइक सवार गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया । इस दौरान बाइक सवार अपनी मोटर साइकिल छोड़ कर मौके से भाग निकला ।जिसे परिजनों ने बाइक को पुलिस के हवाले कर दिया ।पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्य वाई कर रही है ।

बंथरा के गुलाब खेड़ा निवासी अजीत कुमार मौर्य ने पुलिस को बताया कि 27 फरवरी को शाम करीब सात बजे मेरे पिता हरिश्चंद्र मौर्य बंथरा से घर की ओर साइकिल से जा रहे थे ।तभी इसी दौरान बंथरा बिजनौर मार्ग पर चंखरा बंथरा में उल्टी दिशा से मोटर साइकिल संख्या यू पी 35 एच बी 0 335 के चालक ने पिता की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी ।इस टक्कर में वह गंभीर रूप से घायल हो गए ।जिसमे उनके बाएं पैर की हड्डी टिट गई और सिर में भी गंभीर चोट आई है ।इस दौरान बाइक सवार ने अपनी मोटर साइकिल मौके से छोड़ कर भाग निकला ।जिनका इलाज बंथरा स्थित अपेक्स हॉस्पिटल में चल रहा है ।परिजनों ने घटना के बाद बाइक को पुलिस के हवाले कर दिया ।पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्य वाई कर रही है।

## जानबूझ कर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास, मुकदमा दर्ज

लखनऊ।काकोरी इलाके में बाइक सवार बलवीर ने बताया कि कार का परिचालन डिघिया निवासी रामकुमार कर रहा था।कार के लापरवाही पूर्ण परिचालन से कारित हुई घटना से प्रार्थी के काफी चोटें आई हैं। बीती रात प्राप्त तहरीर के आधार पर काकोरी पुलिस ने रामकुमार के खिलाफ सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से गाड़ी चलाने के साथ ही जान बूझकर किसी की जान को जोखिम में डालने व इससे सम्बन्धित अन्य सुसंगत धाराओं में अभियोग लिख एस आई शिवम विधूरी को मामले की जांच सौंपी है।माँ की तहरीर पर बेटी के अपहरण का मुकदमा दर्ज काकोरी सीमान्तर्गत आने वाले बेहटा निवासिनी बेलापति पत्नी शिवकुमार ने सरोसा भरोसा निवासी लक्की उर्फ छोटू पुत्र राजू पर नाबालिक बेटी सोनम (16) को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए दी गई तहरीर में यह भी जिक्र किया है कि 28 फरवरी की सुबह गायब हुई सोनम को आरोपी लक्की अपने साथ ले गया था। उसी रात वापस लौटी बेटी ने यह बात अपनी मां को बताई है। स्थानीय पुलिस ने अपहरण समेत अन्य धाराओं में मुकदमा लिख जाँच शुरू कर दी है। एस आई दिनेश कुमारी मामले की जांच कर रही हैं।

## नगर निगम के कर्मचारियों ने चौकी का घेराव किया

**लखनऊ** ।थाना विकासनगर क्षेत्र के मिनी स्टेडियम के पास जोन-7 के नगर निगम सफाई कर्मचारी द्वारा पड़ाव घर पर कूड़ा डालने पर विकासनगर मिनी स्टेडियम चौकी प्रभारी और सिपाही द्वारा नगर निगम कर्मचारी के साथ मारने पीटने का आरोप लगा। वही नगर निगम के कर्मचारियों ने चौकी का घेराव किया।

कुनाल बाल्मीकि पुत्र मोहन बाल्मीकि निवासी लवकुश नगर इंद्रानगर नगर निगम के जोन-7 के वार्ड संख्या शंकरपुरवा तृतीय में सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है। पीड़ित ने बताया कि शनिवार समय लगभग 12:30 बजे दोपहर मिनी स्टेडियम स्थित पड़ाव' घर पर सफाई उपरान्त कुरा गिराने गया था जैसे ही ठेलिया से कूड़ा गिराकर जा रहा था उसी समय विनीत उर्फ मोंटी यादव पड़ाव घर पर आकर कूड़ा वापस उठाने को कहा गया मना करने पर पीड़ित को पकड़कर चौकी के अंदर ले गये, वहाँ पर मौजूद चौकी इंचार्ज अतुल तिवारी, प्रवीण व विनीत उर्फ मोंटी यादव ने कमर के नीचे प्लास्टिक के डंडे से बहुत मारा और पीड़ित का मोबाइल भी तोड़ दिया ।जिससे पीड़ित को गंभीर चोटे आयी है व हाथ का अंगूठा भी बहुत ज्यादा सूज गया है ।पीड़ित ने घटना की जानकारी अपने आला अधिकारियों को फोन करके बताया। मौके पर नगर निगम के जोनल अधिकारी आकाश कुमार विजेता द्विवेदी सफाई इंस्पेक्टर और क्षेत्रीय पार्षद उमेश सहनवाल पहुच गएऔर चौकी का घेराव किया। एसीपी नार्थ और थाना प्रभारी विकासनगर आलोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और पीड़ित की तहरीर पर जांच कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देकर मामला शांत कराया।

## दुष्कर्म पीड़िता को आरोपियों ने धमकाया, केस दर्ज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** जमानत पर छूटे गैंगरेप के दो आरोपियों ने पीड़िता और उसकी बहन को घर जाकर मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। ऐसा न करने पर आरोपियों ने दोनों बहनों को अंजाम भुगतने की धमकी दी है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। मामला कृष्णानगर क्षेत्र का है। यहां के एक मोहल्ले की युवती ने साल 2021 में चार लोगों पर गैंगरेप व एससीएसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं में आलमबाग थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में शिवनंदन, सोनेलाल, अशोक कुमार व गिरजेश को नामजद किया गया था। जिसके चलते इन चारों आरोपियों को जेल जाना पड़ा था। मौजूदा समय में शिवनंदन व सोनेलाल जेल में है, जबकि अशोक व गिरजेश जमानत पर रिहा हो चुके हैं। आरोप है कि अशोक व गिरजेश कार से पीड़िता के दरवाजे पर पहुंचे। उस वक्त पीड़िता व उसकी बहन घर में अकेली थी। दोनों आरोपियों ने पीड़िता से गैंगरेप का मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। साथ ही मुकदमा वापस न लेने पर परिवार को अंजाम भुगतने की धमकी दी। धमकी देने के बाद आरोपी वहां से निकल गए। जब पीड़िता के पिता घर पहुंचे तो उनको पूरी बात बताई। धमकियों से घबराए पीड़िता के पिता ने कृष्णानगर थाने में दोनों आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपों को लेकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

**आधा दर्जन लोगों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज :** नगराम के फकीर खेड़ा गांव निवासी युवक द्वारा धोखाधड़ी कर उसकी जमीन बेचने के नाम पर रूपए हड़पने वाले आरोपियों के साथ पूर्व आई एस एस को भी संलिप्त बताते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है । थानाध्यक्ष नगराम के अनुसार न्यायालय के आदेश के अनुपालन में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। नगराम के फकीर खेड़ा गांव निवासी हरिनाम रावत के अनुसार 2015 में बहन की शादी थी जिस कारण कुछ जमीन बेचने का निश्चय किया। उक्त के बाबत गोसाईंगंज थाना क्षेत्र के भट्टी बरकत नगर का मजरा शाहन खेड़ा निवासी मिश्री लाल से मिला। उन्होंने जमीन बेचवाने का भरोसा दिया। तथा कहा कि जमीन किसी दूसरे के नाम बिक्री कराएंगे जिसकी मुलाकात बैनामा के समय करा देंगे। कुछ दिन बाद मिश्रीलाल ने चमनलाल नामक व्यक्ति से मुलाकात कराई और रजिस्ट्री का तारीख तय की । तय समय पर वह अपने पिता अयोध्या को लेकर तहसील मोहनलाल गंज पहुंचा तो वहां मिश्रीलाल नहीं मिले। फोन करने पर लखनऊ में होने का हवाला देकर अपने गांव के ही शाइन सिटी में काम करने वाले दुर्गा प्रसाद द्वारा रजिस्ट्री कराने की बात कही।

## यूपी एसटीएफ ने दो कछुआ तस्करों को दबोचा

**लखनऊ।** यूपी एस0 टी0 एफ0 अन्तर्राज्यीय स्तर पर प्रतिबंधित कछुओं की तस्करी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से 405 जिन्दा कछुए बरामद किये। पकड़े गये कुलदीप चतुर्वेदी पुत्र स्व0 रामनिवास चतुर्वेदी व अमित यादव पुत्र गिरीश यादव के पास से 405 जीवित कछुए के साथ ही एक आधार कार्ड व पैन कार्ड तथा मोबाइल फोन सैमसंग और एक स्विफ्ट कार बरामद किया। दोनों को एसटीएफ टीम नें मैनपुरी जिले के उसराहार किशनी मार्ग से गिरफ्तार किया ।यूपी एसटीएफ नें बताया कि पकड़े गये आरोपी भाड़े पर गाड़ी चलाते है। इसी दौरान उसकी मुलाकात रूद्रपुर के रहने वाले सन्तोष से हुई। सन्तोष द्वारा ही उनसे प्रतिबन्धित कछुओं की तस्करी करने वाले रूपसिंह निवासी अछल्दा जनपद इटावा के बारे में बताया गया था। बरामद कछुए रूप सिंह द्वारा ही इनको उपलब्ध कराया गया था। मैनपुरी से रूद्रपुर (उत्तराखण्ड) पहुॅचाने के लिये 50 हजार भाड़ा देना तय हुआ था।

# लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का 13वां फाउंडेशन डे मना

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** नई नवेली दुल्हन की तरह सजी आई सी पी रुपईडीहा में हर्सौल्लास के साथ भारत सरकार के गृह मंत्रालय के अंतर्गत स्थापित लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया का 13वा फाउंडेशन डे मनाया गया।

शनिवार की वो सुबह जब करतल ध्वनि के साथ एल पी ए आई एक्ट बना व उसको लोकसभा व राज्यसभा दोनों सदनों से मान्यता मिली वह दिवस निश्चित रूप से लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा द्य लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया रुपईडीहा के मैनेजर सुधीर शर्मा ने ये भी बताया की लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपने चेयरमैन जयंत सिंह के कुशल नेतृत्व में 462.55 करोड़ का बिजनेस दे रही है द्य वही आई सी पी रुपईडीहा 1,25,000 से 1,50,000 का बिजनस रोज इम्पोर्ट एक्सपोर्ट कर रही हैं द्य वर्त्तमान में भारत की सीमा से लगे नेपाल, बांग्लादेश, म्यांमार, भूटान, पाकिस्तान के सीमाओं पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया अपनी सेवाएं दे रही हैं वहीं करतारपुर साहिब कॉरिडोर अमृतसर में भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दी रहा है। 13 वे स्थापना दिवस के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सब डिवीजनल मजिस्ट्रेट एस डी एम सुश्री अंजली यादव ने इस अवसर पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के पड़ोसी देशों के साथं मधुर संबंध स्थापित करने में जो महत्वपूर्ण योगदान दे रहे है उसकी प्रसंसा एवं बधाई दी। विशेष अतिथि चेयरमैन नगरपंचायत रुपईडीहा डॉ. उमाशंकर वैश्य ने अपने संबोधन में 13 वे स्थापना दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी एवं लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के उज्जवल भविष्य की कामना की। एस एस बी के कमान्डेंट गंगा सिंह उदावत ने अपने संबोधन में फाउंडेशन डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया की किसी भी संगठन के लिए फाउंडेशन डे का विशेष महत्व होता है द्य फाउंडेशन डे के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की प्रसंशा की एवं बधाई दी। कस्टम सुपरिन्टेन्डेन्ट दिनेश धीमसा ने इस अवसर पर लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन जयंत सिंह के कुशल नेतृत्व की प्रसंसा करते हुए कहा की फाउंडेशन डे मानाने का निर्णय सराहनीय है। 13 वे फाउंडेशन डे के अवसर पर अधिकारीयों एवं कर्मचारियों को मेरी व्यक्तिगत एवं कस्टम विभाग के तरफ से हार्दिक शुभकामनाये। प्लांट क्वारंटाइन के सहायक निर्देशक डॉ. प्रदीप कुमार एवं इमीग्रेशन प्रभारी राम अवध सिंह ने 13 वे फाउंडेशन डे की हार्दिक बधाई दी। लैंड पोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के 13 वे फाउंडेशन डे पर आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण का प्रदर्शन देखने को मिला द्य सांस्कृतिक कार्यक्रम में 6 कार्यक्रम महिला कर्मियों के द्वारा एवं एक कार्यक्रम सिर्फ पुरुष कर्मी के द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसकी सभी मेहमानों द्वारा मुख्य कंठ से प्रशंशा की गई द्य इस अवसर पर अंजलि वर्मा एअन्नू राव ए आरती द्वारा नृत्य एवं रीता कुमारी द्वारा काव्यपाठ एवं साधना मिश्रा द्वारा भजन प्रस्तुत किया गया।

## टायर के गोदाम में लगी भीषण आग

लखनऊ। विकासनगर स्थित पुनीत टायर्स और ऑटो गैस गोदाम में शनिवार तड़के आग लग गई। गोदाम से धुआं देख आसपास के लोगों ने फायर स्टेशन को सूचना दी। मौके से पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने तीन घंटे में आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। विकासनगर सेक्टर-12 ज्ञानपीठ स्कूल रोड स्थित रामजीवन जायसवाल का पुनीत ऑटो पार्ट नाम से टायर का गोदाम है। शुक्रवार-शनिवार की बीच रात करीब 2 बजे अचानक शार्ट सर्किट होने से आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आसपास के लोगों ने फायर स्टेशन इंदिरा को सूचना दी। सूचना पर एफएसओ इंदिरानगर एक दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। आग की लपट देख बीकेटी और हजरत गंज फायर स्टेशन से गाड़ी की मांग की गई। इसके बाद दोनों फायर स्टेशन से चार दमकल और आ गई। फायर ब्रिगेड टीम ने पांच दमकल की मदद से तीन घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक काफी सामान जलकर राख हो चुका था। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

**पूर्वोत्तर रेलवे**
**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 11/2025**
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.स. : 1. कार्य का विवरण:** इज्जतनगर डिवीजन के समंइं/फतेहगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अर्न्तगत रबरयुक्त सतह प्रदान करके सड़क की सतह में सुधार का कार्य। **अनुमानित लागत रुपयों में :** रू. 2,47,57,593.22 **बयाना राशि रुपयों में :** रु. 2,73,800/- निविदा प्रपत्र का मूल्य, **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि **12 माह क्र. सं. : 2. कार्य का विवरण :** गुरसहायगंज, कायमगंज, कासगंज, गंजडुंडवारा स्टेशनों पर पुराने जीर्ण-शीर्ण स्टील ओवरहेड टैंक को ट्यूबवेल सहित आर. सी.सी ओवरहेड टैंक से बदलाव एवं वितरण पाइप लाइनों की मरम्मत /सुधार का कार्य। **अनुमानित लागत रूपयो में :** रू. 4,93,60,638.20 **बयाना राशि रूपयो मे :** रु. 3,96,800/-निविदा प्रपत्र का मूल्य. **शून्य** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह 1. ई- निविदा **दिनांक 26.03.2025** को **15.00 बजे** तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। 2. ई- निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के **IREPS** वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।
मंडल रेल प्रबंधक/(इन्जी0)
मुजाधि/डबलू-429 इज्जतनगर
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

# आज रखा जायेगा माहे रमजान का पहला रोजा, बाजार गुलजार



वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रमजान-उल-मुबारक का चांद होने का एलान होते ही शनिवार शाम को शहर का मिजाज भी बदल गया। इबादत के लिए मस्जिदें गुलजार हो गईं। राजधानी में मुसलमानों ने मस्जिदों और इबादतगाहों में तरावीह की नमाज जमात के साथ अदा की। एक-दूसरे को चांद दिखने की मुबारकबाद दी। पहला रोजा रविवार को रखा जाएगा। कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने बताया कि रमजान का चांद हो गया है।

पहला रोजा रविवार को रखा जाएगा। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी और इदारा शरिया हिलाल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना अबुल इरफान मियां फरंगी महली ने भी रमजान के चांद होने का एलान किया। रमजान का महीना सभी मुसलमानों के लिए बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। रमजान को रमदान भी कहते हैं। रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। रमजान के महीने में लोग रोजे व्रत रखने, रात में तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना शामिल है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते हैं। इसके साथ में महीने भर इबादत करते हैं।

रमजान का महीना सभी मुसलमानों के लिए बेहद शुभ और पवित्र माना जाता है। रमजान को रमदान भी कहते हैं। रमजान इस्लामी कैलेण्डर का नवां महीना है। रमजान के महीने में लोग रोजे व्रत रखने, रात में तरावीह की नमाज पढ़ना और कुरान तिलावत करना शामिल है। मुस्लिम समुदाय के लोग पूरे महीने रोजा रखते हैं और सूरज निकलने से लेकर डूबने तक कुछ नहीं खाते पीते हैं। इसके साथ में महीने भर इबादत करते हैं।

**फिजा में गूंजती रही कुरान की तिलावतः** रमजान का चांद दिखने के बाद अलग-अलग मस्जिदों में तरावीह की विशेष नमाज के लिए भीड़ जुटनी शुरू हो गई। ऐशबाग ईदगाह, नदवा, शाहमीना शाह दरगाह, चौक सब्जी मंडी, डालीगंज अमीर खां मस्जिद, इरादत नगर मदार बख्श मस्जिद, लाहौरगंज, माल एवेन्यू स्थित दादा मियां दरगाह, कासिम शहीद बाबा दरगाह, बड़ा चांदगंज, खदरा, निशातगंज, हुसैनाबाद, अमीनाबाद, मौलवीगंज, नक्खास सहित पूरे शहर की मस्जिदों में देर रात तक तरावीह की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई।

**रात बन जाती है दिनः** नजीराबाद में रहने वाले 68 साल के बुजुर्गवार मोहसिन बताते हैं, रमजान का चांद दिखने के बाद से ही दुकानें यहां सजने लगती हैं। जो दुकानें 10-11 बजे बंद हो जाती थीं, वह पूरी रात खुली रहती हैं क्योंकि सामान लेने वाले लोग आते रहते हैं। मोहसिन कहते हैं, जब उन्हें पहला रोजा रखना था, तो पूरी रात वह अपने पिता के साथ लखनऊ की बाजारों में घूमते रहे। रोजा रखने की तो खुशी थी ही, लेकिन अब्बा के साथ सहरी का सामान घरवालों के लिए खरीदने का मजा ही अलग था। रात भर का नजारा ऐसा लगता, मानों यह रात नहीं, दिन हो। दिन जैसी चहल-पहल, वैसी ही रौनक। मोहसिन बताते हैं कि रात में सारी खरीदारी करने के बाद फज्र की नमाज होने के वक्त घर पहुंचे और पहला रोजा रखा था। मोहसिन के नौजवानी के वक्त की बाजार की रौनक आज भी कायम है। नजीराबाद में लखनऊ आर्ट की दुकान के सामने तकरीबन 70-80 साल से एक दुकान लग रही है। सेवईं से लेकर, लस्सी और तमाम चीजें यहां बिकती हैं। खरीदने वालों की संख्या भी अनगिनत है। इसी दुकान के पास तकरीबन 100 साल पुरानी लस्सी की दुकान है। यहां भी कुछ ऐसी ही हाल है। जुटान देखकर ऐसा लगता है मानों न किसी की आंखों में नींद है और न ही किसी भी तरह की थकान। रात भर यहां दोस्तों के साथ हो-हल्ला करते नौजवान दिखते हैं।

## इधर चांद दिखा, उधर बाजार में उमड़ी रोजेदारों की भीड़





वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रमजान का चांद दिखाई देने का ऐलान होते ही बाजारों में रौनक बढ़ जाती है। मौलवीगंज से यहियागंज की तरफ बढ़ने वाले रास्ते पर लोगों का हुजूम देखते ही बनता है। दिन की ही तरह दौड़ रहे टेंपो लोगों को नक्खास बाजार तक पहुंचाते हैं। नक्खास में सेवईं की दुकानें पहले ही दिन सज गई हैं। सूखी सेवइयां मिल रही हैं तो बगल में ठेले पर मेवा वाले ब्रेड का भी अंबार लगा है। रस और दूसरी चीजें, जिन्हें दूध के साथ सहरी में खाया जाता है, यहां के ठेलों पर बिकना आम है। चाय के शौकीनों के लिए चाय की पत्ती की भी दुकान है तो कश्मीरी चाय का भी ऑप्शन यहां मौजूद रहता है। नक्खास की बाजार में जमा लोगों में से एक राशिद आलम बताते हैं, चांद रात के दिन से ही लखनऊ में जो रौनक लगती है, वह कही और नहीं होती। जैसे-जैसे वक्त बढ़ता जाएगा, यह रौनक भी बढ़ती जाएगी। बाजार में धीरे-धीरे और आइटम मिलने लगेंगे।

**बाजारों में बढ़ी चहल-पहलः** बाजारों में भी रमजान की रौनक रविवार से ही छा गई। किसी ने रोजा इफ्तार तो किसी ने सहरी की तैयारी के सामान की खरीदारी की। दुकानदारों ने भी रोजेदारों के लिए विशेष सुविधाएं की हैं। इफ्तार में लोग पापड़, चिप्स और काबुली चने जैसीं चीजे ज्यादा पसंद करते हैं। इसे देखते हुए बाजार भी कई वैराइटी के चिप्स से सज गए।

**पुराने लखनऊ के बाजारों में खूब हो रही खरीदारीः** रमजान को लेकर पुराने लखनऊ शहर के अकबरी गेट, विक्टोरिया स्ट्रीट, कश्मीरी मोहल्ला, नक्खास, मौलवीगंज, वजीरगंज, गोलागंज जैसे इलाकों में देर शाम तक बाजार गुलजार हो रहे हैं। खासकर अकबरी गेट पर लोग काफी दूर-दूर से रात में आकर कुल्चे-नहारी, बिरयानी, कश्मीरी चाय का मजा लेने पहुंच रहे हैं। रमजान को देखते हुए पुराने लखनऊ के बाजारों में कारीगरों ने सेवई के लच्छे तैयार करना शुरू कर दिए हैं। रोजेदार सहरी में दूध-लच्छे खाना अधिक पसंद करते हैं। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवीगंज, काजमैन और कश्मीरी मोहल्ला आदि इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई हैं।

**सेवई के लच्छे की मांग सबसे ज्यादाः** रमजान को देखते हुए पुराने लखनऊ के मार्केट में कारीगरों द्वारा सेवई के लच्छे तैयार करना शुरू कर दिए हैं, क्योंकि रोजेदार सहरी में दूध-लच्छे खाना अधिक पसंद करते है। पुराने शहर के खदरा, हुसैनाबाद, अकबरी गेट, नक्खास, मौलवीगंज, काजमैन और कश्मीरी मोहल्ला आदि इलाके के बाजारों में लच्छे की दुकानें सज गई है। यह दुकानदार 160 से 200 रुपये किलो लच्छे बेच रहे हैं।

**खजूरों की बढ़ गई डिमांड :** रमजान में खजूर की बड़ी अहमियत होती है। हर रोजेदार चाहता है कि वह बेहतर खजूर से अपना इफ्तार करे और दूसरों को भी कराए। ऐसे खजूर की मांग है, जो स्वादिष्ट व पौष्टिक हो। रोजेदारों की पसंद को देखते हुए खजूरों की एक से बढ़कर एक वैराइटी मार्केट में आ गई है। खाड़ी देशों समेत इराक व इरान आदि से आने वाले खजूरों की मांग सबसे ज्यादा है। इसमें अजवा खजूर की मांग रोजेदारों में सबसे ज्यादा है।

# कथक के मनमोहक भाव से की भगवान भोले शंकर की स्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बिरजू महाराज कथक संस्थान, लखनऊ संस्कृति विभाग, उ. प्र. द्वारा आयोजित कथक संध्या का आयोजन शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय बौध शोध संस्थान, प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. कुमकुम धर एवं विषेश सचिव, संस्कृति/निदेशक, रवीन्द्र कुमार-प्रथम द्वारा मुख्य अतिथि महोदयप्रो. राकेश चन्द्रा, प्रो. ऑफ. एमीनेन्स लविवि, लखनऊ, का पुष्पगुच्छ-अंगवस्त्र द्वारा स्वागत, आभार एवं दीपप्रज्जवलन किया गया।

कथक संध्या के अन्तर्गत सुश्री डॉ. प्रेरणा राणा एवं साथी, लखनऊ द्वारा कथक नृत्य कार्यक्रम का सौन्दर्यपूर्ण प्रस्तुतिकरण किया गया। डॉ प्रेरणा राणा, कथक की युवा, उभरती हुई और प्रतिभाशाली कलाकार हैं जिनकी नृत्य यात्रा समर्पण, साधना और उत्कृष्टता का प्रतीक है। आपने अपनी प्रारंभिक कथक शिक्षा हल्द्वानी, नैनीताल में गुरु श्रीमती रेनू तिवारी जी से प्राप्त की। इसके पश्चात लखनऊ घराने की वरिष्ठ कथक नृत्यांगना, केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार एवं संस्कार भारती पुरस्कार से सम्मानित गुरु प्रोफेसर डॉ. कुमकुम धर के सान्निध्य में अपनी कथक नृत्य की शिक्षा ग्रहण की एवं वर्तमान में भी अपने गुरु के सान्निध्य में इस शैली की बारीकियों को सीख रही हैं। आप दूरदर्शन केंद्र, लखनऊ की ए ग्रेड की कलाकार हैं और आपने अनेक राष्ट्रीय स्तर के प्रतिष्ठित मंचों पर कथक की शानदार प्रस्तुतियाँ दी।

प्रस्तुति के प्रथम चरण में भगवान शिव पर आधारित शिव स्तुति को कथक नृत्य की शास्त्रीयता में पिरोते हुए भक्ति भाव रूप में प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात् डॉ. प्रेरणा राणा द्वारा शुद्ध पारम्परिक कथक नृत्य के अन्तर्गत विलम्बित तीन ताल में आमद, परन आमद, तोड़े, टुकड़े, परमेलु, तिहाई इत्यादि प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम के अगले चरण में साथी कलाकार रोनी सिंह, सुश्री शिवांगी बरवाल एवं सुश्री अनुश्रिता घोष द्वारा राग मालकौंस में निबद्ध तराना प्रस्तुत किया गया। इसके बाद राग चारूकेशी में निबद्ध गजल की भावपूर्ण प्रस्तुति दी गयी, तत्पश्चात राग पूरिया में त्रिवट जो तीनताल में निबद्ध है डॉ. प्रेरणा राणा, डॉ. अदिति थपलियाल एवं सुश्री अमीषा तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। अंतिम प्रस्तुति के रूप में प्रेरणा राणा एवं साथी कलाकारों द्वारा होरी की मनमोहक प्रस्तुति दी गयी। अंत में मुख्य अतिथि द्वारा कलाकारों का सम्मान किया गया।

# दस्तक फेस्टिवल में गीत, रंगोली बैतबाजी की बिखरी सतरंगी छटा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** तीन दिवसीय दस्तक फेस्टिवल रंगोली, मेंहदी ,डिबेट, बैतबाजी , फोटोग्राफी ,कविता और गायन के सतरंगी रंगों के साथ हुई। स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने विचारों को पंख दिए। संगीत नाटक अकादमी परिसर शुरू महोत्सव में पहले दिन विविध प्रतियोगिताएं हुईं। बैतबाजी में उर्दू कविताओं पर युवाओं ने बहुत पंसद किया। निर्णायक मण्डल में में प्रोफेसर साबिरा हबीब, प्रोफेसर कमर रहमान, अर्शी अल्वी शामिल रहीं। वहीं एक गायन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सफीना खान ,पूर्णिमा मिश्रा थीं। रंगोली में बच्चों ने हम तो झोला उठा कर चले थीम पर खूबसूरत रंगोलियां बनाएं। जिसका मूल्यांकन पवन शुक्ला, डा पूनम ठाकुर ने किया। प्रतियोगिताओं से पूर्व सोशल मीडिया और इन्फ्लूएंसर का हमारी यात्राओं पर प्रभाव था विषय पर डिबेट हुई। जिसमें प्रतिभागियों ने सोशल मीडिया को जीवन का अंग बताया और सोशल मीडिया की अति से बचने का संदेश भी दिया। डिबेट की निर्णायक मेहा डौंडियाल और प्रो शाजिया सिद्दीकी थी। दस्त की संयोजक वीना राना ने बताया कि कि दस्तक की शुरूआत सत्रह साल पहले हुई थी और अब इसी की तर्ज पर कई कल्चरल फेस्टिवल होते हैं। मगर दस्तक की तीन खासियत हैं। जो इसे अनूठा बनाती है। पहला इसमें युवा जीतने नहीं बल्कि सीखने और दोस्तियां करने आते हैं, दूसरा हर कला और रचनात्मकता का रिश्ता किसी सामाजिक मुद्दे से जुड़ा होता है चाहे वो पानी बचाना हो ,पर्यावरण हो, बराबरी की बात हो, या सामाजिक सद्भाव की और तीसरा इसके आयोजक वही युवा बन जाते हैं जो स्वयं प्रतिभागी होते हैं। इससे लीडरशिप का विकास होता है। दस्तक में पोस्टर ,कार्टून ,स्टैंड प कॉमेडी,नुक्कड़ नाटक ,क्ले मॉडलिंग,एड मैड, समूह गायन जैसी कई प्रतियोगिताएं होंगी जो सुबह 10 बजे से शुरू होंगी।

# मलिकजादा व गोपाल ठहाका को मिला सृजन सम्मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यू पी प्रेस क्लब व उत्तर प्रदेश साहित्य सभा द्वारा 154 वां सृजन सम्मान व काव्य समारोह आज प्रेस क्लब में सम्पन्न हुआ। सृजन हिंदी सम्मान-गोपाल ठहाका व सृजन उर्दू सम्मान से वरिष्ठ शायर मलिकजादा जावेद को हसीब सिद्दीकी, सर्वेश अस्थाना, शिवशरण सिंह व आज के अध्यक्ष शलभ जी ने सम्मानित किया।

वयोवृद्ध कवि शिव भजन कमलेश के सान्निध्य व राजीव वर्मा वत्सल के संयोजन व निर्भय निश्छल के संचालन में वर्षा श्रीवास्तव की वाणी वंदना से प्रारंभ हुये कविसम्मेलन में अरविंद झा, योगी योगेश शुक्ल, रश्मि शफक, रेनु वर्मा, डॉ सुभाष गुरुदेव, महेश अस्थाना महेश, अशोक राठौर, बलभद्र त्रिपाठी, राजीव मिश्रा, प्रेम शंकर शास्त्री, आलोक रावत, मनमोहन बरकोटी, गायत्री जोशी, उमा फलक, पूजा श्रीवास्तव, सरोज आर्या, अशोक यादव, मनस्वी श्वेता, स्नेह दुबे, सत्यदेव दुबे, मधु पाठक मांझी आदि ने श्रेष्ठ काव्यपाठ किया।

# होरी व चैती गीतों की कार्यशाला का शुभारंभ



**लखनऊ।** गौरैया संस्कृति संस्थान द्वारा शनिवार एक मार्च से होरी व चैती गीतों की कार्यशाला में शिव जी के लोक-भजन से शुरूआत हुई उसके पश्चात ब्रज की होरी व बसंत गीत सिखाई गई। कार्यशाला में उलारा, बेलवरिपया, चैती सहित कई होरी की विधाएं सिखाई जायेंगी। कार्यशाला में सरिता अग्रवाल, सुरुचि उपाध्याय, प्रतिमा त्रिपाठी, वीना सक्सेना, कविता सिंह, साधना कपूर, पूनम सक्सेना सहित लगभग 20 महिलाओं ने हिस्सा लिया इस कार्य शाला की प्रस्तुतीकरण 20 मार्च को होगी। कार्यशाला आनलाईन व आफलाइन दोनों प्रकार से होगी।

# 2100 मातृशक्तियों ने किया सामूहिक सुंदरकांड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ ।** ईश्वरीय स्वप्नाशीष सेवा समिति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में चिनहट के रजत डिग्री कॉलेज के सामने स्थित भव्य ह्लसनातन धाम लॉनह्व परिसर में शनिवार 1 मार्च को 2100 मातृशक्तियों द्वारा भव्य सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया गया। इसके माध्यम से इस संकल्प को दोहराया गया कि ह्लसुंदरकांड महा अभियान, बने भारत की पहचानह्व। उनके अनुसार संतों और देवों की जन्मभूमि भारत को दोबारा उसकी खोई प्रतिष्ठा दिलवाने और उसे विश्व गुरु के रूप में पुनः स्थापित करने के लिए, सुंदरकांड पाठ महा अभियान का संचालन वृहद स्तर पर किया जा रहा है। इस महा अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन सुंदरकांड का पाठ किया जा रहा है। इसके साथ ही हर मंगलवार और शनिवार को नजदीक के मंदिर परिसर में सामूहिक सुंदरकांड का पाठ मातृशक्तियों द्वारा सम्पन्न करवाया जा रहा है।

सपना गोयल के अनुसार चूंकि कि लंका के सुंदर पर्वत पर स्थित अशोक वाटिका में प्रभु राम भक्त हनुमान जी की प्रथम भेंट माता सीता से हुई थी और यह उस अध्याय की सबसे प्रमुख घटना थी इसीलिए पंचम अध्याय का नाम सुंदरकांड रखा गया। सुंदरकांड में हनुमान जी के मिलने से ही माता सीता के शोक का अंत हुआ था इसलिए जो कोई भी सुंदरकांड का पाठ करता है उसके समस्त दुःखों और भय का नाश हो जाता है। जीवन में कोई भी संकट आए तो सुंदरकांड का पाठ करना फलदायी होता है। इससे आत्मविश्वास ही नहीं बढ़ता बल्कि ग्रहों की दशा तक में सुधार आ सकता है। इसलिए जो सुंदरकांड का पाठ करता है उसका जीवन भी सुंदर हो जाता है। उन्होंने बताया कि लखनऊ के प्रत्येक क्षेत्र में मातृशक्तियों की शक्तिपीठ का गठन करके सुंदरकांड महा अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित किया जा रहा है। चिनहट क्षेत्र में प्रीति चतुर्वेदी, रानी सिंह, सरिता रावत और सेवाधारी बहन प्रीति मिश्रा, सव्यापांडे, मीना भार्गव, किरन सिंह, चित्रलेखा, वीना नौटियाल सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तियां धर्म सेवा से जुड़ीं हैं। शनिवार को आयोजित सामूहिक सुंदरकांड महा अभियान में उत्तराखंड की महिलाओं ने पारंपरिक गढ़वाली नृत्य प्रस्तुत कर सबकी प्रशंसा हासिल की वहीं बटुकों द्वारा प्रथम देव गणपति की वंदना भी की गई। सपना गोयल द्वारा बिना किसी सरकारी या निजी सहयोग के, बीते साल 10 मार्च को महिला दिवस के उपलक्ष्य में पांच हजार से अधिक मातृशक्तियों द्वारा लखनऊ के झूलेलाल घाट पर सामूहिक सुंदरकांड का भव्य अनुष्ठान सम्पन्न करवाया गया था।

# होगा तुमसे प्यारा कौन, हमको तो तुमसे है प्यार ओ कान्हा...

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** श्री श्याम ज्योत मंडल के ओर से ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में 42वां श्री श्याम निशानोत्सव के दूसरे दिन श्याम भक्तों का महाकुंभ भजन संध्या सजाने के लिए कोलकाता के रवि बेरीवाल, अमोल-शुभम एवं संजय शर्मा नामचीन भजन गायकों ने बाबा श्याम के दरबार भजनों की संतरगी छठा बिखेरे रहे थे। समिति के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि खाटू श्याम का भव्य दरबार जो पहले दिन स्वर्णिम आभा बिखेर रहा था वो दूसरे दिन रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा रहा था।

श्याम दरबार के दोनों ओर एवं बाबा के छत्र पर सफेद मोर बनाये गए थे जो खाटू श्याम के पहरेदार बने हुए थे। राजदरबार के दोनों ओर पवनसुत हनुमान एवं बाबा श्याम का निशानोत्सव चढ़ाया गया था जो दरबार की सुशोभित कर रहा था। राजमहल की दीवारों पर देवी देवताओं की एवं मेहराबों पर सुन्दर आकृतियों को उकेरा गया था। राजदरबार के ऊंच शिखर पर पताका लहरा रहा थी। बाबा श्याम का शीश पर स्वर्ण मुकुट पर मोर पंख, बाबा का बाघा संतरंगी वस्त्रों में हीरा पन्ना, रंग बिरंगे बेशकीमती मोतियों से अलकृत था। बाबा का बाल घुंघराले, माथे पर भाल तिलक, आंखे अमृत की प्याली, मुख एवं ललाट पर एक अलग सा तेजपुंज के प्रकाश से सुशोभित हो रहा था।

भव्य दरबार रंग बिरंगा देशी विदेशी पचरंगा फूलों से महक रहा था। 50 फुट ऊंचा 111 फुट चौड़े भव्य राजदरबार में खाटू नरेश की विराजमान थे। ऐसे बाबा की मनमोहिनी छवि भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। किस्मत वालों को ही मिलता है बाबा श्याम का दरबार। हारे के सहारे का दर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में श्याम भक्तों का जनसैलाब उमड़ा था। सभी भक्तों को सुलभ दर्शन करवाने एवं चरण पादुका रखने के लिए समिति की ओर से विशेष व्यवस्था की गई थी। श्याम भक्तों का महाकुम्भ के दूसरे दिन भजन संध्या का शुभारंभ रवि बेरीवाल ने होगा तुमसे प्यारा कौन हमको तो तुमसे है प्यार ओ कान्हा, गुजारिश है आओ, ये दर है सांवरे का, लेके हाथों में निशान, लब पे श्याम जी का नाम, हमतो खाटू नगरिया चले जैसे कर्णप्रिय भजनों को सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी क्रम में अनमोल शुभम ने कृपा को क्या मै गाऊं, कृपा से गा रहा हूं, झलक पहले जैसी दिखानी पड़ेगी, लगी आग दिल की बुझानी पड़ेगी जैसे भक्तिमय भजनों को सुनाकर भक्तों को श्याम रस से सराबोर कर दिया। अगले क्रम में संजय शर्मा ने गुजारा चल रहा है, मेरा तो साँवरे से, मेरा एक सहारा है, बाबा श्याम हमारा है जैसे मीठ-मीठे भजनों सुनाकर भक्तों को थिरकने के लिए मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम के अंतिम चरण में श्याम भक्तों ने राधा कृष्ण एवं बाबा श्याम के संग रंग बिरंगे फूलों की होली खेली. कार्यक्रम समापन पर भक्तों को छप्पन भोग लगा हुआ प्रसाद बांटा गया। निशानोत्सव का संजीव प्रसारण फेसबुक व यूट्यूब पर किया गया। कोलकाता के आसिम मत्या और साथी कारीगरों ने बाबा श्याम का विशालकाय दरबार बनाया था। रंगबिरंगी एलईडी रोशनी से जगमगाता हुआ पंडाल तलवार टेंट के अमन तलवार ने कोलकाता के एलईडी पैनलों से खाटू का तोरणद्वार, समारोह स्थल मार्गों के बीच-बीच में लम्बे-लम्बे एलईडी पैनलों पर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों एवं सुन्दर चित्रों को लाइटों के माध्यम से रोशन हो रहे थे।

# नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान ने बढ़ाया सेविकाओं का मान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव मिशन शक्ति के अंतर्गत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से नव अंशिका महिला माह की शुरूआत, शुक्रवार 1 मार्च से हुई। इस अवसर पर घरों में काम करने वाली श्रमजीवी महिलाओं को, गोमती नगर विकल्प खंड स्थित रेल विहार कॉलोनी परिसर में, सम्मानित किया गया। इस क्रम में अब 8 मार्च को नारी एक रूप अनेकथीम पर स्लोगन, चित्रकला प्रतियोगिता होगी।

नव अंशिका श्रमदेवी शक्ति सम्मान समारोह में सबसे पहले महिलाओं का सामूहिक जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। इसमें सावित्री गुप्ता, निर्मला गौतम, गुड्डी, रंजीता, नेहा , रमा, मनीषा, माया शामिल रहीं। उन्हें जब फूलों की माला पहना कर भेंट स्वरूप साड़ियां दी गईं तो उनकी आंखे नम हो आईं। उन्होंने बड़े ही हर्ष के साथ कहा कि अब उन्हें अहसास हो रहा है कि वह एक छोटे परिवार से बड़े परिवार का अंग बन गई हैं। इस सम्मान समारोह में उन्होंने भजन और गीत ही नहीं सुनाए बल्कि डीजे के गानों पर डांस भी किया। इस अवसर पर संस्था की उपाध्यक्ष नीरा लोहानी, अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी खिलाड़ी मंजू बिष्ट, रेखा शर्मा, चन्द्र प्रभा मायर, सावित्री देवी, रचना सिंह, मीना श्रीवास्तव, पूनम पाण्डेय, ललिता सरीन, आभा सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, शाहिन खान, रेनू जोशी, डॉ.शालिनी दत्त, आनंदिता कौशिक, पम्मी मायर, प्रीति शर्मा सहित कई अन्य विशिष्ट जन उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह में नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्षा नीशू त्यागी ने बताया कि इस क्रम में दूसरे शनिवार 8 मार्च, महिला दिवस के अवसर पर नारी एक रूप अनेक थीम पर स्लोगन, चित्रकला की प्रतियोगिता होगी। इसमें आमंत्रित कृतियों को आठ मार्च के दिन नव अंशिका के फेसबुक एकाउंट पर अपलोड किया जाएगा। इस प्रतिस्पर्धा के लिए अनिवार्य है कि सभी प्रतिभागी सात मार्च तक अपनी कृतियां व्हाट्सएप नंबर 9721700025 पर अवश्य भेज दे।

# अप्रैल-मई के बीच 148 ट्रेनें रहेंगी निरस्त, यात्रियों की मुसीबत बढ़ेगी

- डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के तहत रद की गईं ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढ़ाँचे में विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के डोमिनगढ़-गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के अन्तर्गत गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाइन निर्माण परियोजना के परिप्रेक्ष्य में 12 से 26 अप्रैल तक प्री-नॉन इंटरलॉक कार्य एवं 27 अप्रैल से 03 मई तक नॉन इंटरलॉक कार्य तथा 30 मई को रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा निरीक्षण किये जाने के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन, पुनर्निधारण/नियंत्रण किया जायेगा। तीसरी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में वृद्धि होगी, मांग के अनुरूप गाड़ियां अधिक संख्या में तीव्र गति से चलायी जा सकेगी। यात्री गाड़ियों का संचलन और अधिक सुचारू रूप से होगा, रेल परिचालन सुगम होगा, समय पालन में सुधार होगा, जिससे यात्रियों के समय की बचत होगी। इसके साथ ही इस रेल खंड पर चलने वाली मालगाड़ियों के संचलन समय में कमी होगी जो व्यापारियों/उद्यमियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। इसके अतिरिक्त तीसरी लाइन पर आवागमन आरम्भ हो जाने से गोरखपुर कैंट सेटेलाइट स्टेशन के रूप में और बेहतर रूप से कार्य करने लगेगा तथा यहां से अधिक गाड़ियां चलाई जा सकेगी।

निरस्तीकरण के तहत बढ़नी एवं नरकटियागंज से 16 अप्रैल से 05 मई तक चलने वाली 55040/55039 बढ़नी- नरकटियागंज -बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर से 16 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55033/55034 गोण्डा-सीतापुर-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीतापुर एवं शाहजहाँपुर से 16 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55059/55060 सीतापुर-शाहजहाँपुर-सीतापुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं सीवान से 17 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55036/55035 गोरखपुर -सीवान-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। सीवान एवं थावे से 17 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55037/55038 सीवान-थावे-सीवान सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट एवं नरकटियागंज से 16 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55096/55095 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट एवं नरकटियागंज से 17 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55098/55097 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट एवं नरकटियागंज से 16 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55048/55047 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। भटनी एवं अयोध्या धाम से 26 अप्रैल से 03 मई तक चलने वाली 65115/65116 भटनी-अयोध्या धाम-भटनी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं गोण्डा से 12 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55093/55094 गोरखपुर -गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं सीतापुर सिटी से 12 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55091/55092 गोण्डा-सीतापुर सिटी-गोण्डा सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। बढ़नी एवं गोरखपुर से 14 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55074/55073 बढ़नी-गोरखपुर-बढ़नी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। छपरा एवं गोरखपुर से 14 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55056/55055 गोरखपुर-छपरा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं बढ़नी से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75117/75118 गोरखपुर-बढ़नी-गोरखपुर डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। नकहा जंगल एवं नौतनवा से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75115/75116 नकहा जंगल-नौतनवा-नकहा जंगल डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। नकहा जंगल एवं गोण्डा से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75107/75108 नकहा जंगल-गोण्डा-नकहा जंगल डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75109/75110 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75111/75112 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोण्डा एवं बहराइच से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75113/75114 गोण्डा-बहराइच-गोण्डा डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। थावे से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75105 थावे-नकहा जंगल डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 23 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 75106 गोरखपुर-थावे डेमू गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं गोण्डा से 12 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55032/55031 गोरखपुर-गोण्डा-गोरखपुर सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

दरभंगा एवं अमृतसर से 16 अप्रैल से 04 मई तक चलने वाली 15211/15212 दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 16 अप्रैल से 05 मई तक चलने वाली 15031/15032 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा एवं नौतनवा से 12 अप्रैल से 03 मई तक चलने वाली 15105/15106 छपरा-नौतनवा-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। लखनऊ जं. एवं पाटलीपुत्र से 12, 14, 15, 16, 18, 19, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29, 30 अप्रैल तथा 02 एवं 03 मई को चलने वाली 12530/12529 लखनऊ जं.-पाटलीपुत्र-लखनऊ जं. एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। सहरसा से 11, 13, 14, 15, 16, 18, 20, 21, 22, 23, 25, 27, 28, 29, 30 अप्रैल तथा 02 मई को चलने वाली 05577 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22, 23, 24, 26, 28, 29, 30 अप्रैल तथा 01 एवं 03 मई को चलने वाली 05578 आनन्द विहार टर्मिनस-सहरसा विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। रक्सौल से 12 अप्रैल से 03 मई तक चलने वाली 15273 रक्सौल-आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। आनन्द विहार टर्मिनस से 13 अप्रैल से 04 मई तक चलने वाली 15274 आनन्द विहार टर्मिनस-रक्सौल एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोमतीनगर एवं गोरखपुर से 12 अप्रैल से 05 मई तक चलने वाली 15082/15081 गोमतीनगर-गोरखपुर-गोमतीनगर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं पाटलीपुत्र से 14 अप्रैल से 03 मई तक चलने वाली 15080/15079 गोरखपुर-पाटलीपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। वाराणसी सिटी एवं गोरखपुर कैंट से 27 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 15130/15129 वाराणसी सिटी-गोरखपुर कैंट-वाराणसी सिटी एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर कैंट एवं सीवान से 27 अप्रैल से 06 मई तक चलने वाली 55042/55041 गोरखपुर कैंट-सीवान-गोरखपुर कैंट सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी।

वारणसी सिटी-गोरखपुर-वाराणसी सिटी सवारी गाड़ी निरस्त रहेगी। गोरखपुर एवं बहराईच से 14 अप्रैल से 03 मई तक चलने वाली 05131/05132 गोरखपुर-बहराईच-गोरखपुर विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। प्रयागराज रामबाग एवं मुजफ्फरपुर से 14, 16, 21, 23, 28, 30 अप्रैल को चलने वाली 12538/12537 प्रयागराज रामबाग-मुजफ्फरपुर-प्रयागराज रामबाग विशेष गाड़ी निरस्त रहेगी। पनवेल से 16, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 25, 26, 28, 29, 30 अप्रैल तथा 02, 03 एवं 05 मई को चलने वाली 15065 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 13, 14, 15, 18, 20, 21, 22, 25, 27, 28, 29 अप्रैल तथा 02 एवं 04 मई को चलने वाली 15048 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोलकाता से 14, 15, 17, 19, 21, 22, 24, 26, 28, 29 अप्रैल एवं 01, 03 एवं 05 मई को चलने वाली 15047 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 16, 19, 23, 26, 30 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 15050 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोलकाता से 16, 20, 23, 27, 30 अप्रैल एवं 04 मई को चलने वाली 15049 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 17, 24 अप्रैल एवं 01 मई को चलने वाली 15052 गोरखपुर-कोलकाता एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। कोलकाता से 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 15051 कोलकाता-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। छपरा एवं मथुरा जं. से 16, 21, 23, 25, 28 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 22531/22532 छपरा-मथुरा जं.-छपरा एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

गोरखपुर से 16, 23, 30 अप्रैल को चलने वाली 15067 गोरखपुर-बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। बान्द्रा टर्मिनस से 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 15068 बान्द्रा टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 16, 18, 23, 25, 30 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 15005 गोरखपुर-देहरादून एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। मुजफ्फरपुर से 21, 28 अप्रैल को चलने वाली 15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। देहरादून से 15, 17, 22, 24, 29 अप्रैल एवं 01 मई को चलने वाली 15006 देहरादून-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। देहरादून से 19, 26 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। साबरमती से 17, 19, 24, 26 अप्रैल एवं 01 मई को चलने वाली 19409 साबरमती-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19, 21, 26, 28 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 19410 गोरखपुर-साबरमती एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। रांची से 18, 25 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 18629 रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19, 26 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। पुणे से 17 अप्रैल एवं 02 मई को चलने वाली 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। गोरखपुर से 19 अप्रैल एवं 03 मई को चलने वाली 11038 गोरखपुर-पुणे एक्सप्रेस निरस्त रहेगी।

# विकसित और आत्मनिर्भर भारत पाने के लिए युवाओं का स्किल्ड होना जरूरी : प्रो. जेपी पाण्डेय

- एकेटीयू में कलाम प्रगति कार्यक्रम की हुई लांचिंग
- पायलट फेज के तहत दो कोर्स इनोवेशन एंड जिडाइन थिंकिंग और रोबोटिक्स की छात्रों को दी जायेगी 30 घंटे की ट्रेनिंग
- कोर्स पूरा होने पर छात्रों के बनाये प्रोटोटाइप की लगायी जाएगी प्रदर्शनी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में शनिवार को कलाम प्रगति कार्यक्रम को लांच किया गया। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग और एरा फाउंडेशन के सहयोग से लांच इस कार्यक्रम में इंजीनियरिंग के छात्रों को पायलट फेज के तहत निःशुल्क दो कोर्स इनोवेशन एंड जिडाइन थिंकिंग और रोबोटिक्स की 30 घंटे की ट्रेनिंग जाएगी। कोर्स पूरा होने के बाद छात्रों को इंडस्ट्री की जुड़ी समस्याओं को दिया जाएगा। जिसका छात्रों को समाधान करना होगा। समाधान के रूप में छात्रों के बनाये प्रोटोटाइप की प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी।

कार्यक्रम लांचिंग के मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को पाने के लिए युवाओं का स्किल्ड होना सबसे जरूरी है। छात्र जब पढ़ाई के साथ ही स्किल्ड होंगे तब नवाचार के जरिये आत्मनिर्भर बनेंगे। उन्होंने कहा कि आज के दौर में छात्रों के पास अवसरों की कोई कमी नही है लेकिन उसी अनुपात में चुनौतियां भी हैं। खुद को स्किल्ड कर इन चुनौतियों से पार पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कलाम प्रगति के तहत दोनों कोर्स काफी महत्वपूर्ण हैं। आने वाला समय इनोवेशन, रोबोटिक्स और एआई पर ही केंद्रित होगा इसलिए जो इस क्षेत्र में स्किल्ड रहेगा उसे ही आगे बढ़ने के अवसर भी मिलेंगे। उन्होंने छात्रों से इस ट्रेनिंग को गंभीरता से करने की अपील की। वित्त अधिकारी केशव सिंह ने कहा कि किताबी और व्यवहारिक ज्ञान के समावेश से प्रगति के नये सोपान छुए जा सकते हैं। यह प्रशिक्षण निश्चित ही व्यवहारिक ज्ञान को बढ़ायेगा।

आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण की आज के छात्रों को बहुत जरूरत है। इंडस्ट्री की मांग के अनुरूप छात्र ऐसे प्रशिक्षण से तैयार हो सकेंगे। डीन इनोवेशन प्रो. बीएन मिश्रा ने कहा कि छात्रों को स्किल्ड बनाने की दिशा में एह एक महत्वपूर्ण पहल है। प्रदेश में प्रतिभा की कमी नहीं है। प्रतिभावान छात्रों को स्किल्ड से जोड़कर निखारा जा सकता है। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज के निदेशक प्रो. वीरेंद्र पाठक ने कहा कि आने वाला समय रोबोटिक्स और एआई का है। जो भी इस क्षेत्र में दक्ष होगा उसे आगे बढ़ने के तमाम अवसर मिलेंगे। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने कलाम प्रगति कार्यक्रम की रूप रेखा पर प्रकाश डाला। एरा फाउंडेशन के सीईओ मुरलीधर पी ने कहा कि एरा फाउंडेशन छात्रों को स्किल्ड बनाने पर काम करती है। इसी के तहत उत्तर प्रदेश में एकेटीयू के साथ मिलकर हम नई तकनीकी की छात्रों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। इसका मकसद है छात्रों को इंडस्ट्री की जरूरतों के मुताबिक तैयार करना।

**ये छात्र कर रहे ट्रेनिंग:** इस कोर्स को करने के लिए बीटेक के सीएसई, आईटी और अन्य स्ट्रीम के द्वितीय वर्ष और उसके आगे के पासआउट छात्र ट्रेनिंग कर रहे हैं। यह कोर्स विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज में हर शुक्रवार और शनिवार को चलेगा। 30 घंटे के कोर्स में विशेषज्ञ छात्रों का मार्गदर्शन करेंगे।

**कोर्स करने से होंगे कई फायदे:** कोर्स के दौरान इंडस्ट्री के विशेषज्ञ छात्रों को प्रैक्टिकल करायेंगे। इसके अलावा हैंड्स ऑन ट्रेनिंग और नई उभरती तकनीकी के टूल्स के बारे में भी सिखाया जाएगा। डीन ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट प्रो. नीलम श्रीवास्तव के अनुसार यह कार्यशाला छात्रों के लिए काफी फायदेमंद होगी। भविष्य में भी ऐसी कार्यशालाएं और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। इनोवेशन एंड जिडाइन थिंकिंग में विशेषज्ञ छात्रों को नये आइडिया से प्रोटोटाइप बनाना शुरू करायेंगे। साथ ही सिग्मा के साथ डिजाइनिंग इंटरफेसेस, पेपर प्रोटोटाइपिंग, कैड, लेजर प्रिंटिंग और थ्री डी प्रिंटिंग के साथ मॉडलिंग, इसके अलावा, वर्तमान समय की समस्याओं और उसके समाधान खोजने के बारे में भी प्रशिक्षित करेंगे। इसी तरह रोबोटिक्स में रोबोटिक्स की सामान्य जानकारी के साथ ही मोटर नियंत्रण, पाइथन सहित अन्य आयामों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वर्तमान में इनोवेशन और रोबोटिक्स दो ऐसे क्षेत्र हैं जहां तमाम तरह के अवसर हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और कुलगीत से किया गया। इस मौके पर एसो. डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह, वंदना शर्मा, शिशिर द्विवेदी, प्रतिभा शुक्ला, एरा फाउंडेशन के गौतम नायक, रमेश पुदले, पलाष गुप्ता, वमशी, कृष्णा एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## दो पहिया पर हेलमेट तो चार पहिया सीट बेल्ट लगाने पर ही एकेटीयू में मिलेगा प्रवेश

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय परिसर सहित संबद्ध संस्थान ऑन में अब बिना हेलमेट और सीट बेल्ट लगाए प्रवेश वर्जित कर दिया गया है। कुलपति प्रो. जेपी पांडे के निर्देश पर शासन की मंशा अनुसार सड़क सुरक्षा को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। परिसर में दो पहिया वाहन चालक को हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक को सीट बेल्ट लगाने पर ही प्रवेश दिया जाएगा। इस बाबत कुलसचिव प्रो. राजीव कुमार की ओर से शनिवार को सभी संस्थाओं को पत्र जारी कर दिया गया है।

## छात्रों को वितरित की गयी लर्निंग किट



लखनऊ। आई ट्रिपल ई छात्र शाखा के तत्वावधान में आईईटी, लखनऊ में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आईईटी के निदेशक प्रो. विनीत कंसल, ईसीई विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुबोध वैर्या और आई ट्रिपल ई छात्र शाखा की वरिष्ठ सदस्य एवं शाखा काउंसलर प्रो. नीलम श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों, शोधार्थियों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 का थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है। साथ ही कार्यक्रम में शिक्षा और नवाचार के माध्यम से युवा दिमागों को पोषित करने पर जोर दिया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा जैसी मूल सुविधाओं से वंचित बच्चों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें भविष्य को नया आकार देने में शिक्षा की भूमिका के संबंध में बताया गया। कार्यक्रम में विज्ञान और पर्यावरण पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित किए गए, जिसके बाद एक आकर्षक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को लर्निंग किट वितरित किया गया। प्रश्नोत्तरी के विजेताओं को विशेष पुरस्कार मिले। इस समारोह ने सफलतापूर्वक युवा मस्तिष्कों को प्रेरित किया तथा विकसित भारत के निर्माण में विज्ञान एवं शिक्षा के महत्व को सुदृढ़ किया।

# चौधरी चरण सिंह विवि में एनएसडीसी का 'सेंटर ऑफ फ्यूचर स्किल्स'

विशेष संवाददाता (vol)



**मेरठ/ लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय (सीसीएसयू) मेरठ में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) द्वारा 'सेंटर ऑफ फ्यूचर स्किल्स' की स्थापना की जा रही है। इस केंद्र के माध्यम से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, हेल्थकेयर, पैरामेडिकल और लैंग्वेज स्किल्स जैसे आधुनिक पाठ्यक्रमों में युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा।

आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री जयंत चौधरी की उपस्थिति में एनएसडीसी और विश्वविद्यालय के बीच दो समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। पहले समझौते पर एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी और सीसीएसयू की कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने हस्ताक्षर किए, जिसका उद्देश्य कौशल विकास को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करना है। दूसरा समझौता स्पोर्ट्स फिजिकल एजुकेशन फिटनेस एंड लीजर स्किल्स काउंसिल और विश्वविद्यालय के बीच हुआ, जिसके तहत 600 महिला उम्मीदवारों को बैडमिंटन रैकेट और शटलकॉक निर्माण केंद्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंत्री जयंत चौधरी ने कहा कि यह केंद्र नवीनतम तकनीकी कौशल में छात्रों को प्रशिक्षित करने और उन्हें रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। एनएसडीसी के सीईओ वेद मणि तिवारी ने बताया कि यह सेंटर तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों क्षेत्रों में उन्नत कौशल प्रदान करेगा और छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी रोजगार के अवसर दिलाने में सहायक होगा। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद डॉ. लक्ष्मीकांत बाजपेयी, बागपत सांसद डॉ. राज कुमार सांगवान, बिजनौर सांसद चंदन चौहान, पूर्व सांसद राजेंद्र अग्रवाल, उत्तर प्रदेश एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# डॉ. सोनिया ने आणविक पैथोलॉजी के बढ़ते महत्व पर दिया जोर

- ऑन्कोपैथोलॉजी शिक्षा में नया आयाम: लखनऊ में राष्ट्रीय सेमिनार और सीएमई का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** कैंसर के सटीक निदान और शोध को नई दिशा देने के उद्देश्य से आरएमएल पैथोलॉजी में ऑन्कोपैथोलॉजी स्लाइड सेमिनार और ऑन्कोपैथोलॉजी अपडेट सीएमई का आयोजन किया गया। यह दो दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार को समापन हुआ, जिसमें देशभर से आये प्रमुख पैथोलॉजिस्टों, शोधकर्ताओं और स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया।

इसका उद्घाटन केजीएमयू की कुलपति पद्मश्री डॉ. सोनिया नित्यानंद ने किया। इस अवसर पर प्रमुख हिस्टोपैथोलॉजिस्ट डॉ. अनीता बोर्गेस विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। आरएमएल पैथोलॉजी के निदेशक डॉ. वंदना मेहरोत्रा, डॉ. संजय मेहरोत्रा और डॉ. सुप्रिया मेहरोत्रा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में देश के प्रतिष्ठित कैंसर विशेषज्ञों और पैथोलॉजिस्टों ने हिस्सा लिया, जिनमें टीएमएच मुंबई से डॉ. सुमीत गुजराल, डॉ. मुनिता बाल, डॉ. असावरी पाटिल, एसजीपीजीआई लखनऊ से डॉ. खलीकुर रहमान और डॉ. नुजहत हुसैन जैसी चिकित्सा जगत की बड़ी हस्तियां शामिल रहीं। उद्घाटन सत्र में डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कैंसर के सटीक निदान में आणविक पैथोलॉजी के बढ़ते महत्व पर जोर दिया और इस क्षेत्र में नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता बतायी। वहीं, डॉ. अनीता बोर्गेस ने कैंसर के उपचार को प्रभावी बनाने के लिए ऑन्कोपैथोलॉजिस्टों, चिकित्सकों और शोधकर्ताओं के बीच सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों के साथ स्लाइड सफारी थीम पर आयोजित इस स्लाइड सेमिनार में प्रतिभागियों ने जटिल मामलों पर गहन चर्चा की। हेमेटोपैथोलॉजी (रक्त कैंसर), हेड एंड नेक पैथोलॉजी (गले और सिर से जुड़े कैंसर) और ब्रेस्ट पैथोलॉजी (स्तन कैंसर) जैसे विषयों पर विशेषज्ञों ने केस स्टडीज के माध्यम से अपने अनुभव साझा किये। यह कार्यक्रम न केवल ऑन्कोपैथोलॉजी के क्षेत्र में नवीनतम शोध और तकनीकी विकास पर केंद्रित रहा, बल्कि प्रतिभागियों को केस-आधारित शिक्षण का व्यावहारिक अनुभव भी प्रदान किया। विशेषज्ञों और छात्रों के बीच संवादात्मक चर्चाओं ने कैंसर निदान और उपचार की नई संभावनाओं के द्वार खोले। इस दौरान तकनीकी नवाचार, सटीक डायग्नोस्टिक्स और कैंसर से जुड़ी नई चिकित्सा पद्धतियों पर भी प्रकाश डाला गया। आरएमएल पैथोलॉजी के निदेशक डॉ. बंदना मेहरोत्रा और डॉ. संजय मेहरोत्रा ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हर 6 महीने से 1 साल के भीतर इसी तरह के राष्ट्रीय स्तर के सेमिनार और सीएमई आयोजित किये जायें। इससे एडवांस विषयों पर देश के विशेषज्ञों के साथ चर्चा होगी और रोगों के सटीक निदान तथा अत्याधुनिक तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा।

## तहसील दिवस में 162 शिकायतें आईं, समाधान मात्र 38 का हुआ

**लखनऊ।** सारोजनी नगर में शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जिसमे 162 लोगो ने अपनी शिकायते दर्ज करवाई। जिसमें मात्र 38 शिकायतों का समाधान किया गया। बाकी 124 शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रेषित कर दी गई। ताकि समय रहते उनका निराकरण हो जाय। शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस में आई 162 शिकायतों में से पुलिस की 27, राजस्व की 86, विकास से संबंधित 4, समाज कल्याण की 3, शिक्षा और स्वास्थ्य की शून्य सहित अन्य 42 सहित कुल 162 शिकायते थी। जिसमे मात्र 38 शिकायतों का समाधान किया गया को राजस्व विभाग से संबंधित थी। इसी समाधान दिवस में फूल मति निवासी फरुर्खाबाद चिल्लावा ने शिकायत की की मेरा हाउस टैक्स सही कराया जाय। महेश कुमार पुत्र मुन्नी ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई है। जिसमे धारा 34 का आदेश हुआ था। लेकिन कोई निराकरण नहीं किया गया है। शीघ्र ही जांच पड़ताल कर समाधान किया जाय चिल्लावा के दर्जनों उपभोक्ताओं ने शिकायत की है की बोल्टेज की समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। अधिकारियों से मांग है की शीघ्र ही समाधान कराया जाय।

# माध्यम बदल जाये पर किताबों का महत्व कम नहीं होगा : सुशील कुमार

- रवीन्द्रालय चारबाग में लखनऊ पुस्तक मेला प्रारम्भ
- ईशा-मीशा के कथक ने सजायी सांझ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)






**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग लान में आज से नौ मार्च तक चलने वाला लखनऊ पुस्तक मेला प्रारम्भ हो गया। मेले का उदघाटन यूपी मेट्रो रेल कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशीलकुमार ने किया। बाल साहित्य थीम पर आधारित मेले में साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों का सिलसिला भी प्रारम्भ हो गया। सांस्कृतिक गतिविधियों में आज रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा की कथक संरचना मेरे रघुवर का प्रदर्शन विशिष्ट रहा।

उदघाटन करते हुए मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि किताबों का महत्व कभी कम नहीं हो सकता, माध्यम जरूर बदल सकता है। आज जरूरत है किताबों को डिजिटल में लाने की। कुछ प्रकाशकों ने यह काम शुरू भी कर दिया है। उन्होंने 60 से पार लोगों के लिए किताबें और मीडिया सामग्री तैयार करने का आह्वान करते हुए कहा कि मेट्रो के दरवाजे केवल पुस्तक मेलों ही नहीं, हर प्रतिभा, हर कलाकार के लिये प्रदर्शनात्मक आयोजनों और फोटो शूट, डाक्यूमेंट्री फिल्म आदि के लिये खुले हैं। अतिथि राजेन्द्र अग्रवाल ने बच्चों से मोबाइल लेकर उन्हें किताबें पकड़ाने की गुजारिश की। खेल संगठनों से जुड़े टीपी हवेलिया ने बाबा फतेह सिंह जैसे शहीद वीर बालकों का जिक्र किया। इससे पहले ज्योति किरन रतन के संचालन में चले समारोह में संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने 2003 से राष्ट्रीय और 2014 से लखनऊ पुस्तक मेले की शुरूआत का जिक्र करते हुए बताया कि अप्रैल में लखनऊ मेट्रो रेल के बच्चों के लिये विशेषई भी आयोजन करेंगे। आभार मेला निदेशक आकर्ष चंदेल ने व्यक्त किया।

**रतन सिस्टर्स ने पेश किया 'मेरे रघुवर':** कलाआंगन और ज्वाइन हैण्ड्स फाउण्डेशन के संयोजन में हुए नृत्य संगीत समारोह में रतन सिस्टर्स ईशा-मीशा नृत्य संरचना ह्यमेरे रघुवरह्न का प्रदर्शन किया। गुरु अर्जुन मिश्र और सुरभि सिंह की इन दोनों शिष्याओं ने शुरूआत राम स्तुति- नमामि भक्त वत्सलं.... से की। ईशा-मीशा की शिष्या रिद्धिमा ने भजन- श्रीरामचन्द्र कृपालु भजमन.... पर भावों को दशार्या। इसके बाद ईशा-मीशा ने लव कुश के रूप में राम कथा को कथक गतियों में अभिव्यक्त किया। तीन को अपराजिता संस्था के कलाकार नृत्य व संगीत कार्यक्रम पेश करेंगे। चार मार्च को शाम नाट्यशाला फाउण्डेशन व ओमश्री गणपति सामाजिक संस्था के कलाकार राजकुमार अनिल का लिखा हास्य नाटक सब गोलमाल है मंच पर खेलेंगे। पांच मार्च लोक संस्कृति शोध संस्थान की ओर से फाग की लोक चौपाल जमेगी।

**दिन भर रही कविताओं की गूंज:** मेले के सांस्कृतिक मंच पर आज कार्यक्रमों की शुरूआत अगीत परिषद और नवसृजन संस्था के संयोजन में सम्मान व काव्य समारोह का आयोजन हुआ। रूपा पाण्डेय शतरूपा की वाणी वंदना से प्रारम्भ समारोह में महेशचन्द्र द्विवेदी, प्रो. ऊषा सिन्हा, सुल्तान शाकिर, ओम नीरव व उमेशचन्द्र आदि ने भाग लिया। शाम को संकल्प फाउण्डेशन के कलाकारों से शशि सिंह के संयोजन में संगीत की महफिल सजायी। पृथ्वी इनोवेशन की ओर से पर्यावरण विषयक रोचक प्रतियोगिताओं का दौर चला।

## फाइलेरिया की दवा जरूर खायें

**लखनऊ।** फाइलेरिया कि रोकथाम के लिए स्वास्थ विभाग के तरफ से दवा दिया जा रहा है। बच्चों को दवा देने के लिए अलग दवा है और 18 वर्ष से ऊपर वालो के लिए दूसरी दवा दिया जा रहा है। लोकबन्धु, बलरामपुर अस्पताल और सिविल अस्पताल में दवाई निशुल्क दिया जा रहा है। फाइलेरिया से शरीर का वजन बढ़ जाता है। फाइलेरिया की दवा लेने के लिए किसी भी सरकारी अस्पताल से ले सकते है दवा को किस तरह से खाना है यह भी दवा लेते समय जानकारी लेना होगा। सिविल अस्पताल के प्रभारी ने बताया कि ज्यादा से ज्यादा लोगो को दवा देना है जिससे फाइलेरिया पूरी तरह से समाप्त हो जाये। उन्होने बताया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होता है यह मच्छर दिन में ही काटता है और यह मच्छर ज्यादा दूरी तक नही उड़ सकता है। मच्छर का प्रकोप ज्यादातर आलमबाग, सरोजनीनगर, नादरगंज और अन्य क्षेत्र मच्छर ज्यादा है। लोकबन्धु के सीएमएस ने बताया कि जिन महिलाओं के बच्चा होने वाला है वह इस दवा का उपयोग न करे। इसके साथ ही छोटे बच्चों को दवा का डोज कम देना है।

## इग्नू का दीक्षांत समारोह 5 को

लखनऊ। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विवि (इग्नू) का 38वां दीक्षांत समारोह 5 मार्च को सम्पन्न होगा। मुख्य समारोह इग्नू मुख्यालय मैदानगढ़ी, नई दिल्ली में आयोजित होगा जहां बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान रहेंगे और दीक्षांत भाषण देंगे। इसी क्रम में 39 क्षेत्रीय केंद्रों पर साथ-साथ दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जायेगा, जहां पर परास्नातक एवं स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की जायेगी। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए कहा कि लखनऊ में यह कार्यक्रम इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र, लखनऊ के सभागार में आयोजित किया जायेगा। जहां पर 351 अर्ह-विद्यार्थियों को व्यक्तिगत रूप से उपाधि प्रदान की जायेगी।

संक्षेप

## विज्ञान ,नवाचार के बल पर युवा करेंगे विश्व का नेतृत्व

**देवरिया ।** सदर विकासखंड के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस प्रभारी प्रधानाध्यापिका श्रीमती इंद्रावती देवी की अध्यक्षता में मनाया गया।सहायक अध्यापक अनिल कुमार राय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना है के बारे में विस्तार से बताया गया। विज्ञान अध्यापिका श्रीमती संध्या यादव ने बच्चों को सी वी रमन द्वारा रमन प्रभाव के खोज को चिन्हित करने के लिए हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है।

इसकी मंजूरी भारत सरकार द्वारा वर्ष 1986 में दी गयी विज्ञान अध्यापिका स्वाति सिंह ने विज्ञान दिवस मनाने के पीछे के मकसद समाज में वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाना ।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित




**देवरिया ।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में तहसील बरहज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर जिलाधिकारी तथा पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने जनता की

- **कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र हुए प्राप्त, जिसमे से 2 का मौके पर किया गया निस्तारण**

समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए।

जिलाधिकारी ने कहा कि भूमि विवादों का समाधान तथा सार्वजनिक भूमि पर अवैध अतिक्रमणों को हटाना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें और भूमि विवाद से जुड़ी समस्याओं का समाधान कराये। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन मामलों का समाधान आज नहीं हो सका है, उन्हें समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारित किया जाए।पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई की और पुलिस अधिकारियों तथा थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता के साथ किया जाए।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 13 राजस्व विभाग, 8 पुलिस विभाग, 11 विकास विभाग, 7 खाद्य एवं रसद शिक्षा विभाग, एक समाज कल्याण विभाग और 5 अन्य विभागों से संबंधित थे। मौके पर 2 शिकायती प्रार्थना पत्रों का समाधान किया गया, जबकि शेष 43 मामलों को संबंधित विभागों को समाधान हेतु सौंपा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनपद के विभिन्न विभागों के अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और थानाध्यक्षों की उपस्थिति रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस से पूर्व जिलाधिकारी ने बीआरडी पीजी कॉलेज, बरहज आश्रम में स्थित पंडित रामप्रसाद बिस्मिल के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया तथा बाबा राघव दास की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का किया गया स्वागत

**अयोध्या।** शनिवार को भाजपा कार्यालय सिविल लाइन में नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने करियप्पा मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, जिला प्रतिनिधि अनुराग त्रिपाठी, देवकाली मंडल के अध्यक्ष हेमंत जायसवाल प्रतिनिधि शशि प्रताप सिंह, पूरा मंडल के अध्यक्ष कपिल देव वर्मा तथा प्रतिनिधि अतुल सिंह को माला तथा अंगवस्त्र पहना कर स्वागत किया।

महानगर के अन्य पदाधिकारियों ने सभी मंडल अध्यक्षों का स्वागत किया।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि सभी मंडल अध्यक्ष पार्टी की नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करें।

सांगठनिक स्तर के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करें। सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुए सभी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिलाने को प्राथमिकता दें।

## बोर्ड परीक्षा में दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे दो सॉल्वर गिरफ्तार

**देवरिया।** यूपी बोर्ड परीक्षा में श्री बलदेव स्वामी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरौना में शनिवार को दूसरे के स्थान पर हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा दे रहे दो साल्वर को गिरफ्तार कर लिया गया। केंद्र व्यवस्थापक ने खुखुंदू थाने में तहरीर दी है।पुलिस कार्रवाई में जुटी है।यूपी बोर्ड की तरफ से श्री बलदेव स्वामी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैरौना को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।इस केंद्र पर आरडीडीएसएफ हायर सेकेंडरी स्कूल रानीघाट के छात्र परीक्षा दे रहे हैं।सुबह प्रथम पाली में हाईस्कूल गणित विषय की परीक्षा चल रही थी।कमरा नंबर 14 में तलाशी के दौरान दो परीक्षार्थी संदिग्ध लगे। जांच में पता चला कि दोनों फर्जी परीक्षार्थी हैं, जो दूसरे की जगह परीक्षा दे रहे हैं।केंद्र व्यवस्थापक ने उन्हें खुखुंदू पुलिस के हवाले किया।पूछताछ में पता चला कि सदर कोतवाली के रानीघाट गांव के रहने वाले रोशन कुमार गोड़ पुत्र सुनील गोड़ के स्थान पर उसी गांव का अवनीश यादव पुत्र परीखन यादव व रानीघाट गांव के ही सुनील यादव पुत्र अमरजीत यादव के स्थान पर उसी गांव का सचिन यादव पुत्र रामकृपाल यादव परीक्षा में शामिल हुआ है।पुलिस आरोपित अवनीश यादव व सचिन यादव को पकड़कर थाने ले गई।उनके पास फर्जी आधार कार्ड भी मिला, जो कूटरचित ढंग से तैयार किया गया था।केंद्र व्यवस्थापक जंगशेर सिंह ने बताया कि खुखुंदू थाने में तहरीर दे दी है।

## संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 130 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद द्वारा संचालित माध्यमिक परीक्षा में श्रीनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केंद्र पर 130 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया ।वर्ष 2025 की परीक्षा में इस केंद्र पर जिले के आठ संस्कृत माध्यमिक विद्यालयों श्रीनारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कप्तानगंज, लक्ष्मी नारायण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लक्ष्मीगंज, संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बतरडेरि, श्रीनाथ संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं, श्री संस्कृत पाठशाला रामकोला,रविंद्राश्रम संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रविन्द्र नगर, महानिर्वाण संस्कृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कसया का केंद्र निर्धारण किया गया है जहां पूर्व मध्यमा केइ133, उत्तर मध्यमा प्रथम के 74, एवं उत्तर मध्यमा द्वितीय के 56कुल 263छात्र परीक्षार्थी हैं।शनिवार को परीक्षा के दिन प्रथम पाली में 130 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।केंद्राध्यक्ष डॉ बशिष्ठ द्विवेदी एवं सह केंद्राध्यक्ष ओंकारेश्वर पाण्डेय परीक्षा की व्यवस्था देख रहे हैं।सह केंद्राध्यक्ष की नियुक्ति जिला विद्यालय निरीक्षक कुशीनगर द्वारा की गई है।

## जनपद के सात अभियुक्तों को एडीएम ने किया जिला बदर

**कुशीनगर।** अपर जिला मजिस्ट्रेट न्यायिक प्रेम कुमार ने गुण्डा एक्ट नियंत्रण अधिनियम की धारा 3/4 के अन्तर्गत ऐसे अभियुक्त जिनके विरूद्व सम्बन्धित थाने मे गम्भीर मुकदमा दर्ज है उनको लोक शांति के दृष्टिगत गुण्डा घोषित करते हुए जनपद की सीमा से छः माह के लिए निष्कासित करते हुए जिला बदर किया गया है।छः माह के लिए जिलाबदर में लंका उर्फ जहरुद्दीन पुत्र फारूक ग्राम मुकुंदहा दिवान टोला थाना कसया को जिला देवरिया,जमीर पुत्र हजरत ग्राम कूचियां टोला पिपरा थाना पटहेरवा को महराजगंज, हेमंत तिवारी पुत्र कन्हैया तिवारी ग्राम मठिया श्रीराम थाना तरया सुजान को जनपद देवरिया, आबिद पुत्र मैनुद्दीन ग्राम जवार भैंसहा थाना पटहेरवा को जनपद देवरिया, रफी अहमद पुत्र इंद्रीश ग्राम बसहिया बनवीरपुर थाना पडरौना को जनपद देवरिया, आलोक मद्धेशिया पुत्र सरल मद्धेशिया ग्राम सलेमगढ़ थाना तरायासुजान को देवरिया तथा उमर फारूक उर्फ.छोटे अंसारी पुत्र मैनुद्दीन ग्राम सबया थाना कसया शामिल है।उक्त आदेश 28 फरवरी 2025 से प्रभावी है।

## मेडिकोलीगल के नाम पर वसूली का वीडियो वायरल, कर्मी पर गिरी गाज

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुबेरस्थान में तैनात एक आउटसोर्सिंग स्वास्थ्य कर्मचारी द्वारा मेडिकोलीगल के नाम पर अवैध वसूली किए जाने का मामला सामने आया है। यह मामला तब प्रकाश में

- **जिले के कुबेरस्थान सीएचसी का मामला**
- **कर्मचारी का वेतन रोकते हुए किया स्थानांतरित**

आया जब एक महिला ने काउंटर पर 570 रुपए प्रति व्यक्ति मांगे जाने का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने आनन फानन उक्त कर्मी का वेतन रोकते हुये स्थानांतरित कर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है तथा अग्रिम कारवाई हेतु उच्चाधिकारियों को अवगत कराया है।बतादे कि शुक्रवार देर शाम वायरल हुए इस वीडियो में सीएचसी में पर्ची काउंटर पर बैठे कर्मचारी को मेडिकोलीगल प्रक्रिया के लिए चार बच्चियों की मां से प्रति व्यक्ति 570 रुपए मांगते हुए देखा जा सकता है। महिला द्वारा इस अत्यधिक शुल्क पर आपत्ति जताने और वीडियो बनाने के बाद मामला तूल पकड़ लिया है। वीडियो वायरल होने के बाद अस्पताल प्रशासन ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आरोपी कर्मचारी का वेतन रोक सीएचसी से स्थानांतरित कर कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया है। साथ ही उन्होंने उच्चाधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की है। इस संदर्भ में डॉ. धीरज सिंह का कहन-

ा है कि सोशल मीडिया के माध्यम से ही मामला संज्ञान में आया है, हमने तुरंत संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर वेतन रोक दिया है एवं स्थानांतरित भी कर दिया गया है। इस सम्बन्ध में उच्चाधिकारियों को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है।बहुत जल्द इस पर ठोस कार्रवाई की जाएगी।

## गोद लेने वाले टीबी रोगियों से रखें भावनात्मक लगावः बीएसए




**कुशीनगर।** 100 डे टीबी खोज अभियान के तहत जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज के प्रेरणा एवं निर्देशन में जनपद में चलाये जा रहे टीबी रोगियों के गोद लेने के कार्यक्रम के क्रम में बेसिक शिक्षा विभाग तमकुही द्वारा शनिवार को ब्लाक सभागर में 75 टीबी

- **जनांदोलन द्वारा टीबी मुक्त होगा जनपदः डीटीओ**
- **ब्लॉक सभागर में 75 टीबी रोगियों में वितरित हुआ पौष्टिक आहार**

रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया।कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन वर्मा ने कहा कि टीबी रोगियों को गोद लेना पुनीत कार्य है। जो भी शिक्षक या शिक्षिका गोद लिए लिया है उन रोगियों से भावनात्मक लगाव रखते हुये उस मरीज से महीने में एक बार जरूर बात कर उसके स्वास्थ्य की जानकारी ले ले। विशिष्ट अतिथि जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस.एन.त्रिपाठी ने कहा कि जनांदोलन के द्वारा ही हम जनपद को टीबी मुक्त बना सकते है। उन्होंने इस पुनीत कार्य हेतु बेसिक शिक्षा विभाग के प्रति आभार भी प्रकट किया तथा टीबी रोग के लक्षणों एवं उपचार के बारे में विस्तारपूर्वक बताया।

कार्यक्रम को अधीक्षक डॉ अमित राय,एमोटीसी डॉ हिमांशु मिश्र,निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र,एसटीएलएस संजय द्विवेदी ने भी संबोधित किया।अध्यक्षता कर रहे खण्ड शिक्षा अधिकारी सुधीर कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम हेतु मुझे समय कम मिला फिर भी मैं अपने शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के सहयोग से कराया। उन्होंने कहा कि शिक्षक शिक्षा कार्य के साथ सामाजिक कार्यों में भी अग्रणी भूमिका में रहते है।

कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राजू सिंह ने किया। अतिथियों का स्वागत शिक्षक संघ के अध्यक्ष शम्भू यादव ने किया तथा आभार ज्ञापन मंत्री देवेंद्र कुमार ओझा ने किया। इस दौरान एसटीएस धनंजय कुमार पांडेय, बीसीपीएम वाहिद, परामर्शदाता रत्नेश मणि त्रिपाठी, शिक्षक अमरनाथ यादव, अजय सिंह, सुधा सिंह, नलनी गुप्ता, सुनीता यादव, विद्यावती यादव आदि सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षका उपस्थित रहे।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज की कार पुलिस स्कॉट वाहन से अचानक टकराई, मची अफरा - तफरी

**देवरिया।** उच्च न्यायालय इलाहाबाद के न्यायमूर्ति राजीव कुमार सिंह की कार शनिवार देवरिया में सिविल लाइंस रोड पर पुलिस स्कॉट वाहन से अचानक टकरा गई। संयोग रहा कि किसी को चोट नहीं आई है। न्यायमूर्ति सहित कार में सवार सभी लोग बाल बाल बच गए। न्यायमूर्ति दोपहर में दीवानी न्यायालय देवरिया के सभागार में आयोजित न्याय में फॉरेंसिक साइंस का योगदान विषय पर आयोजित संगोष्ठी में भाग लेने के लिए आ रहे थे। उनका काफिला अभी सिविल लाइंस रोड पर विकास भवन के आगे पहुंचा था कि आगे आगे चल रहे पुलिस स्कॉर्ट वाहन का अचानक ब्रेक लग गया। हादसे में कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है।इसकी वजह से न्यायमूर्ति की कार पुलिस स्कॉर्ट वाहन से टकरा गई।न्यायमूर्ति की कार का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।इसके बाद वहां अफरा तफरी मच गई। कुछ मिनट के लिए काफिला रुक गया। कार में सवार न्यायमूर्ति सहित स्टाफ बाल बाल बच गए।न्यायमूर्ति के काफिले में अतिरिक्त पुलिस महानिरीक्षक लखनऊ जीके गोस्वामी भी शामिल थे।इसके बाद काफिला दीवानी न्यायालय के लिए रवाना हो गया।

## खेल को जीवन में उतारेः रनवीर सिंह

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की स्वर्ण जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल के कुशल निर्देशन में आवासीय परिसर में स्वर्ण जयंती खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। शनिवार को प्रशासनिक मैदान में वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता मुख्य अतिथि रनवीर सिंह, अंतरराष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी, पूर्व कप्तान की गरिमामयी उपस्थिति प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।इस वॉलीबॉल खेल के बालिका वर्ग में साकेत महाविद्यालय की टीम विजेता और अवध विश्वविद्यालय की टीम उपविजेता रही। वहीं बालक वर्ग में अवध विश्वविद्यालय कैंपस की टीम विजेता और के.एस.साकेत महाविद्यालय की टीम उपविजेता बनी। इस खेल प्रतियोगिता में अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, इंद्रावती पीजी कॉलेज, साकेत पीजी कॉलेज अयोध्या, झुनझुनवाला पीजी कॉलेज, गौतम बुद्ध गवर्नमेंट कॉलेज दर्शन नगर आदि है।

# पं. लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी की 51वीं पुण्य तिथि मनायी गयी

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष और भारतीय जनसघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, प्रसिद्ध अधिवक्ता तथा हिन्दू विचारक

स्वर्गीय लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी की 51वीं पुण्य तिथि नगर के आराध्या कुञ्ज सभागार में ₹लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी स्मृति न्यास₹ के तत्वावधान में मनाई गई।

इस अवसर पर आयोजित ₹लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी स्मारक व्याख्यान माला₹ के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद डॉ0 रमापति राम त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में महिला डिग्री कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद तिवारी का भावपूर्ण उद्बोधन हुआ। वक्ता द्वय ने स्वर्गीय लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी के व्यक्तित्व और उनके कालखण्ड पर प्रकाश डाला।पूर्व सांसद डॉ0 त्रिपाठी ने ₹ सामाजिक जीवन में शुचिता ₹ इस विषय पर प्रकाश डालते हुए स्वर्गीय लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी के जीवन में आचरित शुचिता का स्मरण श्रोताओं को कराया। पूर्व सांसद ने कहा की आज के सामाजिक कार्यकत्ताओं को श्री चतुर्वेदी के शुचिता पूर्ण जीवन से सीख लेने की आवश्यकता है।

दिवाकर प्रसाद तिवारी ने साहित्य और पत्रकारिता में शुचिता पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने हिंदी, संस्कृत और अंग्रेजी साहित्य में आए शुचिता के उदाहरण देते हुए अपने विचार व्यक्त किए। पत्रकारिता के क्षेत्र मे वरिष्ठ पत्रकारों द्वारा आचरित शुचिता के अनेक उदाहरण प्रस्तुत कर अपनी बात स्पष्ट रूप से रखी।

भाजपा नेता द्वय विश्वम्भर मिश्र तथा राधे श्याम शुक्ल ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रसिद्ध शायरा अंजलि अरोड़ा ने अपने श्रद्धा सुमन एक गजल के रूप में अर्पित किया।

इस अवसर पर ₹ लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी प्रज्ञा सम्मान ₹ और ₹ लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी प्रतिभा सम्मान ₹ का अलंकरण समारोह भी आयोजित हुआ। वर्ष 2025 का प्रज्ञा सम्मान देवरिया भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष श्री राम अधार गुप्त [ राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र ] तथा नागरी प्रचारिणी सभा देवरिया के वर्तमान अध्यक्ष आचार्य परमेश्वर जोशी [ पत्रकारिता तथा समाज सेवा ] को प्रदान किया गया।

इस वर्ष का ₹ लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी प्रतिभा सम्मान ₹ 13 वर्षीय उदीयमान चित्रकार सत्यम सिंह को प्रदान किया गया। सत्यम सिंह ने पूर्व सांसद श्री रमापति राम त्रिपाठी और स्व0 लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी के स्व निर्मित रेखाचित्र प्रस्तुत कर सभागार में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों को चमत्कृत कर दिया। लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी स्मृति न्यास ₹ के अध्यक्ष कमल नयन चतुर्वेदी ने न्यास के निमित्त तथा रूपरेखा पर विस्तार से प्रकाश डाला। अध्यक्ष के धन्यवाद ज्ञापन के साथ इस कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का कुशल संचालन युवा भाजपा नेता वीरेन्द्र कुमार सिंह और करन त्रिपाठी ने किया।न्यास अध्यक्ष ने किया बृक्षारोपण न्यास के अध्यक्ष सलेमपुर के निकट स्थित ग्राम सोनबरसा के अपने आवास की 'लक्ष्मी वाटिका' में ₹ 16 वृक्ष पिता के नाम ₹ पर लगाकर इस वर्ष के पुण्य तिथि के आयोजन का समापन किया।

## 15 मार्च से चलेगा 'ऑपरेशन कब्जा मुक्ति

देवरिया । जिले में सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि और ग्राम समाज की भूमि पर अतिक्रमण करने वालों की अब खैर नहीं है।जिला प्रशासन ने समस्त प्रकार की सार्वजनिक भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त कराने के लिए कमर कस ली है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देशन में 15 मार्च से सार्वजनिक भूमि को कब्जामुक्त कराने के लिए *ऑपरेशन कब्जा मुक्ति* अभियान चलेगा। अभियान के अंतर्गत कुल 800 चिन्हित सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि एवं ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।ऑपरेशन कब्जा मुक्ति* के विषय मे विस्तृत जानकारी देते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि शासन की मंशानुरूप इस विशेष अभियान की कार्ययोजना बनायी गई है। अभियान के प्रथम चरण में व्यापक जनसुविधा के दृष्टिगत सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि जैसे रास्ता, चकरोड, खेल का मैदान, चारागाह, पोखरी, खाद का गड्ढा आदि से अतिक्रमण हटाया जाएगा। द्वितीय चरण में ग्राम समाज की भूमि जैसे नवीन परती, बंजर पर से अतिक्रमण हटाने के कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि *ऑपरेशन कब्जा मुक्ति* के अंतर्गत अतिक्रमण हटाने से पूर्व अतिक्रमणी को तहसील प्रशासन द्वारा डुग्गी-मुनादी एवं नोटिस आदि के माध्यम से सूचित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने अवैध अतिक्रमणकारियों को चेताया भी कि वे स्वयं अपने अवैध कब्जे को हटा कर लें, अन्यथा की स्थिति में सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी जिलाधिकारी ने बताया कि *ऑपरेशन कब्जा मुक्ति* के अंतर्गत कुल 800 चिन्हित सार्वजनिक उपयोगिता की भूमि और ग्राम समाज की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा।इन प्रकरणों का तहसीलवार चिन्हीकरण पिछले छह माह में विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्र, तहसीलदार न्यायालय से बेदखली के मुकदमों में पारित आदेश तथा लेखपालों द्वारा उपलब्ध कराए गए रिपोर्ट के आधार पर किया गया है। भाटपाररानी में सर्वाधिक 226, सलेमपुर में 202 रुद्रपुर में 116, बरहज में 105 तथा देवरिया सदर तहसील में 151 प्रकरण चिन्हित किये गए हैं जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद की सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने जनपदवासियों से अनुरोध किया है कि वे प्रशासन के इस प्रयास में सहयोग करें और सार्वजनिक भूमि को अतिक्रमण मुक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

# रंग लाया सांसद के तल्ख तेवर , ओवरब्रिज की मार्किंग शुरू

कुशीनगर।पडरौना शहर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए दो अलग अलग रेलवे क्रासिंग पर प्रस्तावित ओवरब्रिज और अंडरपास का निर्माण कार्य अधर मे लटका हुआ था। क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे के तल्ख नाराजगी के बाद नगर के भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी ढाला पर ओवरब्रिज निर्माण को लेकर रेलवे के

- **शहर में जाम से जल्द मिलेगी निजात।**
- **ओवरब्रिज के निर्माण के लिए रेलवे प्रशासन ने बढ़ाया कदम।**

इंजिनियर और आईओडब्लू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार के नेतृत्व मे गठित राजस्व टीम ने मार्किंग शुरू कर दी है। बतादे कि पडरौना नगर को जाम के झाम से निजात दिलाने के लिए सुभाष चौक से मेन बाजार जाने वाली सडक पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर अंडरपास व नोनिया पट्टी ढाले पर ओवरब्रिज के निर्माण के लिए वर्ष 2023 मे क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे ने भूमि पूजन कर शिलान्यास किया था। इसके लिए 65 करोड रुपये का बजट भी मंजूर हो गया था। किन्तु कुछ तकनीकी कारणों के वजह से अंडरपास व ओवरब्रिज निर्माण का कार्य अधर मे लटक गया था।शहर में बढती जाम की समस्या को लेकर पडरौनावासियों के लगातार बुलंद हो रहे आवाज को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्रीय सांसद विजय दूबे बीते दिनों पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों से मिलकर तल्ख नाराजगी जताई थी। नतीजतन अंडरपास व ओवरब्रिज के निर्माण के लिए न सिर्फ निविदा आमंत्रण की प्रक्रिया शुरू हो गयी बल्कि भूतनाथ कालोनी नोनिया पट्टी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के इंजिनियर व आईओडब्लू की मौजूदगी व नायब तहसीलदार शैलेश सिंह के नेतृत्व में राजस्व निरीक्षक अरविन्द पति त्रिपाठी, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, बंशबहादुर यादव, गजेन्द्र प्रताप सिंह, अग्निवेश पाण्डेय व रामदर्शन शर्मा ने राइट आफ वे का मार्किंग शुरू कर दिया है।

**एसडीएम ने जारी किया है आदेश**

उप जिलाधिकारी सदर व्यास नरायण उमराव द्वारा जारी आदेश प्रतांक संख्या 225/रा0लि/2025 मे राजस्वकर्मियो को निर्देशित किया है कि कार्यालय उप० मुख्य इंजीनियर/नि०/प्रथम/वाराणसी के पत्र दिनांक 21.02.2025 के द्वारा पडरौना के नोनिया प ?ट्टी क्रासिंग संख्या-67 सी पर बन रहे आरओबी के निर्माण के सम्बन्ध समपार संख्या - 67सी के दोनो तरफ लगभग 500 मीटर का राईट ऑफ वे का मार्किंग कराये जाने की अपेक्षा की गयी है जिसके क्रम में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने के लिए शैलेश सिंह, नायब तहसीलदार पडरौना के नेतृत्व टीम का गठन किया जाता है। राजस्व निरीक्षक अरविन्द पति त्रिपाठी, लेखपाल योगेन्द्र गुप्ता, लेखपाल बंशबहादुर यादव, लेखपाल, गजेन्द्र प्रताप सिंह, लेखपाल अग्निवेश पाण्डेय, लेखपाल रामदर्शन शर्मा को निर्देशित किया जाता है कि मौके पर उपस्थित होकर नियमानुसार राईट ऑफ वे का मार्किंग सुनिश्चित करें तथा अपनी सुस्पष्ट आख्या मय फोटोग्राफ्स अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

## पतंग टूर्नामेट का हुआ समापन, 65 टीमों ने की पतंगबाजी

अयोध्या। बीते 9 फरवरी से शुरू हुई पतंग टूर्नामेंट का शनिवार को समापन हो गया। स्वर्गीय मुन्ना सिंह निषाद की पुण्यतिथि के मौके पर पतंग टूनामेंट कराया गया। इस टूनामेंट को निषाद समाज के अध्यक्ष व वरिष्ठ समाज सेवी श्यामलाल निषाद के नेतृत्व में किया गया।इस पतंगबाजी में 65 टीमें शामिल हुए। अंतिम दिन पतंग बाजो ने अपनी अपनी पतंग से कलाओं का प्रदर्शन किया।जिसमें प्रथम,द्वितीय, तृतीय टीमों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रयागराज पूर्व सीएमओ डॉ. नानक शरण मौजूद रहे। श्यामलाल निषाद ने कहा कि स्वर्गीय मुन्ना निषाद की पुण्यतिथि के मौके पर पतंग टूनामेंट रखा गया था। जिसका आज फाइनल था।इस टूनामेंट में काम से कम 10,000 लोगों की भीड़ देखने को मिली है। यह जिले का टूनामेंट कराया गया था। अगले साल पूरे ऑल इंडिया की टीमें लाने की तैयारी की जा रही है। इस अवसर पर अरुण निषाद पहलवान नीरज कनौजिया असलम आकाश निषाद छोटकन निषाद मोनू अप्पू रवि बाबू अंशु यादव नितेश मौर्य रवि सोनकर सुरेंद्र यादव अंकित निषाद मौजूद रहे।

## मेहंदी प्रतियोगिता व पर्यावरण संरक्षक विषय के गोष्ठी आयोजित

**भटनी(देवरिया)** ।बहादुर यादव महिला महाविद्यालय मे एन एस एस के विशेष शिविर मे मेंहदी प्रतियोगिता व पर्यावरण संरक्षण पर हुई गोष्ठी ।कार्यक्रम की शुरूआत प्रार्थना सभा व प्राणायाम से हुई ।स्वयंसेविकाओं द्वारा प्रभातफेरी के दौरान आधे दर्जन गाँवो मे घर घर जाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक किया । दुसरे सत्र मे मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । परिचर्चा मे वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण को संरक्षित प्रकृति से छेडछाड व पौधों को नदी नालो को स्वच्छ रहकर पेडो की कटाई को रोक कर ही किया जा सकती है ।सरकार द्वारा अध्यादेश भी जारी किया गया है ।

परिचर्चा मे सत्येन्द्र कुमार सहित आधे दर्जन लोगो ने अपना विचार व्यक्त किया ।

इस अवसर पर प्रबन्धक अजय कुमार यादव ने मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि को माल्यार्पण व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।इस अवसर पर प्राचार्य डाँ राकेश तिवारी कार्यक्रम अधिकारी डाँ अनूप कुमार डाँ कंचन मिश्र तारा ठाकुर विरेन्द्र प्रताप विश्वकर्मा सीमा यादव प्रतिभा पटेल दुर्गेश यादव राहुल यादव प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।इसी क्रम मे राजा देवी महिला महाविद्यालय सल्लहपुर भटनी मे एन एस एस के विशेष शिविर के पाँचवे दिन सबसे पहले स्वयंसेविकाओं ने शिविर स्थल प्राथमिक स्कूल सल्लहपुर के परिसर की साफ सफाई किया ।और प्रभात फेरी के अन्तर्गत स्वयंसेविकाओं ने आधा दर्जन से अधिक गाँवो मे जाकर लोगो को मतदान के लिए जागरूक किया ।लोगो को लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए भयमुक्त होकर मतदान करने की अपील की गयी ।

दोपहर बाद महिला सशक्तिकरण पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया ।जिसमे वक्ताओं ने कहा लिंग का भेदभाव नही क्योंकि स्त्री पुरुष को भी समानता का अधिकार है ।सभी को मिलकर महिलाओं के अधिकारो के प्रति जागरूकता पैदा कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने अपना योगदान देने की आवश्यकता है ।कार्यक्रम को प्राचार्य डाँ अमित कुमार राय कार्यक्रम अधिकारी पूनीता मिश्रा रितेश श्रीवास्तव डाँ नन्दकिशोर तिवारी ने भी अपना विचार व्यक्त किया ।

## शहीद हेमू कालाणी पार्क में हो रहे निर्माण पर रोक लगाने की मांग

अयोध्या। सिंधु सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने अयोध्या विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अश्विनी कुमार पांडेय से मिलकर अमर शहीद हेमू कालाणी तहसील पार्क पर हो रहे निर्माण पर कड़ी आपत्ति जताते हुए कार्य को रुकवाने हेतु ज्ञापन दिया। संस्था अध्यक्ष अमृत राजपाल ने बताया कि अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क का निर्माण 1973 में हुआ है और अयोध्या नगर निगम अभिलेख में भी पुलिस लाइन वार्ड के अंतर्गत हेमू कालाणी पार्क क्रम संख्या 2 पर अंकित है ।राजपाल ने कहा कि तहसील अमर शहीद हेमू कालाणी पार्क पर 1973 से लगातार सिंधी समाज सहित सर्व समाज द्वारा शहीद के सम्मान में अनेकानेक कार्यक्रम वर्ष में होते है और अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा बड़ा चबूतरा बनाकर पार्क पर दूसरी मूर्ति लगाने की योजना है जिससे भविष्य में शहीद के कार्यक्रम भी नहीं हो पाएंगे जिससे सिंधी समाज सहित सर्वसमाज में रोष व्याप्त है और शहीदों के सम्मान से किसी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

संक्षेप

## बाइक से जा रही वृद्धा की मौत

पाटन, उन्नाव। शादी समारोह में अपने नाती के साथ मोटर साइकिल में जा रही वृद्धा की मोटरसाइकिल से गिरने से गंभीर चोट के चलते मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के पति डाकखाने में पोस्ट मास्टर के पद से सेवा निवृत्त हैं। वही मृतका के तीन पुत्र सुशील संदीप व सुशील हैं। बिहार थाना क्षेत्र के ग्राम मवैया मजरे चैनपुर की वृद्धा ननका 65 वर्ष पत्नी धुन्नीलाल अपने नाती के साथ मोटरसाइकिल से जनपद रायबरेली के गांव बसावन खेड़ा एक शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रही थी। मोटरसाइकिल का बैलेंस बिगड़ने से वह खरगवन खेड़ा के पास जमीन पर गिर पड़ी और जख्मी हो गई। गंभीर चोट लगने के कारण वृद्धा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मृतका के तीन पुत्र सुशील, संदीप, सुनील है ।

## सामूहिक विवाह मे 166 जोड़े हुए शामिल

सीतापुर ।जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्ष मवार ने बताया कि शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत चयनित स्थल दशहरा मेला मैदान बिसवां में सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ ।इस कार्यक्रम में कुल 166 जोड़े शामिल हुये। जिसमें से बिसवां के 51, खैराबाद के 34, सकरन के 47, गोंदलामऊ के 02, लहरपुर-नगर निकाय के 06, महमूदाबाद-नगर निकाय के 12, पैंतेपुर-नगर निकाय के 04, बिसवां नगर निकाय के 03 तथा सीतापुर-नगर निकाय के 07 जोड़े शामिल हुये। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विधायक बिसवां निर्मल वर्मा, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि सकरन, खण्ड विकास अधिकारी बिसवां एवं सकरन तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत उक्त विवरण के अनुसार सम्मिलित जोड़ों को धनराषि रू0-10,000/- की सामग्री एवं विधवा/परित्यक्तता/तलाकशुदा को धनराशि रू0-5,000/- की उपहार सामग्री का वितरण किया गया तथा कन्या के खाते में रू0-35,000/- एवं विधवा/परित्यक्तता/तलाकशुदा को रू0-40,000/- प्रति जोड़े की दर से स्थानान्तरित की जायेगी तथा आयोजन हेतु प्रति जोड़ा रू0-6,000 की दर से व्यय करते हुए प्रति जोड़े पर धनराशि रू0-51,000/- व्यय होगा।

## पैसे ऐंठने के मामले में युवक की पिटाई

लहरपुर / सीतापुर । नगर के मोहल्ला छावनी पुलिया के निकट नौकरी का झांसा देकर पैसे ऐंठने के मामले में हुआ विवाद, एक युवक की जमकर पिटाई, पुलिस को दी गई तहरीर। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहम्मद जीशान निवासी मोहल्ला शाहकुलीपुर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि नगर के एक इंटर कॉलेज के प्रबंधक व उसके भाई ने मदरसा स्कूल में नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर पीड़ित से ?5लाख लिए थे जिसमें से अभी तक केवल 77000 वापस किए हैं, उक्त लोगों ने उसे शुक्रवार देर शाम छावनी पुलिया के निकट एक पान की दुकान पर बुलाया और प्रबंधक व उसके भाई और अन्य लोगों के द्वारा उसे लोहे की रोड से मारा गया जिससे पीड़ित को गम्भीर चोटें आई हैं उन लोगों ने उसे गंदी-गंदी गालियां भी दी। कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर डाक्टरी परीक्षण कराया गया है जांच कर कार्यवाही की जायेगी ।

## पत्नी को दिया तीन तलाक, केस दर्ज

लहरपुर/ सीतापुर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मातनपुरवा मजरा लच्छननगर में शादी के 30 वर्षों के बाद पति ने पत्नी को दिया तीन तलाक, पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिटोला पत्नी रईस 50 वर्ष निवासी ग्राम मातनपुरवा मजरा लच्छननगर ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया है कि, उसकी शादी 30 वर्ष पहले हुई थी अब मेरे पति मुझे मारते पीटते हैं। विगत 6 फरवरी को मेरे पति रईस ने मुझे तलाक देकर घर से भगा दिया। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर अपराध दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, पीड़िता की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115(2) व मुस्लिम विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा 3/4 के तहत अपराध दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

# ब्रह्ममुहूर्त में डंका बजते ही शुरू हुई 84 कोसी परिक्रमा





नैमिषारण्य /सीतापुर। शनिवार तड़के महंत नारायण दास के डंका बजाते ही 84 कोसी परिक्रमा शुरू हुई। सुबह के चार बजते ही नैमिषारण्य में चहल-पहल दिखने लगी थी। पहला आश्रम में महंत बाबा नरायणदास के डंका बजाते ही चौरासी कोसीय परिक्रमा पथ रामनाम के जयघोष से गूंज उठा। आश्रम में डंका बजाने के बाद रथ पर सवार महंत और हाथी-घोड़ों पर सवार संतों ने डंका बजाते हुए पूरे नैमिष का भ्रमण किया। डंके की आवाज सुनते ही धर्मशाला, आश्रमों में, मंदिरों में ओर सड़कों के किनारे विश्राम कर रहे परिक्रमार्थी पहले पड़ाव कोरौना के लिए निकल पड़े। संतों-महंतों की अगुवाई में सिर पर वे हाथो में सामान की गठरी उठाये श्रद्धालुओं का कारवां परिक्रमा पथ पर बढ़ चला। मेला प्रशासन ने इस बार श्रद्धालुओं के स्वागत की भव्य परंपरा की शुरूआत की है। ललिता मंदिर तिराहे पर परिक्रमार्थियों पर पुष्प वर्षा की गई। रास्ते में भी जगह-जगह श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। नैमिष से कोरौना परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले गांव के लोग भी परिक्रमार्थियों के स्वागत-सत्कार में लगे रहे।84 कोसी परिक्रमा में पहली बार हाईटेक रथ का इस्तेमाल हो रहा है। पहले महंत पालकी पर चलते थे। देश के दूर प्रांतों के अलावा पड़ोसी देश नेपाल के श्रद्धालु भी परिक्रमा में शामिल हुए। रास्ते की तमाम मुश्किलों से बेपरवाह श्रद्धालुओं का रामादल रामनाम के सहारे परिक्रमा के लिए उत्साहित नजर आया। बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं सभी में आस्था का अलग ही रंग दिखाई दिया। इससे पहले ललिता मंदिर चौराहे पर उपजिलाधिकारी अनिल रस्तोगी चैयरमैन प्रतिनिधि बब्बलू सिंह सभासद रौनक तिवारी तीर्थ पुरोहित आदि ने संतों व श्रद्धालुओं का स्वागत किया, उन पर पुष्प वर्षा की गई।

### दूर प्रांतों व नेपाल से आते हैं परिक्रमार्थी

चौरासी कोसी परिक्रमा का पौराणिक महत्व है। मान्यता है कि ये परिक्रमा 84 लाख योनियों से मुक्ति देती है। नैमिष में प्रभु श्रीराम ने अयोध्यावासियों के साथ परिक्रमा की थी। इसलिए परिक्रमार्थियों के समूह को रामादल कहा जाता है। आस्था के महापर्व में डुबकी लगाने के लिए राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, गुजरात आदि प्रांतों सहित पड़ोसी देश नेपाल से भी परिक्रमार्थी आए हैं। ये सभी परिक्रमार्थी पंद्रह दिनों तक नैमिषारण्य क्षेत्र की परिक्रमा कर होली से एक दिन पहले वापस लौटेंगे।

### सीतापुर में सात व हरदोई में चार पड़ाव

चौरासी कोसी परिक्रमा के सात पड़ाव सीतापुर जिले के कोरौना, देवगवां, मड़रूआ, जरिगवां, नैमिषारण्य, कोल्हुआ बरेठी व मिश्रिख हैं। इसी तरह हरदोई जिले में हरैया, नगवा कोथावां, गिरधरपुर उमरारी व साक्षी गोपालपुर पड़ाव स्थल हैं।

### मिश्रिख में होती है पंच कोसी परिक्रमा

परिक्रमा के दस पड़ाव पार कर परिक्रमार्थियों का कारवां महर्षि दधीचि की नगरी मिश्रिख पहुंचता है। यहां श्रद्धालु पांच दिन ठहरकर मिश्रिख के आसपास पंच कोसी परिक्रमा करते हैं। पंच कोसी परिक्रमा पथ पर पड ? वाले मंदिरों में दर्शन पूजन के साथ ही दधीचि कुंड में स्नान व आचमन करते हैं।

### सुरक्षा के हैं कड़े बंदोबस्त

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद और पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा रात से ही लाखों श्रद्धालुओं से जुड़ी परिक्रमा की निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने बताया है कि सीसीटीवी कैमरों की सुरक्षा के अलावा इस बार ड्रोन से भी सुरक्षा पर नजर रखी जा रही है। जगह-जगह पुलिस सहायता केंद्र स्थापित हैं। प्रशासनिक अधिकारी और राजस्व कर्मी परिक्रमार्थियों की मदद में रात से ही लगे हुए हैं।

# मासूम बच्ची के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



विरोध-प्रदर्शन

सीतापुर ! रामपुर मथुरा थाना कदहेतर में कस्बे के निवासी मोहित मिश्र की 5 वर्षीय बच्ची तानी के साथ गत मंगलवार को हुएई है वानियत भरी घटना के बाद अभी तक दोषियों के न पकड़े जाने के कारण पूरे जनपद में आक्रोश है पूर्व चेयरमैन सीतापुर आशीष मिश्रा की पहल पर आज इस जघन्य कांड करने वाले अपराधियों की गिरफ्तारी कर उनके विरुद्ध सख्त से सख्त कारवाई किये जाने की मांग को लेकर व मृतका के परिवार को एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दिये जाने की मांग को लेकर जनपद के तमाम जन संगठन व ब्राह्मण संगठनों के एकजुट होकर लालबाग चौराहे पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा।

ज्ञापन में मुख्यमंत्री से मांग की गई कि इस जघन्य कांड ने पूरे जिले को झकझोर दिया है, मासूम बच्ची के साथ जो हैवानियत हुई है उससे हर किसी की आंख में आंसू है मृतक बेटी का परिवात बुरी तरह टूट चुका है चार दिन बीत जाने के बाद भी घिनोना कृत्य करने वाले दरिंदे पुलिस की पकड़ से दूर है जिससे जनपद की प्रत्येक बेटी का पिता बेहद आक्रोशित है, इस प्रकरण की गंभीरता को समझकर प्रदेश स्तरीय स्पेशल टीम का गठन कर असली मुजरिमो को तलाश कर गिरफ्तार किया जाए व प्रभावी व समय बद्ध कारवाई कर दोषियों को फांसी की सजा दिलाई जाए व मुख्यमंत्री स्वयं पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय मिलने का भरोसा दिलाये व एक करोड़ की आर्थिक मदद पीड़ित परिवार को दी जाए। ज्ञापन देने वालो में बड़ी संख्या में महिला अधिबक्ताओ की उपस्थिति रही। ज्ञापन व प्रदर्शन में पूर्व चेयरमैन व जागरूक नागरिक मंच अध्यक्ष आशीष मिश्रा, बार अध्यक्ष विजय कुमार अवस्थी, राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष संजय शुक्ला, अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र, अखिल भारतीय गायत्री परिवार के सचेन्द्र दीक्षित, ललित दीक्षित, भगवान परशुराम सेवा संस्थान के निर्भय द्विवेदी, व्यापारी नेता प्रदीप गुप्ता, हिंदी सभा के कार्तिकेय शुक्ला, अहितिशाम बेग अच्छे, टोडरमल सेवा संस्थान के संजय पुरी, अंतर राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के रामनरेश पाल, सनातन ब्राह्मण समाज के ओम प्रकाश मिश्र किसान नेता जीतेंद्र कुमार , श्रवण कुमार बाजपेयी, प्रताप शुक्ला , सुधीर शर्मा एड अम्बरीष शुक्ला राजेन्द्र भट्ट, जितेन्द्र शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव, शिव नाथ मिश्रा, शोभित बाजपेयी, असित तिवारी पंकज अग्निहोत्री, पुनीत गुप्ता राघवेंद्र सिंह व महिला अधिवक्ता सपना त्रिपाठी नीलम गौड़ अनामिका मिश्रा प्रमिला बंसल शशि अवस्थी रामदुलारी मनीषा अवस्थी, नीरज अवस्थी, रामप्रताप सिंह एड, राजू शेख, अनूप श्रीवास्तव, प्रवीण शुक्ला, अनूप श्रीवास्तव, विनय अवस्थी आदि लोग शामिल रहे।

# राष्ट्रीय आय व योग्यता परीक्षा में तीन छात्र हुए सफल



सफीपुर, उन्नाव। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में क्षेत्र के तीन छात्रों द्वारा परीक्षा पास कर विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों द्वारा स्वागत किया। बतातें चले कि 10 नवंबर को राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में चयनित हुए 238 विद्यार्थियों में 3 छात्र फतेहपुर चौरासी क्षेत्र के बेसिक विद्यालयों के हैं। जिसमे काजीपुर कच्छ गाँव में कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय काजीपुर कच्छ से दो छात्रों में सूरज कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी काजीपुर कच्छ ने 17वी रैंक तथा अंश राठौर पुत्र राजेश कुमार निवासी शाहपुर बुजुर्ग ने 25वी रैंक प्राप्त की। वहीं क्षेत्र के कठिघरा गाँव स्थित कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय कठिघरा के छात्र अनिरुद्ध पुत्र अजय कुमार निवासी कठिघरा ने 20वी रैंक प्राप्त कर अपने अभिभावकों और स्कूल का नाम रोशन किया। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रभारी शिक्षक कुलदीप विमल एवं शिक्षकों द्वारा राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में सफल छात्रों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने बताया कि बच्चों को 4 वर्षों तक कक्षा 9 से 12 तक लगातार 12 हजार रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से कुल 48 हजार रुपये उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु स्कॉलरशिप के रूप में दिए जायेंगे। कठिघरा कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रभारी प्रधान शिक्षिका सहनाज फात्मा एवं शिक्षक संजय सिंह सेंगर द्वारा भी छात्र को सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी विनय विश्वकर्मा ने सभी परीक्षा पास होने वाले छात्रों एवं कड़ी मेहनत करके उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने वाले विद्यालय के समस्त शिक्षकों को बधाई दी।

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाये जाने की बात करते वीडीओ वायरल

जिला संवाददाता(vol)

महमूदाबाद, सीतापुर ! महमूदाबाद में फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाए जाने का एक युवक द्वारा दुकानदारों से बाते करते हुए वीडीओ वायरल हो रहा है। वीडीओ में असली प्रमाणपत्र बनाने के 12 सौ तथा नकली के तीन सौ रुपए बताए जा रहे हैं। ऐसे साइबर कैफे संचालक महीने में लाखों रुपए कमा रहे हैं।

ईओ और एसडीएम मामले की जानकारी से इंकार कर रहे हैं। वायरल वीडीओ में युवक दुकानदार से आधार कार्ड के लिए जन्म प्रमाणपत्र बनवाने की बात कह रहा है। दुकानदार कहता सुनाई दे रहा है कि असली बनवाओगे तो 12 सौ रुपए लगेंगे और अगर नकली बनवाओगे तो तीन सौ रुपए लगेंगे किंतु उससे केवल आधार कार्ड ही बन पाएगा। बताया जाता है कि नगर में फर्जी तरीके से जन्म प्रमाणपत्र बनाए जाने का धंधा साइबर कैफों पर लंबे अर्से से चल रहा है। ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें नहीं है, जांच करवाकर आरोप सही पाए जाने पर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम बीके सिंह ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। शिकायत मिलने पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी !

# समाधान दिवस पर एसडीएम ने सुनी समस्याएं



पाटन, उन्नाव। जन समस्याओं को लेकर फरियादियों की शिकायतों को तत्काल निस्तारण करने के उद्देश्य से माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस के क्रम में तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन में उप जिलाधिकारी रणवीर सिंह की अध्यक्षता में तहसील दिवस संपन्न हुआ।

पिछले तहसील दिवस पर आए प्रार्थना पत्रों की समीक्षा करने के पश्चात आए हुए फरियादियों की एक-एक कर समस्या सुनी। इस मौके पर पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेंशन, आवास, सहित राजस्व से संबंधित 46 मामले रहे मौके पर पांच मामलों का निस्तारण किया गया। शेष मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को प्रार्थना पत्र दिए गए तथा उप जिलाधिकारी ने संबंधित मामलों को एक सप्ताह में स्थलीय निरीक्षण करके निस्तारण के निर्देश दिए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन भानू गुटके जिला अध्यक्ष पवन शुक्ला अपने अन्य साथियों के साथ तहसील क्षेत्र की नेहरू में टेल तक पानी पहचाने हरे वृक्षों की अवैध कटान को रोकने आरा मशीन तथा ग्राम समाज की भूमि पर पेड़ों की कटाई पर प्रतिबंध लगाए जाने एवं अवैध रूप से चल रही आरा मशीनों के संचालक पर रोक लगाई जाने सहित आठ सूत्रीय मांगों को लेकर उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। तहसील दिवस में प्रमुख रूप से तहसीलदार अरसला नाज व अन्य विभागों से पद संबंधित अधिकारी राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिएः सीडीओ



महमूदाबाद, सीतापुर ! समाधान दिवस में मिली शिकायतों का सम्बंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर न्यायोचित समाधान करें। यदि शिकायतों के निस्तारण में कोताही बरती गई तो सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उक्त बातें सीडीओ निधि बंसल ने शनिवार को महमूदाबाद तहसील सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। समाधान दिवस में जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को आना था किंतु किसी कारणवश डीएम व एसपी नहीं आ सके और तहसील दिवस में दोपहर 12 बजे सीडीओ निधि बंसल पहुंची। समाधान दिवस में राजस्व के 40, पुलिस 14, विद्युत तीन, विकास चार, नगर पालिका दो, अन्य एक समेत कुल 73 प्रार्थनापत्र आए जिनमें से राजस्व के 12 प्रार्थनापत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष को तय समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस मौके पर जिलास्तरीय अधिकारियों के अतिरिक्त एसडीएम बीके सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार, ईओ शैलेंद्र दुबे, नायब तहसीलदार दीनानाथ यादव, दीक्षा शुक्ला, बीडीओ महमूदाबाद संदीप कुमार, पहला विकास सिंह, रामपुर मथुरा विवेक मणि त्रिपाठी, कोतवाल अनिल सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# प्रमुख सचिव से याचिका दाखिल करने की मांगी अनुमतिः सुनील राजवंशी



सीतापुर। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील राजवंशी ने पंचायत राज विभाग में फैले भ्रष्टाचार और शिकायतों के बाद भी जिम्मेदार अफसरों द्वारा कार्यवाही न किये जाने को लेकर प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश व पंचायत राज निदेशक उत्तर प्रदेश से उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दाखिल करने की अनुमति लिखित रूप से पत्र के माध्यम से जारी आदेशानुसार अनुमति मांगी व दिये गये शिकायत पत्रों के साथ साक्ष्य की प्रति भी प्रमुख सचिव को मुहैया करवाते हुए जनपद में पंचायत राज विभाग में किये जा रहे घोटाले से अवगत कराया साथ ही दी गई धमकी से भी प्रमुख सचिव व जिम्मेदार अधिकारियों को लिखित रूप से अवगत कराया। श्री राजवंशी ने कहा कि शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिये जारी महत्वाकांक्षी योजनाओं में जनपद के कुछ जिम्मेदार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार भ्रष्टाचार कर शासन से जारी आवंटित धनराशि का बंदर बांट किया जा रहा है। जनपद में हो रहे भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में समय समय पर जिला प्रशासन को उचित प्रपत्र के साथ शपथ पत्र व शिकायत देकर लगातार पार्टी पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया जाता रहा है उसके बाद भी भ्रष्टाचारियों को संरक्षण दे रहे कुछ जिम्मेदार अधिकारियों के कारण दिये गये शिकायत पत्रों पर कार्यवाही लम्बित है जबकि जनपद में हो रहे विकास कार्यो की समय समय पर जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा समीक्षा बैठक कर विकास कार्यो को भ्रष्टाचार मुक्त किये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश जारी किये जाते रहते है। उसके बाद भी जनपद में विकास कार्य भ्रष्टाचार मुक्त नही हो पा रहे है जिस सम्बन्ध में पार्टी कार्यकताओं द्वारा शिकायतपत्र देते हुए दिनांक 17 फरवरी से धरना स्थल विकास भवन के सामने अनिश्चित कालीन धरना दिया गया जोकि जिला विकास अधिकारी सीतापुर हरिश्चन्द्र प्रजापति के द्वारा 19 फरवरी को एक निर्धारित समय पर कार्यवाही किये जाने के आश्वासन के साथ समाप्त कराया गया।

# अनियंत्रित होकर गन्ने से लदा ट्रक पलटा, दो की मौत

सीतापुर ! हरगांव थाना इलाके में हरगांव-लहरपुर मार्ग पर नगर पंचायत के समीप शनिवार दोपहर 12 बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, ट्रक के नीचे दबने से दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा एक महिला घायल हो गई। शनिवार दोपहर एक ट्रक लहरपुर की तरफ से आ रहा था जैसे ही वह नगर पंचायत कार्यालय के आगे पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर विपरीत दिशा में जा रहे एक ई रिक्शा पर पलट गया जिससे ई रिक्शा पिचक गया और उसमें बैठे थानाक्षेत्र के ग्राम बेनीवाईजपुर निवासी 80 वर्षीय भूरूलाल पुत्र विनायक तथा गांव के ही आटो चालक 40 वर्षीय सरवन पुत्र मेड़ई की उसके नीचे दबकर घटनास्थल पर ही मौत हो गई दोनो मृतक रिश्ते मे चाचा भतीजे थे ।घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने कई जेसीबी लगवाकर मृतकों को निकालकर सीएचसी भेजवाया जहाँ पर चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया ।वहीं ट्रक की चपेट में आने से कस्बे के मोहल्ला काजीटोला निवासी मनकशा 26 वर्ष पत्नी सब्बू को भी हल्की फुल्की चोटें आयी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। सड़क किनारे खड़ी दोमोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई, जिन्हे पुलिस ने अपने कब्जे मे ले लिया, ट्रक चालक मौके से फरार हो गया ।घटना के बाद बचाव कार्य में पुलिस बल, नगर पंचायत के कर्मचारी जुट गए ।मौके पर पहुंचे एसडीएम सदर अभिनव कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी सदर दिनेश चन्द्र शुक्ला तथा तहसीलदार विनोद कुमार सिंह ने जांच पड़ताल करते हुए अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।पुलिस ने दोनों शवों का पंचायत नामा भरकर जिला अस्पताल भेज दिया है ।प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार पांडेय ने बताया तहरीर मिलने पर विधिक व आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

## आप जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

सीतापुर। आम आदमी पार्टी दिल्ली चुनाव के बाद लगातार संगठन विस्तार पर ध्यान दे रही है। उत्तर प्रदेश प्रभारी और राज्यसभा के सांसद संजय सिंह सभी जिलाध्यक्षों / प्रभारियों के साथ बैठक कर संगठन को मजबूत करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज सीतापुर में जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य के नेतृत्व में श्रम दान के माध्यम से आंख अस्पताल के पास स्थित गाँधी पार्क में सभी कार्यकताओं ने पार्क और गांधी जी की मूर्ति की साफ सफाई कर श्रमदान किया। जिसमें क्रांतिकारी गीत गाकर कार्यकताओं में ऊर्जा का संचार किया गया ।जिलाध्यक्ष अवधेश कुमार मौर्य ने कहा कि जिस तरीके से अस्पतालों ,पार्कों, चौराहों , स्कूलों की बदहाल व्यवस्था है सरकार को ध्यान देकर उसको दुरुस्त कराना चाहिए, आम आदमी पार्टी का एक एक कार्यकर्ता लोगों की समस्याओं के लिए सीतापुर से लखनऊ तक ,लखनऊ से लेकर दिल्ली तक सड़क हो या संसद सभी जगह संघर्ष करेगी और जनता को उसका हक दिलाएगी ।श्रमदान के दौरान महासचिव सर्वेश रावत, सी वाई एस एस जिलाध्यक्ष दिलशाद, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष पंकज यादव, सचिव आसिम जाफरी, जिला मीडिया प्रभारी पूजन मिश्रा, जिला उपाध्यक्ष रियाज, मुनेंद्र कुमार, अमित यादव, अरुण गुप्ता सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्रकार की मां को श्रद्धांजलि देने वालों का लगा रहा तांता

महमूदाबाद, सीतापुर । एक हिन्दी दैनिक के तहसील प्रभारी 75 वर्षीया माता का शनिवार को उनके लखनऊ स्थित आवास पर निधन हो गया। शाम को शव महमूदाबाद आवास पर लाया गया। देररात तक पत्रकार की मां को श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। महमूदाबाद से एक प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक अखबार के पत्रकार सुधीर श्रीवास्तव की 75 वर्षीया माता मिथलेश कुमारी पत्नी स्व. ओम प्रकाश का लखनऊ स्थित आवास पर शनिवार की दोपहर आकस्मिक निधन हो गया, जहां से शाम को शव महमूदाबाद के बीबीपुर स्थित आवास पर लाया गया। निधन की सूचना पर पूर्वमंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा, सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चयरमैन आरके वाजपेयी, पूर्व चेयरमैन सुरेश वर्मा, एडवोकेट अनिल श्रीवास्तव, प्रभात श्रीवास्तव, विद्युत जैन, सुंदरलाल वर्मा, राजेश सिंह, राहुल सिंह, सीतांश शुक्ल, अवधेश सोनी, विजय सिंह, राजू, मो. कय्यूम, अखिलेश गुप्त, मो. जावेद, कृष्णकुमार, चंद्रकांत रस्तोगी, सुशील जायसवाल, पत्रकार श्रीष रस्तोगी, दीपक गुप्त, अनंत रत्नम वाजपेई, सईद अहमद, धीरेंद्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

## पेड़ काटने की शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी

लहरपुर सीतापुर । कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मतुवा सौरेय्या में पेड़ काटने की शिकायत करने पर जान से मारने की दी गई धमकी, पुलिस ने दर्ज किया अपराध। प्राप्त जानकारी के अनुसार संतोष कुमार निवासी ग्राम मतुवा सौरेय्या ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपराध दर्ज कराया कि, मेरे खेत में आम, नीम, अर्जुन आदि के पेड़ लगे थे जिसे विगत 16 फरवरी को गांव के उमाशंकर, अमन, राजन व इमरान, राम लोटन निवासी ग्राम सौरेय्या ने मेरे करीब 45 पेड़ आधे-आधे काट डाले। जिससे पीड़ित का काफी नुकसान हो गया पीड़ित ने आरोप लगाया है कि, जब वह उलाहना देने गया तो उपरोक्त लोगों ने गंदी-गंदी गालियां देते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी विजयेंद्र सिंह ने बताया कि, पीड़ित की तहरीर पर अपराध दर्ज कार्यवाही की जा रही है।

## पुलिस ने हत्यारे बेटे को किया गिरफ्तार

सीतापुर। थाना सिधौली पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला तुलसीनगर में पुत्र द्वारा अपने पिता की ईंट से हत्या करने के मामले मे दर्ज फरार चल रहे अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की हैं ।पकड़ा गया अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र स्व.राकेश कुमार की निशानदेही पर घटनास्थल से आलाकत्ल बरामद हुआ है। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि उसके पिता विद्युत विभाग, लखनऊ में सरकारी नौकरी करते थे जो काफी लंबे समय से नौकरी पर नही जा रहे थे। मेरे द्वारा ट्रक चलाकर उनका खर्च इत्यादि किया जा रहा था। मेरी माता जी भी पिता के इस रवैये से परेशान रहती थी जिनकी मृत्यु हो चुकी है ।पिता के साथ शराब सेवन के दौरान इन्हीं बातो को लेकर आपसी कहासुनी होने पर पिता द्वारा मुझपर डंडा मारा गया था जिसपर अचानक आक्रोश में आकर मैने उनपर ईंट से प्रहार कर दिया जिसमे उनकी मौत हो गई।

## भक्ति से ही मनुष्य भगवान की कृपा को प्राप्त कर सकता है

लहरपुर सीतापुर । क्षेत्र के ग्राम कन्न पुर स्थित श्री राम जानकी मंदिर प्रांगण में चल रहे श्री गुरु गोरखनाथ महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन के पावन अवसर पर यज्ञाचार्य आचार्य पंडित उमाशंकर शास्त्री व महेश प्रसाद के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ यजमान राम भजन पुजारी व श्रीकृष्ण पाल के द्वारा यज्ञ में आहुतियां डालकर विश्व कल्याण की कामना की गई ।इस मौके पर आयोजित विशाल भंडारे में भारी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग कार्यक्रम में पुजारी राम भूषण महाराज ने गहनी नाथ के जन्म की कथा का वर्णन किया। आल्हा सम्राट रजनीश शुक्ला नैमिष धाम ने भगवान श्री राम के अनन्य भक्त हनुमान जी महाराज के द्वारा लंका में जाकर अशोक वाटिका की कथा का वर्णन किया। अनीत महाराज ने भक्ति के महत्व का वर्णन करते हुए कहा कि भक्ति से ही मनुष्य भगवान की कृपा को प्राप्त कर सकता है सतयुग, द्वापर, त्रेता में भक्ति के माध्यम से ही भक्तों ने भगवान को प्राप्त किया है उन्होंने कहा कि कलियुग में भी सच्चे हृदय से प्रभु का सुमिरन करने से मनुष्य भगवान की कृपा प्राप्त कर समस्त दुःखों से मुक्त मिल सकती है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज कुमार त्रिवेदी, रिंकू यादव, आदित्य यादव, राजेश यादव, पवन यादव, अनिल यादव, मनीष यादव, अनिल जैन, दीपू यादव, लवलेश यादव, लवकुश यादव, आनंद यादव, सतीश, छत्रपाल पाल सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



संक्षेप

## बस की ट्रैक्टर से भिड़ंत, दो की मौत, तीन गंभीर

**बरेली।** देहात के भोजीपुरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हरिद्वार जा रही श्रद्धालुओं से भरी डबल डेकर बस तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। जिससे दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। गुजरात के भावनगर से श्रद्धालुओं को लेकर निकली टूरिस्ट बस महाकुंभ और अन्य धार्मिक स्थलों के दर्शन कराने के बाद हरिद्वार जा रही थी। जब बस भोजीपुरा के बिलबा पुल पर पहुंची तो ड्राइवर नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। हादसे के बाद बस में अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। जहां डॉक्टरों ने उनका इलाज शुरू कर दिया। इंस्पेक्टर भोजीपुरा थाना के मुताबिक बस में गुजरात के भावनगर के यात्री सवार थे। दो श्रद्धालुओं की मौके पर ही मौत हो गई। तीन गंभीर रूप से घायल श्रद्धालुओं का अस्पताल में इलाज जारी है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**ललितपुर।** थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम बिजौरी में रहने वाले राजा भैया पुत्र बलराम सिंह यादव ने पाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 फरवरी को रात करीब 9 बजे उसके बड़े भाई कप्तान सिंह अपने साथी राजघाट के चैरी रानीपुरा निवासी मंजू पुत्र तुलसी राय के साथ अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 व्ही 2414 पर सवार होकर पाली से बालाबेहट जा रहे थे। बताया कि कनपुरा घाटी के पास कनपुरा के ही जयपाल पुत्र हरप्रसाद यादव ने उन्हें अपने सोनालिका ट्रैक्टर को तेजी व लापरवाही से चलाकर जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दोनों लोग घायल हो गये। घायलों का उपचार झांसी में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ट्रैक्टर चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125 (ए) व 125 (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## फसल को पानी देने गये किसान की मौत

**ललितपुर।** निकटवर्ती ग्राम गनगौरा में फसल को पानी देने गया किसान सुबह जब वापस नहीं आया तो परिजन खेत पर पहुंचे। खेत पर जाकर परिजनों ने देखा कि किसान अचेतावस्था में पड़ा हुआ है। किसान को परिजन तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गये, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान चिकित्सकों ने किसान को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि गनगौरा निवासी आराम सिंह पुत्र छोटेलाल बीती देर रात घर से खाना खाकर गांव में स्थित खेत पर फसल को पानी देने के लिए गया हुआ था। सुबह जब वह वापस घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खेत पर जाकर देखा, जहां वह पड़ा हुआ था। जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हादसे में मासूम घायल, केस दर्ज

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट अन्तर्गत ग्राम भदौना में रहने वाली मधु पत्नी राजेश ने सीजेएम न्यायालय के समक्ष वाद दायर किया है। वाद दायर करते हुये मधु ने बताया कि बीती 19 अगस्त 2024 की करीब 4.30 बजे ग्राम रजवारा स्थित देवी मंदिर पर कन्या भोज कराकर अपने घर के लिए वापस आ रही थी। वह रजवारा में सड़क किनारे पहुंची कि तभी बानपुर से ललितपुर की ओर आ रही मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 एस 9110 के चालक ग्राम नैगुवां निवासी राजेन्द्र राजपूत पुत्र घनश्याम राजपूत ने तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी नाबालिग पुत्री वेदिका को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी नाबालिग पुत्री सड़क पर गिर गयी और घायल हो गयी। उसकी घायलावस्था में पड़ी पुत्री वेदिका परिहार को गायत्री अस्पताल मण्डी के पास भेजकर भाग गया। जहां से हालत नाजुक होने पर उसे झांसी मेडीकल कॉलेज ले गये, जहां पुत्री का ऑपरेशन कर प्लास्टर बांधा गया। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी, लेकिन कार्यवाही नहीं हुयी। वहीं एसपी को भी जरिए रजिस्टर्ड डाक के 4 नवम्बर 2024 को सूचना देने के बाद भी कार्यवाही नहीं होने पर उसे न्यायालय का सहारा लेना पड़ा। न्यायालय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने उक्त बाइक चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा (बी) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी: डीएम

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि शासन के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन का उद्देश्य है कि एक ही स्थान पर जिला स्तरीय समस्याओं का निस्तारण उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारित करने का प्रयास किया जाए और यदि किसी कारणवश यह संभव नहीं है तो पूर्ण गुणवत्ता के साथ एक सप्ताह में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश शासन की स्पष्ट मन्शा है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस सहित जनसामान्य की शिकायतों का गुणवतापरक निस्तारण किया जाए ताकि उन्हें राहत प्राप्त हो।

जिलाधिकारी जसजीत कौर शनिवार को तहसील नगीना में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने जनसामान्य की शिकायतों को सुनते हुए उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अधिकारीगण शिकायतों के निस्तारण के अहम कार्य को पूरी गम्भीरता और जिम्मेदारी के साथ लें और पूरे मानक के साथ निर्धारित अवधि में शिकायतों का निराकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिये कि वर्तमान और लम्बित शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित करते हुए शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी आख्या के साथ संलग्न करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि शासन की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश के नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यो का लाभ पहुंचे और कोई भी पात्र व्यक्ति जन कल्याणकारी योजनाओं के फायदे से महरूम न रहे। उन्होने निर्देश दिये कि सभी अधिकारी प्राप्त शिकायतों को पूर्ण गुणवत्ता और मानक के साथ निस्तारित करना सुनिश्चित करें और शिकायतकर्ता की संतुष्टि भी निश्चित रूप, से प्राप्त कर लें, शिकायतकर्ता को संतुष्ट किये बिना शिकायत का निस्तारण स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि यदि किसी शिकायत का निस्तारण किया जाना सम्भव नहीं है तो उसका स्पष्ट कारण लिखते हुए शिकायतकर्ता को अवगत कराया जाए ताकि वे अपनी शिकायत को पुनः प्रेषित न कर सके।

जिलाधिकारी ने शिकायतों का गुणवत्तापरक व समयबद्व निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, तहसीलदार नगीना प्रभा सिंह सहित सभी जिलास्तरिय अधिकारी सहित अन्य अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## 120 शिकायतें मिली, 4 निस्तारित

**बांदा।** बबेरू तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। समाधान दिवस में जिलाधिकारी जे0 रीभा ने निर्देश दिए कि शिकायतों का समयबद्धता एवं गुणवत्ता से निस्तारण करें। मौके पर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारियों से कराया। विद्युत, पुलिस, विकास, आपूर्ति तथा अन्य विभागों से संबंधित कुल 120 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष शिकायतों को समय के साथ निस्तारित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। बबेरू में पानी की टंकी से लीकेज ठीक कराने के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्र पर अधिशाषी अधिकारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। ग्राम हरदौली में फरियादी द्वारा भूमि पर अवैध कब्जा हटाए जाने के बारे में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्युत बिल संबंधी समस्या के बारे में प्रार्थना पत्र देने पर अधिशाषी अभियंता विद्युत को बिल सुधार करने के निर्देश दिए। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज, उप जिलाधिकारी अंकित वर्मा, पीडी डीआरडीए, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, तहसीलदार सहित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 27 शिकायतें दर्ज, दो का मौके पर निस्तारण

मीरगंज, बरेली। **तहसील परिसर में शनिवार को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल और आईजी डॉ. राकेश सिंह की अध्यक्षता में** संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने जनता की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थिति रजिस्टर की जांच करते हुए अधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि किसी भी विभाग का अधिकारी अपनी जगह प्रतिनिधि न भेजे बल्कि स्वयं उपस्थित रहे। समाधान दिवस में कुल 27 शिकायतें दर्ज हुईं। जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया। मंडलायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी विभाग गुण-दोष के आधार पर निष्पक्ष तरीके से मामलों का समाधान करें। जनता की समस्याओं के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और पूरी पारदर्शिता के साथ समाधान सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश, एसपी साउथ अंशिका वर्मा, क्षेत्राधिकारी पुलिस अंजनी कुमार, उप जिलाधिकारी तृप्ति गुप्ता, तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी और नायब तहसीलदार समेत सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहार में बौद्ध विहारों पर अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**नगीना, बिजनौर।** बिहार में बुद्ध विहारों पर तथाकथित मनुवादियों द्वारा अवैध कब्जा हटाने की मांग को लेकर नगर के प्रबुद्व समाज के लोगो ने राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन एसडीएम नगीना को सौंपा। शनिवार को एसडीएम नगीना अशुतोष प्यारेलाल जैसवाल को राष्ट्रपति के नाम सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि सम्पूर्ण विश्व में बिहार राज्य के बौद्धगया में महाबोद्धि बुद्धविहार बौद्ध धम्म का केंद्र है, तथा वह भूमि तथागत गौतम बुद्ध की तपोभूमि एंव धम्म चक प्रवर्तन की सूत्रधार है। जिससे भारत विश्व में विश्व गुरु के रूप में जाना जाता रहा है। इस लिए यह स्थान विश्व के समस्त बौद्ध अनुयायीपों की आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। तथाकथित मनुवादी व्यवस्था के विघटन कारी तत्वों ने सब कुछ जानते हुए वहां स्थित बौद्ध विहारों पर अवैध कब्जा किया हुआ है। एक एक्ट जो 1949 में बना जो उसके संरक्षण हेतु था यह एक्ट सन 1950 में भारतीय संविधान को अंगीकार करने के तुरन्त बाद ही स्वतः समाप्त हो गया है अतः आपसे हम समस्त बौद्ध धम्म में आस्था रखने वाले भारतवासी महाबोद्धि महाविहार को मनुवादी विघटन कारी तत्वों से मुक्त कराने तथा समस्त बौद्ध विहारों को संरक्षित करने के लिए उचित कानून बनवाने कि प्रार्थना करते है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि हम सभी बौद्ध धम्म अनुयायियों की आस्था के केंद्र महाबोद्धि महाविहार को मुक्त नहीं कराया गया तो हम सभी को बहुद आन्दोलन किये जाने पर बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में भूपेन्द्र पाल सिंह, चन्द्रपाल सिंह, सुगमचन्द, अमीरचन्द, शैलेन्द्र कुमार, मास्टर धर्मवीर सिंह, राम गौपाल, रिंकू गौतम, सरल कुमार, मदनपाल सिंह, डा0 राकेश, अजय, सूर्यकान्त गौतम आदि शामिल थे।

# पीएनबी की ओर से स्कूली बच्चों को शैक्षिक सामग्री का हुआ वितरण

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय ने सामाजिक कोर्पोरेट उत्तरदायित्व के तहत स्कूल सामग्री का वितरण का आयोजन ब्लाक महरौनी के जूनियर हाईस्कूल सिलावन में मण्डल प्रमुख राजीव बंसल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले की शाखा महरौनी और अग्रणी जिला प्रबंधक कार्यालय के संयुक्त समन्वय से प्रधान कार्यालय से आये महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया।

इसके तहत ही राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिलावन के

- **मरीजों के हितार्थ अस्पताल को दिया गया फर्नीचर**

चिकित्सा अधिकारी को अस्पताल में मरीजों के बैठने हेतु स्टील से बने फर्नीचर तथा डॉक्टर के लिए स्टील की कुर्सी भी भेंट की गई। मण्डल प्रमुख राजीव बंसल ने वहां पर उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों और जन सामान्य को बैंक द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी और सभी को यह आश्वासन दिया कि हमारा बैंक सदैव आप लोगों के साथ है क्योंकि यह हमेशा सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर सहभागिता करता है और सदैव अपने सहयोग के कदम समाज के प्रत्येक तबके के लिए उठाता है। प्रधान कार्यालय से आए हुए विशिष्ट अतिथि महाप्रबंधक प्रवीण कुमार शर्मा ने वहां पर उपस्थित स्कूल तथा अस्पताल के सभी स्टाफ सदस्यों को यह जानकारी दी कि हमारा बैंक प्रत्येक वर्ग के लिए उनकी आवश्कताओं के अनुसार डिजिटल उत्पादों का मृजन कर रहा है ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग का ग्राहक लाभान्वित हो। उन्होंने वहां पर उपस्थित बैंक के सभी अधिकारियों से आहवान किया कि आप सभी ग्राहकों की अपेक्षाओं पर खरा उत्तरें और उच्च ग्राहक सेवा का उदाहरण प्रस्तुत करें जिसमें हमारा बैंक सदैव अग्रणी रहता है। इस कार्यक्रम में जूनियर हाई स्कूल, सिलावन के छात्रों के अलावा प्रधानाचार्य रजनी प्रजापति और अध्यापिकाओं में संध्या वर्मा, भावना नायक मौजूद रही। वहीं मुख्य प्रबंधक कमलेश सरन, एलडीएम रंजीत कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक चित्रांशु, सुरक्षा प्रबंधक श्रीनाथ शुक्ला और महरौनी शाखा प्रमुख चंद्रपाल घोष, विजय विश्वकर्मा, आकाश विश्वकर्मा, सीएफएल सेंटर महरौनी एफसी इमरान अली आदि मौजूद रहे।

## जदयू ने मनाया नितीश का जन्मदिन



**बांदा।** शनिवार को जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार का 74वां जन्मदिन जेडीयू कार्यालय में मनाया गया। जेडीयू इकाई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में पार्टी की महिला नेत्री शालिनी सिंह पटेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होने नितीश कुमार के जीवन और राजनैतिक सफर पर प्रकाश डाला और कहा कि बिहार के विकास में उनका अतुलनीय योगदान रहा। उनकी निःस्वार्थ सेवा और सादगी हम सभी के लिए प्रेरणा है। शालिनी पटेल ने पार्टी कार्यकताओं से एक जुटता बनाए रहने का आह्वान किया। जिला महिला अध्यक्ष रागिनी तिवारी ने कहा कि नितीश कुमार का नेतृत्व बिहार के लिए ही नही बल्कि पूरे देश के लिए मिशाल है। उनकी नीतियों ने गरीबों और महिलाओं और युवाओं को मजबूत बनाया है। मौजूद कार्यकताओं ने नितीश कुमार जिंदाबाद के नारे लगाए और नितीश के चित्र वाले केक को काटने के बाद उनके स्वास्थ्य और दीघार्यु के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर पिंकी, श्रीराम प्रजापति, ज्योति मौर्या, मदीना मातिनुसम्मद खान, देवेश कुमार, समीम खान, आदित्य गोस्वामी, अर्जुन सिंह, पूनम देवी, संजय अकेला, रोहित पटेल, विनोद पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 8 को

**बांदा।** जिला जज के निदेर्शानुसार विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में राष्ट्रीय लोक अदालत, स्थायी लोक अदालत प्री व पोस्ट लिटिगेशन मीडिएशन तथा लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के कार्यों के बारे में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर जिला जज श्रीपाल सिंह ने की। उन्होने बताया कि 8 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें बैंक ऋण, मोटर एक्ट के चालानी वाद, विद्युत संबंधी विवाद आदि का निस्तारण समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होने कहा कि पारिवारिक, दांपत्य संबंधी विवाद जिसमें पक्षकार सुलह समझौते के आधार पर विवादों का निस्तारण चाहते हैं वह वाद दायर कर सुलह के आधार पर वादों का निस्तारण करा सकते हैं। सुमन शुक्ला पराविधिक स्वयं सेवक ने कहा कि किसी भी तरह की सहायता के लिए टोल फ्री नंबर 15100 पर शिकायत दर्ज कर विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उनके द्वारा महिलाओं के साथ यौन शोषण, घरेलू हिंसा से बचाव के बारे में जानकारी दी गयी। शिविर में ज्ञानेन्द्र सिंह, विनोद कुमार, रवीन्द्र, चंद्रकिशोर, राशिद अहमद तथा समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## महिला महाविद्यालय के मलीन बस्ती में लगे शिविर का समापन



**बांदा।** शनिवार को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के 7 दिवसीय विशेष शिविर का समापन हुआ। विशेष शिविर को प्राचार्य प्रोफेसर दीपाली गुप्ता के दिशा निर्देशन में किया गया। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ सबीहा रहमानी, डॉ जयंती सिंह, डॉ नीतू सिंह के द्वारा दलित बस्ती, दरी मोहाल, अहीर मुहल्ले में आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ सपना सिंह रहीं। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। छात्रा यशी द्विवेदी, अकांक्षा, प्रियांशी, रूखसाना, अदिति ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। दुर्गा ने लोक नृत्य की प्रस्तुति की। समापन की पूर्व संध्या पर कैमरा फायर आयोजित हुआ। जिसके मुख्य अतिथि पुष्पेन्द्र सिंह, डीडी चित्रकूट धाम मंडल बांदा रहे। विशिष्ट अतिथि मनोज सिंह, प्रधानाचार्य बहुवा इंटर कालेज फतेहपुर, संरक्षक के रूप में दीपाली गुप्ता उपस्थित रहीं।

# प्रसव के नाम पर अवैध वसूली, खून की दलाली बंद करो के लगाये नारे

**ललितपुर।** मेडीकल कॉलेज में मर्ज हो चुके जिला महिला अस्पताल में प्रसव कराने के नाम पर बड़े पैमाने पर चल रही अवैध वसूली और खून बेचे जाने जैसे गम्भीर आरोप लगाते हुये समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन

- **तत्काल कार्यवाही करने की उठायी मांग, दलालों की सक्रियता पर उठे सवाल**
- **मेडिकल कॉलेज प्रधानाचार्य कार्यालय के बाहर सपाइयों ने की जोरदार नारेबाजी**

किया गया। महिला अस्पताल में किये गये प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने अस्पताल प्रशासन से प्रसव के नाम पर छह हजार रुपये वसूलने के मामले में तत्काल कार्यवाही किये जाने की मांग उठायी। प्रदर्शन करते हुये सपाईयों ने महिला अस्पताल में रक्त की दलाली बंद करो, अवैध वसूली बंद करो, अस्पताल प्रशासन मुदार्बाद, सीएमएस मुदार्बाद, मरीजों का शोषण बंद करो जैसे नारे लगाये। वहीं डीन कार्यालय के बाहर भी जोरदार नारेबाजी की गयी।

दरअसल, विगत दिनों राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल जब मेडीकल कॉलेज के महिला अस्पताल में औचक निरीक्षण करने पहुंची तो वहां प्रसव कराने वाली प्रसूता की सास ने आयोग सदस्य, अधिकारियों व मीडिया के समक्ष महिला अस्पताल में तैनात कर्मियों पर ऑपरेशन के नाम पर 6 हजार रुपये की सुविधा शुल्क लिये जाने का आरोप लगाया था। प्रकरण को आड़े हाथों लेते हुये आयोग सदस्य ने तत्काल मेडीकल कॉलेज के डीन को कार्यवाही के निर्देश दिये थे। प्रकरण को लेकर डीन डा.डी नाथ ने 6 सदस्यीय कमेटी का गठन कर जांच के निर्देश दिये हैं। इसी प्रकरण को लेकर 28 फरवरी को समाजवादी पार्टी के यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, वरिष्ठ सपा नेता खुशालचंद्र साहू, रामप्रताप सिंह व महेन्द्र टिकैत एड. ने संयुक्त रूप से डीएम को शिकायती पत्र देकर



कार्यवाही की मांग उठायी थी। प्रकरण में शनिवार को यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश मुखिया के नेतृत्व में जिला महिला अस्पताल पहुंच कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस दौरान सपाईयों ने ऑपरेशन के नाम पर प्रसूता के परिजनों से 6 हजार रुपये लिये जाने के मामले में तत्काल कार्यवाही की मांग उठायी।

वरिष्ठ सपा नेता खुशालचंद्र साहू ने कहा कि महिला अस्पताल में अवैध वसूली का यह पहला मामला नहीं है, जब भी अधिकारी फंसता है तो जांच के बाद खामियाजा छोटे कर्मियों को भुगतना पड़ता है। महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा ने कहा कि महिला अस्पताल में जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगे हुये हैं, इनकी जांच करायी जाये और जो भी दोषी पाये जायें उन पर तत्काल कार्यवाही हो। सपा नेता शत्रुघन यादव व रामप्रताप ने संयुक्त रूप से कहा कि पैसा लेने के मामले में कई बार शिकायतें स्थानीय प्रशासन को मिली, लेकिन ठोस कार्यवाही के अभाव में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। प्रदर्शन के दौरान यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, शत्रुघन यादव, शाकिर अली, महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, परवेज पठान, विनोद रायकवार, गौरव विश्वकर्मा, महेन्द्र टिकैत एड., खुशालचंद्र साहू, चारू सतभैया, रानू मंसूरी, शेखर यादव, विशाल, गोविंद, पंकज, नवल घावरी के अलावा अनेकों सपाई मौजूद रहे।

### सीएमएस गयीं आकस्मिक अवकाश पर

राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल ने अस्पताल में निरीक्षण के दौरान ऑपरेशन के नाम पर प्रसूता के परिजनों से 6 हजार रुपये वसूली के मामले में जांच के निर्देश डीन को दिये थे। डीन डा.डी.नाथ के अनुसार प्रकरण की जांच के लिए 6 सदस्यों की कमेटी बनाकर सीएमएस डा.मीनाक्षी सिंह को निर्देशित किया गया है। इसी बीच डा.मीनाक्षी सिंह आकस्मिक अवकाश लेकर चली गयी। यह आकस्मिक अवकाश लोगों के गले नहीं उतर पा रहा है कि कैसे जांच होगी ?

## यातायात पुलिस का जागरूकता अभियान, 121 के काटे चालान



**बांदा।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस का जागरूकता और चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इसी के चलते शनिवार को यातायात प्रभारी अनूप कुमार दुबे की टीम ने शहर के बाबूलाल चैराहा में सघन रूप से जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों का चालान भी हुआ। चालकों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक किया गया। जिन दो पहिया वाहनों में सवार बिना हेलमेट, तीन सवारी, ऐसे वाहनों का चालान किया गया। यातायात प्रभारी ने यातायात नियमों के बारे में चालकों को जानकारी दी। सुरक्षित यातायात और दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात पुलिस लगातार लोगों को जागरूक कर रही है। यातायात प्रभारी ने बताया कि एसपी अंकुर अग्रवाल एवं सीओ ट्रैफिक के निदेर्शों के चलते यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक लोगों को यातायात नियमों की जानकारी हो सके और लोग सुरक्षित अपने गंतव्य तक सुरक्षित यात्रा कर सकें। यातायात प्रभारी अनूप कुमार दुबे ने कहा कि लोगों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने और यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलता रहेगा।

# तीन फर्मों के खिलाफ अवैध खनन और परिवहन की एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** ललितपुर से सिंगरौली तक बनायी जा रही रेलवे लाइन के निर्माण कार्य में झांसी के ठेकेदारों द्वारा बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के उप खनिज लाल मौरम, साधारण मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन बड़े

- **खान निरीक्षक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने शुरू की कार्रवाई**

पैमाने पर किया जा रहा है। मेसर्स एस.सी.गुप्ता नाम की फर्म के संचालक द्वारा लगातार किये जा रहे अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ पूर्व में भी कई शिकायतें जिला प्रशासन को मिली और जिला खान अधिकारी द्वारा इनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज करायी गयी थी। बावजूद इस फर्म को न तो ब्लैक लिस्टिड किया गया और न ही फर्म संचालक के खिलाफ कोई कार्यवाही अमल में लायी गयी। परिणामस्वरूप अब अवैध खनन और परिवहन का दायर काफी बढ़ गया है और व्यापक पैमाने पर लगातार अवैध खनन और परिवहन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में खान निरीक्षक सुदीप कुमार ने अवैध खनन व परिवहन के खिलाफ फर्म संचालक तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी है। अब देखना होगा कि इस बार क्या कार्यवाही अमल में लायी जाती है या फिर वही ढ़ाक के तीन पात साबित होंगे। खान निरीक्षक सुदीप कुमार ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने 19 फरवरी 2025 को तहसील सदर अन्तर्गत ग्राम सिवनीखुर्द में स्थित आराजी सं. 201 रकवा 0.0680 हे., आराजी सं. 202 रकवा 0.0360 हे., आराजी सं. 203 एवं आराजी सं. 204 रकवा 0.4050 हे. क्षेत्र की जांच की गयी। जाँच के दौरान मौके पर उक्त आराजी में 06 जगह पर पैमाइश की गयी जो लगभग 07 मीटर से 12 मीटर तक गहरा गड्डा है। पैमाइश के दौरान उक्त गड्डे से उपखनिज मिट्टी लगभग मात्रा 35 हजार घनमी. एवं उपखनिज लाल मौरम लगभग मात्रा 23140 घनमी. का खनन एवं परिवहन होना पाया गया। उक्त खनन के संबन्ध में मौके पर किसी भी व्यक्ति द्वारा वैध प्रपत्र / सक्षम अधिकारी की अनुमति से संबन्धित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। मौके पर प्राप्त जानकारी के अनुसार मेसर्स सुरेश चन्द्र गुप्ता निवासी-खण्डेराव गेट गनेश बाजार झांसी एव दीपक गुप्ता (मेसर्स एस.सी. गुप्ता) निवासी उपरोक्त द्वारा उपखनिज लाल मौरम एवं साधारण मिट्टी का अवैध खनन/परिवहन बिना किसी सक्षम अधिकारी की अनुमति के किया/करवाया गया है। मौके पर उपस्थित व्यक्तियों द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र से उपखनिज लाल मौरम, साधारण मिट्टी का अवैध खनन व परिवहन कर ललितपुर से सिगरौली द्वितीय रेलवे लाइन में प्रयोग किया गया जो कि जो कि उ.प्र. उपखनिज परिहार नियमावली-2021 के नियम-3 (1), 58 व 72 (2) एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4/21 का स्पष्ट उल्लंघन एवं दण्डनीय अपराध है। कोतवाली पुलिस ने प्रकरण में मेसर्स सुरेशचंद्र गुप्ता, मेसर्स दीपक गुप्ता व मेसर्स एस.सी.गुप्ता के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 (2) व खान एवं खनिज (विकास एंव विनियमन अधिनियम-1957 की धारा 4/21 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जान से मारने की धमकी देने का आरोप

ललितपुर। शहर क्षेत्रांतर्गत चैकी गल्ला मण्डी के मोहल्ला वंशीपुरा एम.ई.एस. ग्राउण्ड के पास रहने वाले अंकित कोरी पुत्र स्व.मुन्नालाल ने एसपी का शिकायती पत्र दिया है। पत्र में अंकित कोरी ने बताया कि बीती 18 फरवरी की सुबह करीब 10.30 बजे वह अपनी मोटर साइकिल संख्या यू.पी.94 ए.ई. 7726 से काम करने ऑफिस जा रहा था। तभी बयाना नाले के पास पड़ौस में रहने वाला नवनीत रजक पुत्र रामकिशोर अपनी स्कूटी से आया और जानबूझकर उसकी बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह बाइक समेत गिर गया और नम्बर प्लेट भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

संक्षेप

## महिला की पानी में डूबने से मौत

बीजपुर,सोनभद्र। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पिण्डारी गाँव मे शुक्रवार सुबह घर से थोड़ी दूर शौच के लिए निकली महिला रामलोचनी देवी पत्नी राजेन्द्र पनिका उम्र 55 निवासी पिण्डारी की पानी मे डूबने से मौत हो गयी। काफी देर तक घर वापस न आने पर परिजन खोजबीन शुरू किए तो बंधे के किनारे महिला का चप्पल दिखाई दिया शक होने पर परिजनों ने पानी के अंदर काफी खोज बीन की कोशिश कि लेकिन महिला का शव बरामद नही हुआ। घटना की जानकारी बीजपुर पुलिस को दी गयी सूचना पर पहुँचे प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्रा ने गोताखोरों की मदद से शाम तक गहरे पानी की तलहटी में बैठी लाश को बाहर निकलवा कर कब्जे में लेकर जांच पड़ताल के बाद शनिवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए दुद्धी सीएचसी भेज दिया। घटना के प्रति अंदाजा लगाया गया कि महिला शौच के बाद बंधे में पानी छूने के लिए गयी होगी जहाँ ढलान पर फिसलन के कारण उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी मे डूब गयी और समय से राहत बचाव न मिलने के कारण उसकी मौत हो गयी। एसएचओ अखिलेश मिश्रा ने कहा की महिला की मौत पानी मे डूबने से मौत हुई है पीएम के लिए भेजा जा रहा है।

## डॉ. बृजेश कुमार सिंह इटावा के नये सीएमओ

इटावा। योगी सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में बड़ा फेरबदल किया है। 11 मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के तबादले किए हैं। 8 जिलों में नए सीएमओ को तैनाती मिली है, सरकार ने इस फेरबदल के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में और अधिक सुधार लाने का प्रयास किया है। इसी के साथ इटावा में सितंबर 2022 से तैनात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ गीताराम का तबादला किया गया है। उनकी जगह पर मुजफ्फरनगर में एसीएमओ रहे डॉ बृजेश कुमार सिंह को इटावा जिले का सीएमओ बनाया गया है। वहीं इटावा सीएमओ डॉ गीताराम को संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय लखनऊ भेजा गया। महाकुंभ के समापन के बाद ही उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से 11 सीएमओ के कार्य क्षेत्र में बड़ा फेरबदल किया गया है। जिसमें इटावा में सितंबर 2022 से तैनात चले जा रहे सीएमओ डॉक्टर गीता राम को जॉइंट डायरेक्टर स्वास्थ्य महानिदेशालय लखनऊ बनाया गया है तो वही मुजफ्फरनगर में तैनात रहे एसीएमओ वीके सिंह को इटावा का मुख्य चिकित्सा अधिकारी बनाया गया है। इसी के साथ राजीव निगम को सीएमओ बस्ती, सुरेश कुमार को सीतापुर, सुनील कुमार दोहरे को बुलंदशहर, नरेंद्र कुमार को गौतमबुद्ध नगर, विजेंद्र सिंह को बांदा, विवेक कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर, सुनील कुमार बालियांन को अयोध्या का सीएमओ नियुक्त किया गया।

## कृषक गोष्ठी आयोजित

गौरीगंज, अमेठी। शनिवार को विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार मुख्य अतिथि ने एक वृहत कृषक गोष्ठी इफको नैनो क्लस्टर विलेज सराय भाग्य मानी जनपद अमेठी में किया गया। इस अवसर पर राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय,उप महाप्रबंधक डा आर के नायक , सीएमओ अमेठी , इफको सामान्य निकाय के सदस्य श्रीमती रीता सिंह सहित लगभग दो सौ कृषकों ने भाग लिया। विपणन निदेशक ने नैनो उर्वरकों के उपयोग एवं प्रयोग विधि तथा लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा किया। इफको राज्य कार्यालय लखनऊ से आए हुए अभिमन्यु राय द्वारा उर्वरक की उपलब्धता नैनो उर्वरक के महत्व , उपयोग लाभ इफको इतिहास के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपमहा प्रबंधक डॉक्टर आर के नायक द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही है इफको की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला, इफको उपमहा प्रबंधक विपणन एस सी मिश्रा ने जनपद में चलाई जा रही किसान हित की योजना जैसे नैनो विलेज क्लस्टर अभियान के तहत हुए कार्यक्रम के बारे में और उसकी उपयोगिता लाभ के बारे में किस साथियों को अवगत कराया तथा किसानों का फीडबैक भी लिया कार्यक्रम संचालन इफको क्षेत्राधिकारी द्वारा किया गया। अंत में सामान्य निकाय की महिला सदस्य रीता सिंह द्वारा सभी अधिकारियों को शॉल मोमेंटो देकर सम्मानित कर कार्यक्रम समापन कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राहुल गांधी पर मानहानि परिवाद की सुनवाई 24 को



हाथरस। हाथरस की सांसद-विधायक अदालत ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल मानहानि परिवाद की सुनवाई के लिए 24 मार्च की तारीख तय की है। एक अधिवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। मानहानि परिवाद का यह मामला हाथरस दुष्कर्म मामले से संबंधित है।

अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि सांसद-विधायक अदालत के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम) दीपक नाथ सरस्वती ने मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख 24 मार्च तय की है। उन्होंने कहा कि हाथरस दुष्कर्म मामले से बरी रामकुमार उर्फ रामू की ओर से दाखिल परिवाद पर शनिवार को उसके बयान दर्ज हुए। सितंबर 2020 में हाथरस में एक दलित युवती के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया था। दिल्ली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान पीड़ित युवती ने दम तोड़ दिया था। उसी के गांव के चार युवकों पर दरिंदगी करने का आरोप लगा था, जिनमें से तीन आरोपियों रामकुमार, लवकुश और रवि को अदालत ने इन आरोपों से बरी कर दिया था, जबकि संदीप को दोषी माना था और वह अभी भी जेल में है। इस मामले ने उत्तर प्रदेश का सियासी पारा चढ़ा दिया था। विपक्षी दलों के नेताओं ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर जमकर निशाना साधा था। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने हाथरस दौरे के दौरान पीड़ित परिवार से मिलने के बाद अपने आधिकारिक एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट किया था कि हाथरस दुष्कर्म पीड़िता के परिवार को घर में बंद करके रखना और सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों का खुलेआम घूमना बाबा साहेब के संविधान की मूल भावना के खिलाफ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने आरोप लगाया था, भाजपा सरकार ने पीड़ित परिवार को दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा भी पूरा नहीं किया है। हम आंबेडकर जी के संविधान को मानने वाले कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग मिलकर उस परिवार की मदद करेंगे-उनके घर का रिनोवेशन हम करेंगे। इस पोस्ट को लेकर दुष्कर्म मामले से बरी रामकुमार ने राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दाखिल किया था।

अधिवक्ता मुन्ना सिंह पुंढीर ने बताया कि राहुल गांधी के एक्स पर पोस्ट करने के बाद उन्हें लेकर तीन शिकायतें की हैं। एक रामकुमार उर्फ रामू की है जबकि उसके अलावा लवकुश और रवि की भी शिकायतें हैं। आज रामकुमार के मामले में तारीख थी, जिसमें उसका अदालत में बयान दर्ज किया गया है। इस मामले की सुनवाई की अगली तारीख 24 मार्च तय की गई है।

## संभल हिंसा मामले में अब तक 65 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज

संभल। जिले की एक अदालत ने पिछले साल 24 नवंबर को हुई हिंसा के 17 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी, जिसके साथ ही अब तक 65 आरोपियों की याचिका खारिज हो चुकी है।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता हरि ओम प्रकाश सैनी ने बताया कि अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निर्भय नारायण राय ने शुक्रवार को संभल हिंसा मामले में 17 आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। इसके पहले बृहस्पतिवार को ऐसी 18 जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। हरि ओम प्रकाश सैनी ने बताया कि इस मामले में अब तक 65 जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं, शेष याचिकाओं पर अन्य तारीखों पर सुनवाई होनी है। हमने माननीय न्यायालय के समक्ष दलीलें पेश की कि 24 नवंबर की घटना में चार निर्दोष लोगों की जान गई है। इन आरोपियों ने पुलिसकर्मियों की हत्या करने की नीयत से ऐसे साधनों का इस्तेमाल किया, जिसमें पथराव भी शामिल था, गोलीबारी भी की गई। सैनी ने कहा कि पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर ली है। उनके पास से गोलियां और अन्य सामान भी बरामद किया गया है। ये सभी दलीलें मैंने अदालत में पेश कीं, जिसके आधार पर कल और परसों की सभी जमानत याचिकाएं माननीय अदालत ने खारिज कर दीं उन्होंने बताया कि इस मामले में जमानत के लिए 87 याचिकाएं दायर की गई थीं, जिनमें से अब तक 65 याचिकाएं अदालत ने खारिज कर दी हैं और बाकी अन्य सुनवाई के लिए लंबित हैं। पिछले साल 19 नवंबर से संभल में तनाव व्याप्त था, जब अदालत के आदेश पर शाही जामा मस्जिद का सर्वेक्षण किया गया था। ऐसा दावा किया गया था कि उस स्थान पर पहले एक हरिहर मंदिर था। दूसरे सर्वेक्षण के दौरान 24 नवंबर को विरोध कर रहे स्थानीय लोगों की सुरक्षाकर्मियों से झड़प हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।

## स्पेन के पर्यटकों ने किया हजारी मंदिर का दर्शन

ऊसराहार, इटावा। ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व वाले हजारी महादेव मंदिर में शनिवार को स्पेन से आए पर्यटकों के एक समूह ने दर्शन किए। विदेशी मेहमानों



ने मंदिर की भव्यता और भारतीय संस्कृति की प्रशंसा की। स्पेन के शहर कैंटाब्रिया से आये फरांसिसको, अमेलिया, अलवारो, पेट्रा, सारा, अरमांडो ने स्थानीय श्रद्धालुओं के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक किया और मंदिर की ऐतिहासिक जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मंदिर के पुजारियों ने उन्हें मंदिर के निर्माण, इसकी पौराणिक मान्यता और धार्मिक महत्व के बारे में बताया। पर्यटकों ने भारतीय संस्कृति और आस्था के इस अद्भुत संगम को नजदीक से देखने का अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिकता और धार्मिक स्थलों की भव्यता विश्वभर में प्रसिद्ध है, और हजारी महादेव मंदिर इसकी एक उत्कृष्ट मिसाल है, इसके साथ हिंदी अनुवादक विजय प्रजापति मौजूद रहे। स्थानीय लोगों ने बताया कि विदेशी पर्यटकों का आगमन क्षेत्र के पर्यटन को बढ़ावा देने में सहायक होगा। स्थानीय लोगों ने भी स्पेनिश पर्यटकों का स्वागत किया।

## रमजान में जरूरतमंदों को मिली मदद

**जसवंतनगर, इटावा।** रमजान के पवित्र महीने की शुरूआत पर गुलामाने वारिस मुस्लिम वेलफेयर एजुकेशन फाउंडेशन ने विशेष पहल की। फाउंडेशन ने नगर के मुस्लिम बारात घर में जरूरतमंद परिवारों के लिए इफ्तार किट का वितरण किया। फाउंडेशन ने 250 गरीब परिवारों को राशन किट में आटा, तेल, दाल, सिवई, बिस्कुट और खजूर जैसी जरूरी खाद्य सामग्री शामिल थी। कार्यक्रम फाउंडेशन के सरपरस्त कारी हमीदुल्लाह अशरफी की देखरेख में आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष फराज वारसी मौजूद रहे। मो. जानिब सफवी और सांसद प्रतिनिधि हाजी शमीम खान भी कार्यक्रम में शामिल हुए। वारसी फाउंडेशन पिछले 13 वर्षों से लगातार यह सेवा कार्य कर रहा है। फाउंडेशन ने इस बार इफ्तार किट के साथ पौधे भी वितरित किए। संस्था का मुख्य उद्देश्य सामाजिक समरसता, सेवा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। प्रत्येक व्यक्ति को एक पौधा देकर उसकी देखभाल का संकल्प दिलाया गया। संस्था ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई।

## गांजा के साथ आरोपी गिरफ्तार

अमेठी ।जनपद में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व नशा मुक्त अमेठी अभियानह्व के तहत दिनांक एक दिन पूर्व को उ0नि0 मनोज कुमार प्रजापति थाना शिवरतनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त राम शंकर पुत्र स्व0 रामबालक तिवारी निवासी ग्राम जुगराजपुर थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 49 वर्ष को ग्राम जुगराजपुर के पास से समय करीब 6:54 बजे शाम में गिरफ्तार किया गया ।तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1 किलो 670 ग्राम गांजा बरामद हुआ ।गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबन्ध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया गया ।

## फुफेरी बहन से विवाद के बाद बालक ने की आत्महत्या

आगरा। जिले के सिकंदरा थाना इलाके में कथित तौर पर फुफेरी बहन से विवाद होने के बाद चौथी कक्षा में पढ़ने वाले 11 वर्षीय एक बालक ने आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शनिवार को बताया कि थाना सिकंदरा इलाके के सूरकुटी में छात्र अमित (11) ने शुक्रवार की शाम आत्महत्या कर ली। अमित बांदा का रहने वाला था और अपने फूफा के यहां रहकर पिछले चार साल से पढ़ाई कर रहा था। सूरकुटी स्थित एक विद्यालय के प्रधानाचार्य महेश कुमार उसके फूफा थे। पुलिस ने बताया कि अमित अपनी हम उम्र फुफेरी बहन के साथ बॉल खेल रहा था। खेलने के दौरान बॉल खो गई जिसकी वजह से दोनों के बीच विवाद हो गया और उसने अमित को एक चांटा मार दिया। इसी बात को लेकर अमित ने शुक्रवार शाम को कमरे में जा कर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। हरीपर्वत क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) आदित्य ने बताया कि 11 साल के बच्चे का खुदकुशी करना एक गंभीर बात है, इसलिए इस मामले की गहराई से जांच की जा रही है। एसीपी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उत्तराखंड हिमस्खलन : बलिया जिले के राम सुजान सिंह लापता, परिजन परेशान

बलिया। उत्तराखंड में चीन (तिब्बत) सीमा पर स्थित माना गांव के पास हुए हिमस्खलन में बलिया जिले के राम सुजान सिंह के लापता होने की आशंका है, जिससे परिवार के सदस्य काफी परेशान हैं। लापता राम सुजान सिंह के परेशान परिजनों ने कहा कि उन्हें अभी तक प्रशासन की ओर से कोई सूचना नहीं मिली है। राम सुजान सिंह के बेटे राज सिंह ने शनिवार को बताया कि उनके पिता उत्तराखंड के चमोली गए थे। राज सिंह ने कहा कि वह वहां सुपरवाइजर का काम करते हैं। वह पिछले साल जनवरी में वहां गए थे। खबर मिली है कि पहाड़ टूट गया है, जिसमें कई मजदूर फंसे हुए हैं। हमे घटना की जानकारी मीडिया से मिली। उन्होंने कहा कि प्रशासन की ओर से अभी तक कोई नहीं आया है। राज ने कहा कि परिवार ने आखिरी बार राम सुजान सिंह से पिछले सोमवार को बात की थी, जिसमें वह (राम सुजान सिंह) परिवार के सदस्यों का हालचाल पूछ रहे थे। उन्हें मेरे पिता के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल रही है। इस बीच, पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि उन्हें राम सुजान सिंह के हिमस्खलन में फंसे होने की जानकारी नहीं है।

## दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन व नारेबाजी




दुद्धी,सोनभद्र। दुद्धी को जिला बनाने की मांग को लेकर जिला बनाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों व अधिवक्ताओं ने शनिवार की दोपहर लगभग 1 बजे कचहरी गेट के मुख्य द्वार पर जमकर प्रदर्शन व नारेबाजी किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि तीन प्रान्तों से घिरा दुद्धी तहसील क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य पिछड़ा, नक्सल प्रभावित क्षेत्र है।

दुद्धी तहसील का बॉर्डर सोनभद्र जनपद मुख्यालय से 150 किलोमीटर की दूरी पर है। इसके साथ ही दुद्धी जिला बनने के सभी मानक को भी पूरा कर रहा है और सरकार को भारी मात्रा में रेवेन्यू दुद्धी से मिलता है फिर भी दुद्धी को जिला नही बनाया गया।कहा कि दुद्धी को जिला बनाये जाने की मांग पिछले तीन दशकों से किया जा रहा है।इसके साथ ही चुनाव के दौरान प्रदेश व केंद्र के मंत्रियों व नेताओं ने दुद्धी को जिला बनाने का वादा किया था। इसलिए चुनावी वादा पूरा करते हुए दुद्धी को जिला बनाया जाए और विकास कराया जाए। संघर्ष समिति के महासचिव प्रभु सिंह कुशवाहा ने कहा कि वर्षों से जिला बनाए जाने की मांग की जा रही है उसके बावजूद शासन स्तर से कोई सकारात्मक और ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है जबकि प्रशासनिक स्तर से जिले बनाए जाने संबंधित रिपोर्ट शासन को भेजी गई है।

इस मौके पर दुद्धी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रेमचंद यादव सिविल वर संघ के अध्यक्ष विष्णु कांत तिवारी, कुलभूषण पांडे, प्रभु सिंह कुशवाहा, सत्यनारायण यादव, राकेश श्रीवास्तव, दिनेश कुमार, प्रेमचंद गुप्ता, आशीष गुप्ता, राकेश कुमार, अमरावती देवी, कृष्णा कुमार सहित काफी संख्या में अधिवक्ता व मोर्चा के पदाधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

## दो दिवसीय गोष्ठी का शुभारंभ

इटावा। केके कॉलेज द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के दूसरे दिन सत्र का शुभारंभ राष्ट्रीय विज्ञान दिवस को मनाकर व महान वैज्ञानिक डा. सीवी रमन के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।

प्राचार्य प्रो. महेन्द्र सिंह ने पधारे हुये सभी अतिथियों का बुके द्वारा स्वागत किया तथा भारत के महान वैज्ञानिक नोबल पुरुस्कार विजेता सर सी. वी. रमन द्वारा रमन इफेक्ट की खोज एवं उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा आजादी के बाद भारत में वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास पर चर्चा की। इस अवसर पर अंधविश्वास को दूर करने वाले वैज्ञानिक प्रयोग भी प्रस्तुत किए गए। तृतीय तकनीकी सत्र में आमंत्रित वक्ता डा. कमला पाठक, डीन फामेर्सी, यूपीयूएमएस सैंफई ने मेडिकल क्षेत्र में नैनो तकनीक के विभिन्न प्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में नैनोड्रग्स केवल कैंसर कोशिकाओं को ही मारती हैं, अन्य स्वस्थ कोशिकाओं को नहीं। टारगेटेड ड्रग डिलीवरी मेडिकल साइंस की बड़ी उपलब्धि है। नैनोटेक्नोलॉजी का एन्टी एजिंग क्रीम में भी इसका प्रयोग किया जा रहा है जो कि त्वचा की पांचवीं लेयर तक जाकर काम करती है। आमंत्रित वक्ता चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ ने सुपरकैपेसिटर्स एवं उनके इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री में विभिन्न अनुप्रयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला। आमंत्रित वक्ता प्रो. एनके शर्मा, डीन इंजीनियरिंग कृषि महाविद्यालय, इटावा ने अपने व्याख्यान में कहा कि इलैक्ट्रानिक इन्डस्ड्री में नैनो तकनीक की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इलैक्ट्रानिक उपकरण लगातार छोटे से छोटे लेकिन पावरफुल होते जा रहे हैं। हम लगातार परामपरागत पदार्थों से एडवांस पदार्थों की तरफ बढ़ते जा रहे हैं जो कि बहुत प्रभावकारी हैं। भारत में सेमीकंडक्टर इन्डस्ड्री आर्थिक विकास में एक अच्छी ग्रोथ बढ़ाने वाला है। नैनो तकनीक के प्रयोग से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास,मानव संसाधन की क्षमताओं में क्रन्तिकारी परिवर्तन आने वाले हैं। चतुर्थ तकनीकी सत्र में देश की प्रतिष्ठित भौतिकी अनुसन्धान प्रयोगशाला, अहमदाबाद के स्पेस एवं एटमास्फिरिक डिवीजन के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. सोमकुमार शर्मा ने आमंत्रित वक्ता के रूप में सीनियर अपने आमंत्रित व्याख्यान में एटमोस्फियरिक अध्ययन में लिडार तकनीकी एवं मटेरियल साइंस व नैनोटेक्नोलॉजी की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

## हिण्डाल्को में बीबीएसओ प्रतियोगिता आयोजित




रेनुकूट, सोनभद्र। हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत संविदाकार श्रमिकों के लिए बीबीएसओप्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेन्टर में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 5 संविदाकार श्रमिकों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का संचालन सुशील पाण्डेय ने किया। प्रतियोगिता के जज प्रदीप्ता मिश्रा, विवेकानन्द, तपन पाल, सुरेशशुक्ला थे। इस प्रतियोगिता में अभिषेक सिंह मेसर्स लोटस इंफ्रास्ट्रक्चर ने प्रथम स्थान, अश्व नीगुप्ता मेसर्स जनरल कंस्ट्रक्शन कंपनीने द्वितीय स्थान व वेंकट रमन मिश्रा मेसर्स स्वरुप इंजीनियरिंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंत में हेमंत श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रतियोगिता के दौरान संविदा श्रमिकों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया।

## लुप्त हो रही फाग गीतों की प्राचीन परंपरा

दुद्धी, सोनभद्र। रंगों का त्यौहार होली आने में अब पखवाड़े भर से भी कम समय बचा है बावजूद इसके कहीं फाग गीत सुनने को नहीं मिल रहे हैं और न ही होली को लेकर पहले जैसी उत्साह देखी जा रही हैं। क्षेत्रों में कुछ गीत बज रहे हैं लेकिन वह साउंड बाक्सों पर ही सुनाई दे रहा है। ढोल मजीरे और झाल की थाप पर गीत नहीं सुनाई दे रहे हैं। ऐसा लग रहा है मानो फाग गीतों की परम्परा लुप्त होने की कगार पर पहुँच रहे हैं।

बता दें कि एक समय था कि फाल्गुन माह आते ही ढोल मजीरों की थाप और फाग गीतों की गूंज लोगों को आह्लादित कर देते थे और महीनें भर होली गीत के साथ हर्ष और उल्लास चलता रहता था। लेकिन अब समय के साथ-साथ स्वस्थ पारंपरिक फाग गीतों की परंपरा भी लुप्त होती जा रही है और लोग मार्डन युग की होली सिर्फ मोबाइल पर सुनने के बेबस देखें जा सकते हैं। फाग गीतों की लुप्त होती परम्परा को लेकर बुजुर्ग काफी चिंतित है कि हमारी संस्कृति की पहचान होली गीत की परम्परा विलुप्त होने की कगार पर है। हालांकि गांवों में कुछ बुजुर्ग कहीं-कहीं इस परंपरा को जीवित करने की कवायद में लगे हुए हैं और ढोलक एवं मजीरा तथा मानर की ताल पर होली गीतों की परम्परा को जीवित रखने में सहयोग दे रहे हैं। एक-दो दशक पहले फाल्गुन मास आते ही जगह-जगह फाग गीतों व ढोल मजीरों की आवाजें लोगों को घरों से निकलने को विवश कर देती थी। लोग एक साथ बैठकर स्वस्थ पारंपरिक फाग गीतों का आनंद लेते थे। अब गांव में न वह टोली दिखती है न वह स्वस्थ पारंपरिक गीत। जब गांव में फगुहारो की टोली चलती थी। वह परंपरा अब लुप्त होने के कगार पर है। बुजुर्ग लोग बताते हैं कि कुछ दशक पहले फाल्गुन माह आते ही गांवों में कई स्थानों पर फाग गीत गाने वालों की महफिलें सजने लगती थी। लेकिन वक्त के साथ-साथ सब कुछ बदल गया है। अब आधुनिकता की चकाचैंध और पश्चिमी संस्कृति के चलते पुरानी फाग गायकी की परंपरा लुप्त होती जा रही है और लोग मोबाइलों एवं डी जे पर ही फाग गीतों का आनन्द ले रहे है। पुरानी परम्पराओं में फगुवा गायन में विशेषकर ताल, अर्ध तीन ताल, दादरा, कहरवा का आनंद अब दुर्लभ हो गया है ।अगर इसी तरह आधुनिक युग के युवा होली गीतों की परम्परा से दूर भागते गये तो आने वाले समय में होली गीतों की परम्परा को संजोना काफी मुश्किल हो सकता है । लोगों ने कहा कि इस परंपरा को संरक्षित नहीं किया गया तो यह भविष्य में केवल इतिहास बनकर रह जाएगी।

## कालिया नाग मर्दन की लीला का मंचन

सोनभद्र। कालिया नाग के फन पर कृष्ण के नृत्य की लीला को देखने के लिए लीला प्रेमियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर के रामलीला प्रांगण में आयोजित रासलीला के तीसरे दिन कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का मंचन किया गया। वृन्दावन से आए कलाकारों ने शानदार लीला का मंचन कर लीला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया

- **कालिया नाग के मान मर्दन की लीला का किया गया मंचन**
- **कालिया नाग के फन पर श्री कृष्ण ने किया नृत्य**



श्री रामलीला चल रहे रासलीला में श्रीकृष्ण मित्रों के साथ यमुना नदी के किनारे गेंद से खेल रहे थे। भगवान ने जोर से गेंद फेंकी और वो यमुना में जा गिरी। गेंद भारी होने से वो सीधे यमुना के तल पर चली गई। समस्या यह थी कि उस समय यमुना में कालिया नाग रहता था। पांच फनों वाला नाग बहुत खतरनाक और विषधर था। उसके विष से यमुना काली हो रही थी और उसी जहर के कारण गोकुल के पशु यमुना का पानी पी कर मर रहे थे। कान्हा बहुत छोटे थे, लेकिन मित्रों के जोर के कारण उन्होंने तय किया कि गेंद वो ही निकाल कर लाएंगे। कान्हा ने यमुना में छलांग लगा दी। कृष्ण ने कालिया नाग की पूंछ पकड़कर उसे मारना शुरू कर दिया। कालिया नाग अपने प्राण की रक्षा के लिए कृष्ण से दुहाई देने लगा। कृष्ण ने उसे यमुना छोड़कर समुद्र में जाने के लिए वचबद्ध किया। इसके बाद कालिया नाग के फन पर नृत्य किया। इस तरह भगवान कृष्ण ने मथुरावासियों को कालिया नाग के साथ यमुना को उसके विष से मुक्ति दिलाई। इससे पूर्व बांके बिहारी की अनुपम छटा की भव्य आरती की गई। इस अवसर पर पूर्व अविनाश कुशवाहा, रमेश दुबे, समिति के संरक्षक-जितेंद्र सिंह, संयोजक रामप्रसाद यादव, अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री धीरज जालान, सदस्य मनोज सिंह, सन्नु केसरी, विजय कांत मिश्र, डॉ. अनिल पांडेय, संदीप चैरसिया, विनोद केसरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शिकायतों के त्वरित निस्तारण करने के निर्देश

अमेठी। शासन के निर्देशानुसार जन सामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें तहसील गौरीगंज में पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, तहसील अमेठी में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, तहसील मुसाफिरखाना व तहसील तिलोई में संबंधित उपजिलाधिकारी ने जन सामान्य की शिकायतों को सुना एवं उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील गौरीगंज में 12 शिकायतें में प्राप्त हुई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, तहसील अमेठी में 24 शिकायत में प्राप्त हुई जिनमें जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया, तहसील तिलोई में 27 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में 18 शिकायत प्राप्त हुई जिनके निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीमें क्षेत्र में भेजी गई।

## स्कॉलरशिप परीक्षा में यूपीएस ढुटेर के बच्चों ने बढ़ाया मान



शाहगंज, सोनभद्र। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में घोरावल ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय ढुटेर के बच्चे जिले स्तर पर उत्तीर्ण होकर अपना तथा विद्यालय का मान बढ़ाया है।

शुक्रवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम में कक्षा आठ के छात्र आलोक सिंह व अभिकृत पांडेय जहां प्रथम रैंक प्राप्त कर जिले में परचम लहराया वहीं इसी विद्यालय के ही आलोक रंजन ने द्वितीय रैंक हासिल कर नाम को रोशन कर दिया है। इसी तरह यही की छात्रा अंशिका 13वीं, प्रीति विश्वकर्मा 17वीं तथा अनन्या पांडे 19वीं, स्नेहा मौर्या 21वीं और छात्र अवनीश कुमार ने 28वीं रैंक पाकर अपना तथा विद्यालय का नाम रोशन कर दिया। इन सभी प्रतिभागी उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं का शनिवार को विद्यालय में सम्मान किया गया।

प्रधानाध्यापक यतिनंदन लाल व सहायक अध्यापक राजकुमार ने हर्ष व्यक्त करते हुए बताया कि इस योजना के तहत परीक्षा में शीर्ष स्थान पाने वाले बच्चों को सरकार द्वारा सरकारी तथा अर्ध सरकारी विद्यालयों में इण्टरमीडिएट तक शिक्षा ग्रहण के दौरान प्रति माह एक हजार रुपए की छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि बच्चों के उत्कृष्ट प्रतिभा का सर्वोच्च प्रदर्शन अनवरत सफलता प्राप्त कर रहीं हैं। यूपीएस ढुटेर के बच्चों को जिले स्तर पर उत्तीर्ण होने पर खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह, इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल ओड़हथा की प्रधानाध्यापक अमृता सिंह, यूपीएस ढुटेर के विद्यालय प्रबंध समिति के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानदास कनौजिया, विनोद कुमार मौर्य सहित अनुदेशक अनिल चैबे, नीलू सोनकर, निशा के अलावा कीरन मौर्या व अभिभावकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की है।

संक्षेप

## भाजपा के सांगठनिक चुनावों में तेजी

**अयोध्या।** भारतीय जनता पार्टी के सांगठनिक चुनावों में तेजी आ गई है।

दो मार्च रविवार को सहादतगंज पार्टी कार्यालय में शाम 4 बजे से 6 बजे तक महानगर अध्यक्ष के लिए नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। महानगर सांगठनिक चुनाव अधिकारी नीलिमा कटियार तथा सह चुनाव अधिकारी शैलेन्द्र कोरी व तिलकराम मौर्या नामांकन पत्रों की जांच के उपरान्त सभी नामांकन पत्रों

- आज जमा होंगे महानगर अध्यक्ष पद के नामांकन पत्र

को लेकर लखनऊ कार्यालय में जमा करेंगे। जहां से प्रदेश चुनाव अधिकारी डा महेन्द्र नाथ पाण्डेय की संस्तुति व प्रदेश स्तर पर विचार विमर्श के उपरांत महानगर अध्यक्ष की घोषणा की जाएगी।

अयोध्या महानगर तथा जिले के सांगठनिक चुनाव प्रक्रिया को मिल्कीपुर उपचुनाव के कारण टाल दिया गया था।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि शुक्रवार की शाम को चार मंडलों में से तीन मंडलों के अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधियों की घोषणा की गई। अयोध्या मंडल के अध्यक्ष व प्रतिनिधि को घोषणा जल्द की जाएगी। दो मार्च को पार्टी कार्यालय सहादतगंज में महानगर अध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई।

# डीएम की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच ।** आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में माह मार्च के प्रथम शनिवार को तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ।

इस अवसर पर डीएम ने अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी व उप जिलाधिकारी अश्वनी कुमार पाण्डेय के साथ आये हुए फरियादियों की समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई की और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया मौके पर जाकर प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस में वन विभाग का कोई अधिकारी उपस्थित न रहने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए प्रभागीय वनाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान थाना मोतीपुर अन्तर्गत लालपुर चांदझारा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्राप्त होने पर डीएम ने एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण कर सरकारी भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त करायें। इस सम्बन्ध में डीएम ने एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि सरकारी भूमि पर कब्जे की शिकायत के सम्बन्ध में स्थलीय निरीक्षण के दौरान यह अवश्य देखा जाय कि सम्बन्धित द्वारा एक बार कब्जा हटाये जाने के बाद दोबारा सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों से भूमि को मुक्त कराये जाने के साथ-साथ सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाय।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में अन्त्योदय कार्ड में नाम बढ़ाने के लिए आयी एक बीमार महिला तथा निराश्रित महिला पेंशन के लिए आयी बुजुर्ग महिला के प्रार्थना-पत्रों पर सुनवाई करते हुए डीएम ने जिला पूर्ति अधिकारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी को तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले प्रार्थना-पत्रों पर पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्यवाही करते हुए पीड़ित व्यक्तियों को राहत पहुंचायें। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रता के अनुसार लाभान्वित भी किया जाय।

डीएम मोनिका रानी ने आसन्न होली व रमजान त्योहारों के दृष्टिगत थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि थाना अन्तर्गत समस्त डी.जे. संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें सेलेक्टेड गानों की सूची उपलब्ध करा दें तथा शासन द्वारा जारी गाईड लाइन से अवगत करा दिया जाय। सभी थानों पर डी.जे. संचालकों के नाम, पते व मोबाइल नम्बर की सूची रखी जाय।

उल्लेखनीय है कि तहसील मिहींपुरवा( मोतीपुर ) में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में यहां पर प्राप्त हुए 22 प्रार्थना-पत्रों में से 05 का निस्तारण मौके पर किया गया। इसी प्रकार तहसील सदर बहराइच में प्राप्त 16 के सापेक्ष 02, कैसरगंज में प्राप्त 78 के सापेक्ष 06, नानपारा में प्राप्त 29 के सापेक्ष 04, पयागपुर में प्राप्त 76 के सापेक्ष 07 व महसी में प्राप्त 23 प्रार्थना-पत्रों के सापेक्ष 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार सहित जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम राजस्व ने सुनी शिकायतें

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** शनिवार को मिल्कीपुर तहसील में एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन कया गया। समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें आयी जिसमें दो का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर करा दिया गया। खण्डासा थाना क्षेत्र के जिगनाही गांव निवासी वागीश तिवारी ने शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि मुकेश कुमार दूबे निवासी बसवार खुर्द थाना इनायत नगर ने खुद को आयशर ट्रैक्टर का एजेंट बताते हुए ट्रैक्टर दिलाने के नाम पर 17 अक्टूबर 2024 को 25 हजार रुपए ले लिए लेकिन अभी तक ट्रैक्टर नहीं मिला और ना ही पैसा वापस कर रहे हैं। रामपुर गौहनिया निवासी मंजू ने शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया कि गांव के ही निवासी राजेंद्र दबंगई के बल पर आबादी की पुश्तैनी जमीन पर जबरन निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं, मना करने पर गाली गलौज करने पर उतारू हो जाते हैं। तहसील समाधान दिवस मे उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर राजीव रतन सिंह, तहसीलदार सुमित कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी श्रीयस त्रिपाठी बीडीओ सहित अन्य तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## 110 शिकायतों का हुआ तत्काल निस्तारण

**बाराबंकी।** जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया। जंहा आये हुये फरियादियो की समस्याओ को सुना त्वरित निस्तारण कराया गया। जनपद में समस्त तहसीलों में कुल 395 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें से मौके पर 110 शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इसी क्रम मे तहसील नवाबगंज में उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आर जगत साईं के समक्ष कुल 71 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। जिसे 18 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस मौके पर तहसीलदार शरद सिंह, सीओ सिटी सुमित त्रिपाठी सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी प्रकार तहसील रामसनेहीघाट में अपर जिलाधिकारी इंद्रसेन के समक्ष कुल 94 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। मौके पर 38 शिकायतो का निस्तारण करवाया गया। इसी क्रम तहसील फतेहपुर में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार विश्वकर्मा के समक्ष कुल 62 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुये। मौके पर 23 प्रकरणो का निस्तारण कराया गया।

## लखनऊ-कुर्सी-महमूदाबाद रोड चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण कार्य की डीएम ने की समीक्षा



**बाराबंकी।** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने राज्यमार्ग 172, लखनऊ, कुर्सी, महमूदाबाद रोड चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य की समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने राज्यमार्ग सड़क के चैड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के दौरान सड़क के किनारे लगे वृक्षों को काटने से पूर्व उनकी नियमानुसार नीलामी प्रक्रिया व वन विभाग की एनओसी के उपरांत ही वृक्षों को कटाने की कार्यवाही कराने, सड़क के किनारे लगे विद्युत पोलों की समय से शिफ्टिंग कार्य कराने, सड़क बनाने की प्रक्रिया की गति में तेजी लाये जाने को लेकर सम्बधितो को दिशा-निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, अधिशाषी अभियंता निर्माण खंड-3, विद्युत विभाग सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## जनपद सिंचाई बंधु की बैठक 11 को

**बहराइच ।** सदस्य सचिव एवं अधि.अभि. स.न.ख.-पंचम बहराइच ने बताया कि शासन द्वारा नामित उपाध्यक्ष जनपद सिंचाई बन्धु राघवेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक 11 मार्च 2025 को मध्यान्ह 11:00 बजे से कल्पीपारा कालोनी स्थित सिंचाई विभाग के आफीसर्स फील्ड हास्टल में आहूत की गयी है। सदस्य सचिव ने बताया कि जनपद सिंचाई बन्धु की बैठक में नहरों की समुचित सफाई, नहरों की कटिंग तथा टेल तक पानी की उपलब्धता, रोस्टर के अनुसार नहरों का संचालन, नहरों के कुलाबों की व्यवस्था, राजकीय नलकूपों का संचालन व बन्दी की समीक्षा, सिंचाई शुल्क निर्धारण, कृषकों से प्राप्त अन्य प्रकार की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ सिंचाई मंत्री द्वारा निर्देशित अन्य कार्यों पर चर्चा की जायेगी। सदस्य सचिव ने सभी सम्बन्धित से ससमय बैठक में प्रतिभाग करने की अपेक्षा की है।

# डीएम ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



**बहराइच ।** जिले में प्रथम पॉली में संचालित हाईस्कूल की गणित विषय की बोर्ड परीक्षा का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मोनिका रानी ने तहसील नानपारा अन्तर्गत श्री शंकर इण्टर कालेज नानपारा व अवध बिहारी मेमोरियल इण्टर कालेज भवनियापुर मटेरा का औचक निरीक्षण करते हुए परीक्षा केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापकों व स्टेटिक मजिस्ट्रेटों से जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। अवध बिहारी इण्टर कालेज के निरीक्षण के दौरान डीएम ने केन्द्र व्यवस्थापक को निर्देश दिया कि परीक्षा कक्ष में प्रकाश व्यवस्था को और बेहतर किया जाये ताकि छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम मोनिका रानी ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों के अतिरिक्त सीसीटीवी कन्ट्रोल रूम, प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिकाओं को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी व शासन की मंशानुसार पूरी शुचिता के साथ बोर्ड परीक्षा को सम्पन्न कराया जाय। नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग प्रदान किया जायेगा परन्तु परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक व जोनल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि निरन्तरता के साथ परीक्षा केन्द्रों का भ्रमण करते रहें।

# नर्सिंग छात्राओं ने मानव सेवा की ली शपथ

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** शहर के नाका स्थित चिरंजीव नर्सिंग इंस्टीट्यूट में ए.एन.एम. व जी.एन.एम. की छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी एवं लैंप लाइटिंग शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नानक सरन, सुंदर लाल रामा कॉलेज ऑफ नर्सिंग, अम्बेडकर नगर के प्राचार्य स. प्रो. डॉ सुधीश, चिरंजीव नर्सिंग इंस्टिट्यूट के चेयरमैन डॉ. उमेश चैधरी एवं निदेशिका डॉ जयन्ती चैधरी द्वारा मां सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया ।

इस अवसर पर नर्सिंग की छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए , जिन्हें वहां बैठे दर्शकों ने खूब सराहा ।

इसी क्रम में ए.एन.एम. एवं जी.एन.एम. की नवीन छात्राओं द्वारा लैंप लाइटिंग व शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम भी किया गया, जिसमें छात्राओं द्वारा अपने कार्य के प्रति मानव सेवा का भाव रखने हेतु शपथ ली गई । कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि ने अपने सम्बोधन में नर्सिंग छात्राओं से कहा कि आपने शिक्षा का जो क्षेत्र चुना है वह शिक्षा की सभी विधाओं से ऊपर है क्योंकि इसमें मानव सेवा शामिल है। प्रशासनिक, सिविल, इंजीनियरिंग सेवा व सरकारी कर्मचारी तो हर व्यक्ति बनना चाहता है, मानव सेवा में वही लोग आते हैं जो जीवन में कुछ अलग हटकर करना चाहते हैं, क्योंकि मानव सेवा ईश्वर की सेवा से भी कठिन है ।

कार्यक्रम के अंत में इंस्टिट्यूट की निदेशिका डॉ. जयन्ती चैधरी ने सभी नर्सिंग की नवीन छात्राओं का स्वागत किया एवं उन्हें पूरी श्रद्धा, समर्पण एवं गरिमामयी तरीके से नर्सिंग क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण यात्रा को पूर्ण करने हेतु शुभकामनाये दी ।इसी क्रम में नर्सिंग इंस्टिट्यूट के चेयरमैन ने अपने संबोधन में नवीन छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम का समापन हमेशा की तरह राष्ट्रगान कर किया गया ।इस दौरान चिरंजीव नर्सिंग इंस्टिट्यूट के प्रबन्धक के.पी. मिश्र, प्रधानाचार्य विशाल अलवर्ट, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती रिंकी शुक्ला, रोहित, दीपसिखा, सार्थक, अनुराधा, सुचिता, गायत्री, अंकिता,प्रीति,प्रियम्वदा सहित समस्त नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहे ।

## प्रबंधक ने मतदाता जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखा किया रवाना




**जैदपुर,बाराबंकी।** खुशहालपुर स्थित सहयोगी आरबीपीजी कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम व द्वितीय विशेष शिविर के पांचवे दिन शिविरार्थियो ग्राम रहीमाबाद व सतावां में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। तथा विभिन्न स्लोगनो युवा हो तुम देश की शान, जागो उठो करो मतदान, वोट की ताकत को पहचानो भाई, मान सम्मान की है लड़ाई। छुट्टी नही मनाएंगे, वोट डालने जाएंगे। वोट हमारी जाए न खाली, चुनकर है सरकार बनानी। जाति धर्म लिंग भेद भुलाकर, सब करे मतदान बराबर, आदि के माध्यम से ग्रामीणो को जागरूक किया। रैली को महाविद्यालय प्रबन्धक इं0 अरुण कुमार वर्मा ने हरी झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया। बौद्धिक सत्र मे मुख्य अतिथि टीआरसी महाविद्यालय सतरिख प्राचार्य डॉ0 गिरजा शंकर ने कहा कि शिक्षा मानव समाज के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह न केवल ज्ञानार्जन का साधन है बल्कि यह समाज के न्याय, समानता और विश्वसम्मतता को प्राप्त करने का माध्यम भी है। इस अवसर पर ताइक्वांडो प्रशिक्षिक अभिषेक वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डा0 अनीता कुमारी, आस्था, अर्चिता, राहुल, मुस्कान, रविता, सविका, सपना, उषा आदि मौजूद रही।

# धरने पर बैठे मीटर रीडर, किया प्रदर्शन

## मांगें पूरी होने तक करेंगे कार्य बहिष्कार, रीडिंग प्रभावित होने के आसार




**अयोध्या।** निजीकरण के विरोध के साथ अब शनिवार से पावर कार्पोरेशन द्वारा तय की गई कंपनी पर शोषण का आरोप लगा कर मीटर रीडरों ने भी मुख्य अभियंता कार्यालय पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। करीब 2500 से अधिक मीटर रीडरों के धरने के कारण आगामी दिनों में मीटर रीडिंग का कार्य प्रभावित होने की आशंका है। धरने पर बैठे मीटर रीडरों का कहना है कि मांगें पूरी होने तक कार्य बहिष्कार रहेगा। विद्युत मजदूर पंचायत सम्बद्ध हिन्द मजदूर सभा शाखा के तत्वावधान में विद्युत मीटर रीडर धरना दे रहे हैं। उनकी मांग है कि मेसर्स टीडीएस मैनेजमेन्ट मोहाली पंजाब के द्वारा किये जा रहे मीटर रीडरों के शोषण जैसे ठेका पर रीडिंग करने का विरोध, सिक्योरिटी धनराशि 20,000 प्ये वापस न करना, श्रम पंजीकरण न कराना, परिचय पत्र न देना, नियुक्ति पत्र न देना आदि के विरोध में धरना दिया जा रहा है। विघुत मजदूर पंचायत के जिला अध्यक्ष जय गोविंद का कहना है कि ज्वलन्त मांग यह है कि टीडीएस कम्पनी अपने ठेका में 3 रुपये प्रति बिल पर कार्य करने में असमहति है। उन्होंने कहा कि निविदा संविदा कर्मचारियों की भाँति कुशल श्रमिक के समान वेतन एवं सुविधायें दी जाए तभी हम मीटर रीडर बिलिंग का कार्य सुचारू रूप से निगम में करेगें। इस मौके पर संरक्षक रघुवंश मिश्रा, राम सिंह यादव, जिला अध्यक्ष जय गोविंद सिंह, राजेश यादव, विपिन कुमार, अनिल यादव, राहुल सिंह, सचिन सिंह, देवी प्रसाद तिवारी, अंकुर गौड़, सोहन यादव कार्यवाहक अध्यक्ष सुशील मौर्य मंत्री देव प्रकाश पाठक मौजूद रहे।

# विधि व्यवसाय में मूट कोर्ट सफलता की नींवः सूर्य नारायण सिंह




**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वर्ण जयंती स्थापना समारोह के परिप्रेक्ष्य में कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देशक्रम में विधि संकाय एवं कामता प्रसाद सुंदरलाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय अयोध्या के विधि विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विधिक शिक्षा के उन्नयन में मूट कोर्ट की भूमिका विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में

- अवध विवि में विधि के छात्र-छात्राएं मूट कोर्ट की प्रक्रिया से रूबरू हुए

जिला बार एसोसिएशन, अयोध्या के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय ने की। इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जिला बार एसोसिएशन अयोध्या के मंत्री गिरीश चन्द्र तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधि संकायाध्यक्ष प्रो. अशोक कुमार राय ने कहा कि मूट कोर्ट विधि छात्रों के लिए न्यायिक प्रक्रिया की व्यावहारिक समझ विकसित करने का एक प्रभावी माध्यम है। यह उनके शोध कौशल, तार्किक क्षमता और वकालत के गुणों को निखारता है, जिससे वे वास्तविक न्यायिक चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

उन्होंने कहा कि भारतीय विधिज्ञ परिषद ने वर्ष 2008 में विधि महाविद्यालयों में अनिवार्य किया जिससे विधि स्नातक के विद्यार्थियों की व्यावहारिक समझ का उन्नयन सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि मूट कोर्ट विधि व्यवसाय में सफलता प्राप्त करने की नींव रखता है। यह विधि छात्रों को न्यायालयीन प्रक्रिया, तर्क-वितर्क कौशल और प्रभावी कानूनी लेखन की बारीकियों से परिचित कराता है।विशिष्ट वक्ता के रूप में बोलते हुए गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि विधिक शिक्षा केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं हो सकती। एक सफल अधिवक्ता बनने के लिए मूट कोर्ट जैसी व्यावहारिक गतिविधियों में भाग लेना आवश्यक है।इससे छात्रों में आत्मविश्वास और न्यायिक तर्कशक्ति का विकास होता है। एसोसिएट प्रोफेसर डॉ० अजय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त हुए कहा कि मूट कोर्ट का अभ्यास छात्रों को विधि की गहरी समझ प्रदान करता है। यह उन्हें निर्णयज विधि के अध्ययन, न्यायिक विमर्श और तर्कसंगत निष्कर्ष निकालने की प्रक्रिया में दक्ष बनाता है, जिससे वे भविष्य में एक सफल विधिवेत्ता बन सकें।उन्होंने बताया कि मूटकोर्ट केवल एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि एक अनुभव है जो विधि छात्रों को न्याय के लिए तैयार करता है। कार्यक्रम के दौरान विधि संकाय के छात्र-छात्राओं ने मूट कोर्ट की प्रक्रिया एवं उसके प्रभावों से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए जिनका वक्ताओं द्वारा विस्तार से समाधान प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर डॉ०सन्तोष पाण्डेय, डॉ०विवेक सिंह,डॉ०वन्दना गुप्ता,दिलीप शुक्ला सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# संचालित भंडारे के तीसरे चरण का समापन



**अयोध्या।** पूर्व सांसद लल्लू सिंह की संस्था श्री अयोध्या न्यास द्वारा पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में संचालित भंडारे की तीसरे चरण का समापन एक मार्च की भोर में हुआ। भण्डारे का तीसरा चरण माघ पूर्णिमा स्नान 12 फरवरी को प्रारम्भ किया गया था। तब से 28 फरवरी तक अनवरत 17 दिनों तक चलाया गया। इससे पूर्व भंडारे का प्रथम चरण मौनी अमावस्या 29 जनवरी को प्रारम्भ होकर 31 जनवरी

- भंडारे की समाप्ति पर हुआ व्यवस्थाओं में लगे लोगों का सम्मान
- 17 दिनों तक अनवरत चला भंडारे का तीसरा चरण

तक चला था। द्वितीय चरण बसंत पंचमी पर 3 व 4 फरवरी को चलाया गया था। तीनों चरणों में 23 दिनों तक भंडारा चलाया गया था। रेलवे स्टेशन के निकट होने के कारण रेलगाड़ियों के आने पर भंडारा स्थल पर भारी भीड़ हो जाती थी। रात में पहुंचने वाली मेला स्पेशल गाड़ियों के देर रात में पहुंचने पर कई दिनों भंडारे का संचालन भोर में चार बजे तक किया गया। भंडारे में लाखों की संख्या में अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। भोजन व्यवस्था के साथ ही पार्टी कार्यालय के हॉल तथा बगल में श्रद्धालुओं के विश्राम की भी व्यवस्था की गई थी। मोबाइल चार्जिंग के लिए प्वाइंट लगाए गए थे। मोबाइल टॉयलेट भी लगाए गए थे। पेयजल की सुचारू व्यवस्था भंडारा स्थल पर थी।वहीं एक मार्च के भोर में भंडारा समाप्त होने के उपरांत भोजन व्यवस्थाओं, सफाई व्यवस्थाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं में लगे लोगों का पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने पुष्प वर्षा, माल्यार्पण, वस्त्र व अन्य उपहार देकर सम्मानित किया।

भंडारे की व्यवस्था में लगभग दो दर्जन कैटरिंग के लोग, सफाई व्यवस्था में एक दर्जन सफाई कर्मियों तथा अन्य व्यवस्थाओं में एक दर्जन लोगों ने अपनी सेवाएं दी। पूर्व सांसद ने कहा कि सनातन धर्म के संस्कारों में ही सेवा का भाव निहित है। श्रद्धालुओं के सेवार्थ चलाए गए कैम्प में अतिथि देवो भव को आत्मसात करके रामनगरी पधारे श्रद्धालुओं की सेवा की गई है। महाकुम्भ की दिव्य व भव्य व्यवस्थाओं में स्नान के उपरांत बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्री राम लला के दर्शन के लिए अयोध्या पधारे।

जिनकी भंडारे में लगे लोगों द्वारा पूर्ण श्रद्धा के साथ सेवा की गई ।इस दौरान कमला शंकर पाण्डेय, मनोज श्रीवास्तव, मनमोहन जायसवाल, जिलाजीत सिंह, गणेश गुप्ता, रवि सोनकर, किशन मौर्या, सूरज सोनकर, पंकज चैरसिया, दीपक पाठक, मल्लू यादव सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गेंद घर मैदान में 8 से 10 मार्च तक आयोजित होगा बहराइच महोत्सव

**बहराइच ।** जिले में 08 से 10 मार्च 2025 तक गेंद घर मैदान में आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अभिनव पहल पर दर्शकों के पास स्वस्थ मनोरंजन के साथ-साथ उपहार जीतने का अवसर भी रहेगा। बहराइच महोत्सव को अधिकं आकर्षक व रूचिकर बनाने तथा जिले के दूरस्थ क्षेत्रों की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से दर्शकों के लिए 02 श्रेणी में कूपन की व्यवस्था की जा रही है। प्रथम श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 500=00 तथा द्वितीय श्रेणी के कूपन का मूल्य रू. 200=00 निर्धारित किया गया है। प्रथम श्रेणी के कूपन विजेताओं को लकी ड्रा में जहां स्कूटी व टैबलेट आदि वस्तुएं उपहार में मिलेंगी वहीं द्वितीय श्रेणी कूपन विजेताओं को इलेक्ट्रानिक प्रेस, मोबाइल फोन व मिक्सीजूसर आदि वस्तुएं प्रदान की जायेंगी। बहराइच महोत्सव के अन्तिम दिन 10 मार्च 2025 को गेंद घर मैदान में दर्शकों की मौजूदगी में लकी ड्रा निकाला जायेगा ।यह जानकारी देते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि जनपद के प्रत्येक क्षेत्र में कूपन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से समस्त खण्ड विकास अधिकारी व नगर निकायों, जिला स्तरीय कार्यालयों एवं जिला पर्यटन सूचना अधिकारी के कार्यालय से इच्छुक व्यक्ति निर्धारित मूल्य पर कूपन प्राप्त कर सकेंगे। डीएम ने जनपदवासियों से अपील की है कि 08 मार्च से आयोजित होने वाले बहराइच महोत्सव में अधिकाधिक संख्या में प्रतिभाग कर आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।

## छात्रवृत्ति परीक्षा में मलेथू बुजुर्ग के तीन बच्चे चयनित



**मिल्कीपुर-अयोध्या।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-2026 में हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के 15 बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल घोषित हुए हैं। जिसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू बुजुर्ग की तीन छात्राएँ चयनित हुई हैं। जिसमें आराधना को 20 वीं रैंक, खुशबू 31 वीं रैंक व रुचि 36 वीं रैंक प्राप्त हुई है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू बुजुर्ग के प्रधानाध्यापक बीरेन्द्र दूबे ने बताया कि पिछले बार की परीक्षा में केवल एक बच्चा ही सफल हो पाया था लेकिन इस बार स्कूल के शिक्षकों एवं बच्चों ने बेहतर प्रयास किया, जिसका परिणाम रहा कि मेरे विद्यालय के तीन बच्चे सफल हुए हैं।

हैरिंग्टनगंज के खण्ड शिक्षा अधिकारी राम सुयश वर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा 2025-2026 में छात्रवृत्ति के लिए शिवपूजन, प्रियांशी चैरसिया, रुचि गौड़ कम्पोजिट विद्यालय पाराताजपुर, मानसी पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसौली ढेमा वैश्य, प्रियांशी कम्पोजिट विद्यालय आस्तीकन, उपेन्द्र, अंकुर, अंशिका, सूरज कम्पोजिट विद्यालय देवनपारा, लाडली, सोनम कपूर, महिमा पूर्व माध्यमिक विद्यालय रूरूखास, आराधना , खुशबू, रुचि पूर्व माध्यमिक मलेथू बुजुर्ग को छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित किया गया है। एआरपी ने बताया कि अभी तक कुल 15 बच्चे छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल घोषित हुए। मलेथू बुजुर्ग में चयनित हुए बच्चों को प्रधानाध्यापक बीरेन्द्र दूबे एवं अन्य शिक्षकों ने मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

संक्षेप

## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच एक-दूसरे के हुए 103 जोड़े

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शनिवार को ब्लॉक मोतिगरपुर में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में मोतिगरपुर, पी.पी. कमैचा और जयसिंहपुर के कुल- 122 जोड़ो के सापेक्ष 103 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विद्वान पुरोहित द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार से विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक राजप्रसाद उपाध्याय (राजबाबू) ने

● विधायक ने नवविवाहितों को दिया आशीर्वाद

कहा कि योजना के माध्यम से उन परिवारों की मदद मिल रही है जो धन के अभाव में अपनी पुत्रियों का कन्यादान नहीं कर पा रहे थे। उन्होंने कहा कि कन्यादान से बढ़कर कोई दान नहीं है। विधायक राजप्रसाद उपाध्याय, प्रमुख चंद्रप्रताप सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह, बीडीओ महेशचंद्र त्रिपाठी ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि राज्य सरकार से मिलने वाली 51,000 की आर्थिक सहायता में 10 हजार का सामान, 35 हजार नवविवाहित के खातों में और 6000 खर्च के रूप में दिए जाते हैं। दूल्हे को पैंट-शर्ट, गैस चूल्हा, बर्तन, बैग, और दुल्हन को साड़ी, पायल, बिछिया जैसे उपहार भेंट किए गए। इस कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जयसिंहपुर प्रभाकर शुक्ल रिंकू, जिला पंचायत सदस्य अजय चतुर्वेदी नन्दन, एडीओ समाज कल्याण ओ.पी.सिंह, प्रधान लवकुश सैनी, पुजारी मिश्र, प्रेमनारायण माली, सुलतान अली, रणजीत वर्मा, सर्वेश सिंह, सचिव रुचि दुबे, नितेश सिंह, रवींद्र दुबे, पिंटू सिंह, भाजपा नेता कपिलदेव सिंह, जय बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

## मनोज कुमार ने संभाली कमान, वाहनों पर नहीं लदेगा अधिक सामान

**रायबरेली।** सड़कों पर फर्राटा भर रहे ओवरलोड वाहनों पर एआरटीओ मनोज कुमार सिंह की कार्यवाही से हड़कंप मच गया है। लगातार उनकी कार्रवाई से ओवरलोड एवं फिटनेस सहित अपने कागजात पूरे न रखने वाले वाहन मालिकों के वाहनों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी कड़ी में आज प्रातः 4:00 बजे से कार्रवाई शुरू गई कई उक्त क्रम में थाना सलोन क्षेत्र के सूची चैकी में तीन भारी ओवरलोड ट्रक व थाना सलोन में तीन गाड़ियां निरुद्ध की गई। इसके अलावा थाना जगतपुर में एक ओवर लोड ट्रक बंद किया गया स्कूल वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई में एक निजी वाहन के स्कूल वाहन के रूप में संचालित पाए जाने पर थाना जगतपुर में निरुद्ध किया गया बिना परमिट के संचालन में पाए जाने पर एक अन्य स्कूलों के वाहन का चालान किया गया पूरी कार्रवाई से लगभग 4:30 लाख रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है लगातार कार्रवाई से ओवरलोड वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा और वह इधर-उधर गाड़ी खड़ी करके बचने का प्रयास करते रहे। ओवरलोड वाहन दुर्घटना के सबसे अधिक शिकार बनते हैं और बनाते हैं एआरटीओ के इस कार्रवाई से वाहन चालकों में जहां हड़कंप मचा हुआ है वहीं देखा यह भी गया है कि ज्यादातर वाहन ओवरलोड के चक्कर में नहीं पड रहे हैं। एआरटीओ मनोज कुमार सिंह के एक्शन से जहां ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की गई तो वहीं राजस्व भी जमकर सरकार के खजाने में जमा हुआ।

# विधायक ने किया ब्लॉक सभागार का लोकार्पण

## 10 लाख निधि से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हुआ सभागार



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय ने जयसिंहपुर ब्लॉक सभागार का फीता काटकर लोकार्पण किया। यह सभागार क्षेत्र पंचायत निधि से लगभग 10 लाख रुपए की लागत से तैयार किया गया है, जिसे अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है।

सभागार के जीर्णोद्धार में खिड़की-दरवाजे, रंग-रोगन, टाइल्स और पीवीसी पैनल का उपयोग किया गया है, जिससे यह आधुनिक और सुविधाजनक स्थान बन गया है। यह वही सभागार है, जहां प्रधान और बीडीसी सदस्य बैठकर करोड़ों की विकास योजनाओं को अंतिम रूप देते हैं। वर्षों से उपेक्षित इस सभागार को अब एक नया और आकर्षक रूप दिया गया है, जिससे विकास कार्यों की बैठकों के लिए बेहतर वातावरण मिलेगा। लोकार्पण समारोह में लोकाधिकार सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ल (बेबी भईया), ब्लॉक प्रमुख जयसिंहपुर राहुल शुक्ल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रभाकर शुक्ल (रिंकू भईया), बीडीओ निशा तिवारी, रत्नेश तिवारी, गुड्डू उपाध्याय, रामकेश यादव, रामजीत पाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सभागार के नवनिर्माण को विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि क्षेत्र के विकास में बुनियादी ढांचे का महत्वपूर्ण योगदान होता है और यह सभागार अब ग्रामीण विकास योजनाओं की प्रभावी योजना और क्रियान्वयन में सहायक होगा।

## अलग-अलग सड़क हादसों में तीन की मौत, दो घायल

**बल्दीराय, सुलतानपुर।** तहसील क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली घटना शनिवार दोपहर बल्दीराय थाना के हलियापुर-सुलतानपुर रोड पर चककारी भीट मोड़ के पास हुई। जिसमें राम करन जायसवाल (45) पुत्र राजाराम, निवासी ड़ड़वा मजरे सादुल्लापुर थाना बल्दीराय अपने बेटों के साथ धूनी मेला देखने जा रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रही बाइक से जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में राम करन जायसवाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनके दोनों बच्चे बाल-बाल बच गए। टक्कर मारने वाली बाइक पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। तो वहीं दूसरी दुर्घटना शुक्रवार को शाम हलियापुर थाना क्षेत्र के हलियापुर बहादुर पुर सड़क पर भट्टा के पास हुई, जहां बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली गांव निवासी विजय कुमार पुत्र सीताराम बाइक से अपने परिवार की वंदना को लेकर कहीं जा रहे थे कि पीछे से आ रहे तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। इसी वाहन ने आगे साइकिल से जा रहे उमाशंकर मिश्र पुत्र गंगाराम मिश्र निवासी कुमारगंज को भी टक्कर मार दी थी। जिसमें उक्त तीनों गंभीर घायल हो गए थे, जिन्हें इलाज हेतु सौ शैय्या पिठला कुमारगंज जनपद अयोध्या ले जाया गया। जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई, तो वहीं वंदना को इलाज के बाद घर भेज दिया गया है। थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि पिकअप को कस्टडी में ले लिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ

**लंभुआ, सुलतानपुर।** संजय गांधी स्नाकोत्तर महाविद्यालय चौकिया की राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय विशेष सेवा शिविर का आयोजन शुरू किया गया। विशेष शिविर का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित महाविद्यालय के प्रबंधक योगेश प्रताप सिंह एवं महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मंजू मगन द्वारा रिबन काटकर एवं मां सरस्वती का पुष्पर्चन कर किया गया। महाविद्यालय की स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। प्रबंधक श्री सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्रहित में किया गया कार्य ही सर्वोपरि होता है और सभी का कर्तव्य है कि राष्ट्रहित में अपना योगदान दे। प्राचार्या ने भी समाज के प्रति छात्रों के कर्तव्यों का बोध कराते हुए छात्रों को संबोधित किया।

## 45 शिकायतों में से पांच का एसडीएम ने किया निस्तारण



**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए एसडीएम मिथिलेश त्रिपाठी और क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह ने 45 में से पांच समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कराया। तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में रायपुर के ग्राम प्रधान मोहनलाल पुत्र राम आसरे ने गांव के ही रावेन्द्र कुमार शुक्ला ,सुरेंद्र कुमार शुक्ला, मनोज व संतोष मिश्रा, निरंजन मिश्रा निवासी मुदीपुर ,चंद्रेश अवस्थी निवासी सेमरपहा व 15 -20 अज्ञात लोगों के खिलाफ सरकारी खरिंजे को उखाड़ने की शिकायत की है। प्रधान ने एसडीएम को बताया कि इंटरलॉकिंग खड़िन्जा उखाड़ने से सरकारी संपत्ति को नुकसान हुआ है और आवागमन बाधित हुआहै। एसडीएम ने मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया है। सोडासी ग्राम पंचायत के कई मनरेगा मजदूरों ने जॉब कार्ड के नवीनीकरण की मांग की है जिससे उन्हें ग्राम पंचायत में ही काम मिलसके। अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए एसडीएम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को समय सीमा के भीतर निस्तारण करने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस के मौके पर तहसीलदार डीएन यादव, नायब तहसीलदार शंभू शरण पांडे, खंड विकास अधिकारी गगनदीप सिंह, प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह, खीरो बीडियो अंजू रानी वर्मा, मनोज दीक्षित सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें अधिकारी : सीडीओ

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है ।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 09 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। इस मौके पर एसडीएम सदर प्रफुल्ल कुमार शर्मा, तहसीलदार सदर प्रज्ञा द्विवेदी, परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश चंद्र मिश्रा सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस में निपटीं समस्याएं

**सुलतानपुर।** डीएम कुमार हर्ष की अध्यक्षता में तहसील बल्दीराय में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, सीडीओ अंकुर कौशिक, एसडीएम बल्दीराय गामिनी सिंगला समेत अन्य जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इस दौरान कुल 100 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 72 राजस्व विभाग, 7 पुलिस विभाग, 8 विकास विभाग, 3 आपूर्ति विभाग और 8 अन्य विभागों से संबंधित थे। मौके पर 2 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया, जबकि बाकी 98 मामलों का निस्तारण विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। डीएम ने जन समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को जन शिकायतों के निस्तारण में प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्तापूर्वक काम करना चाहिए, ताकि शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सके। इस कार्यक्रम के माध्यम से तहसील बल्दीराय में नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया गया।

## स्काउट-गाइड शिविर का शुभारंभ

**सुलतानपुर।** राम बरन महाविद्यालय के डीएलएड के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन समारोह सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राम बरन महाविद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने कहा कि स्काउट गाइड समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है। इससे प्रशिक्षुओ का सर्वांगीण विकास होता है जिससे आगे चलकर वह एक कुशल अध्यापक के रूप में अपनी पहचान बनाते हैं। जिला संगठन आयुक्त स्काउट गाइड श्री गौरव सिंह ने कहा कि सभी डीएलएड प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं के लिए स्काउट गाइड का प्रशिक्षण अनिवार्य होता है इसके बगैर प्रशिक्षण अधूरा माना जाता है। प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को इसमें पूरी सहभागिता प्रदान करनी चाहिए। प्रथम सत्र के प्रशिक्षण में शनिवार को ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट गाइड महेंद्र वर्मा, सुभाष विश्वकर्मा एवं रेनू वर्मा ने प्रशिक्षु छात्र-छात्राओं को प्रार्थना, झंडा गीत और नियम प्रतिज्ञा सिद्धांत का प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रबंधक अजय कुमार सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधवत उद्घाटन किया।

# धूमधाम से निकली भव्य कलश यात्रा



● करौंदिया के हनुमत नगर में शनिवार से शुरू हुई रामकथा

**सुलतानपुर (वीओएल)।** श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर ट्रस्ट परिवार द्वारा आयोजित श्री राम कथा एवं नवनिर्मित मंदिर में मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रथम दिन भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा हनुमत नगर शंकरपुरम रेलवे पावर हाउस, करौंदिया से प्रारंभ होकर अवधपुरी करौंदिया देहात, शेखर ट्रेडर्स की गली से गुजरते हुए गोमती नदी के पावन तट तक पहुंची। सैकड़ों महिलाओं ने डी जे की ध्वनि पर नृत्य करते हुए सिर पर कलश रखकर गोमती नदी की ओर प्रस्थान किया।

महिलाओं ने पवित्र कलश में गोमती नदी से जल भरकर, पुनः हनुमत नगर शंकरपुरम करौंदिया लौटते समय समूह में गायन करते हुए अपनी यात्रा पूरी की। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के समस्त लोगों का सहयोग अत्यधिक सराहनीय रहा। श्री राम कथा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक दिन में 4 से 7 बजे तक श्रवण की जाएगी। कथा व्यास रवि मोहन दास जी के मुखारविंद से श्री राम के जीवन और मयार्दा पुरुषोत्तम की कथा का श्रवण सभी लोग करेंगे। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने नगरवासियों और क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे परिवार सहित इस कथा में भाग लें, क्योंकि इस कलयुग में मानव के कल्याण का सबसे प्रभावी साधन प्रभु की कथा का श्रवण है। इस महोत्सव का समापन 8 मार्च को हवन और 9 को भंडारे के आयोजन के साथ होगा। यह जानकारी ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी बबलू और पत्रकार संतोष पाण्डेय ने दी।

## नीट की परीक्षा क्वालीफाई कर एमएस में हुआ चयन

**भेटुआ, अमेठी।** क्षेत्र के बालीपुर डुहिया निवासी वैभव मणि पाण्डेय पुत्र शेष मणि पाण्डेय ने एम बी बीएस कम्प्लीट करके बीते 11 अगस्त 2024 मे नीट की परीक्षा दिए थे। इस परीक्षा का परिणाम बीते 21 फरवरी को आया था जिसमे वैभव मणि पाण्डेय का स्टेट रैंक 1545 व नीट रैंक 23111था ।इस परीक्षा के बाद इनका चयन आगरा मेडिकल कालेज मे एम एस मे हो गया ।बीते 26 फरवरी को आगरा मेडिकल कालेज मे इन्होने एडमीशन ले लिया। ग्रामीणों ने इस उपलब्धि को गाँव की अब तक की सबसे उपलब्धि बताया है।

## दबंगों ने 3 लोगों को लाठी-डंडों से पीटकर किया घायल, एक रेफर, चार के खिलाफ केस दर्ज

**नसीराबाद,रायबरेली।** नाली के विवाद को लेकर दबंगो ने तीन लोगों को लाठी डंडों से मारा-पीटा और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी ।बाद में तीनो घायलो को मेडिकल के लिए सीएचसी नसीराबाद भेजा। जहाँ एक हालत गम्भीर होने पर चिकित्सकों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर पर चार लोगो के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम पूरे बदलदास मजरे नसीराबाद देहात निवासी शत्रोहन पुत्र मोतीलाल शुक्रवार की शाम करीब सात बजे घर पर नाली की सफाई कर रहे थे तभी गांव के ही राजेन्द्र, विक्रम, जीतलाल, श्री राम लाठी-डंडों से लैस होकर शत्रोहन से गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया बीच बचाव करने दौडे बेटे राम सजीवन ,जिवराम को भी दंबगों ने मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बाद में पुलिस ने सभी घायलो को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद भेजा। जहाँ राम सजीवन की हालत गम्भीर होने पर उन्हें सी एच सी से जिला अस्पताल रिफर कर दिया ।बाद मे पुलिस ने पीड़ित शत्रोहन पुत्र मोतीलाल से मिली तहरीर पर राजेंद्र पुत्र रामेश्वर व श्रीराम पुत्र मोतीलाल तथा विक्रम व जीतलाल पुत्रगण श्री राम के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक गौरव कुमार को सौंपी गई है।

# जिंदा को मृतक दिखाकर वारासत करने का मामला तहसील दिवस में रहा चर्चा का विषय



**महराजगंज, रायबरेली।** शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस एसडीएम सचिन यादव की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 28 शिकायतें आई। तो वही समसपुर हलोर गांव के एक व्यक्ति को राजस्व अभिलेखों में मृतक दिखाकर दूसरे व्यक्ति के नाम पाका 11 दर्ज करने की शिकायत प्रार्थी ने समाधान दिवस में की है। दिए गए शिकायती पत्र में जागेश्वर पुत्र मैकूलाल ने कहा है कि, मुझ जीवित व्यक्ति को हल्का लेखपाल व कानूनगो द्वारा मृतक दिखाकर दूसरे व्यक्ति के नाम पाका 11 कर दिया गया है। तथा कीमती जमीन को राजस्व कर्मचारीयों की मिली भगत से मुझको मृतक दिखाकर पाका 11 दूसरे व्यक्ति के नाम दर्ज किया गया है जो गलत है। यदि जल्द ही मामले को निस्तारण न किया गया तो डीएम से मिलकर शिकायत करूंगा।

आपको बता दें कि, तहसील समाधान दिवस में कुल 28 शिकायतो में राजस्व से संबंधित 09 पुलिस से संबंधित 14 विकास से संबंधित 4 और अन्य 1शिकायतें आई। जिसमें 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतो के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को कड़े निर्देश देते हुए एसडीएम ने कहा कि मौके पर जाकर पक्षों की उपस्थिति में शिकायतो का निस्तारित करे। किसी प्रकार की लापारवाही क्षम्य नहीं है। इस मौके पर तहसीलदार मंजूला मिश्रा, नायब तहसीलदार उमेशचंद्र त्रिपाठी बीडीओ वर्षा सिंह कोतवाल जगदीश यादव बछरावा थानेदार ओम प्रकाश तिवारी, शिवगढ़ थानेदार श्याम कुमार पाल राजस्व निरीक्षक अहमद व लेखपाल राजीव मिश्र, शैलेन्द्र कुमार, राहुल त्रिवेदी, विवेक सिंह सहित अन्य मौजुद रहे।

## संजय गांधी अस्पताल में ओपीडी बंद विरोध-प्रदर्शन पर उतरे डॉक्टर

**अमेठी।** जनपथ के मुंशीगंज संजय गांधी अस्पताल में लगातार हो रहे विवाद के बाद आज डॉक्टरो का आत्मविश्वास जवाब दे गया ।बड़ी संख्या में डॉक्टर आज ओपीडी बंद कर विरोध प्रदर्शन पर उतर आए डॉक्टरों का आरोप था कि आए दिन यहां मरीज के तीमारदार विवाद करते रहते हैं.दो दिन पहले भी उन लोगों ने सारी रात तांडव मचाया डॉक्टर को पीटा अन्य कर्मचारियों को पीटा ।इस डर के माहौल में वह सब काम करने में असमर्थ है ।जनपद अमेठी के मुंशीगंज स्थित संजय गांधी अस्पताल का है। जहां दो दिन पहले एक बुजुर्ग मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गई ।मौत के बाद पूरे अस्पताल में रात भर बवाल चला। सुबह परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार डॉक्टरों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी ।परिजनों का आरोप था कि जिस समय मरीज लाया गया उस समय वह पूरी तरह से स्वस्थ था और इलाज करने वाला डॉक्टर शराब के नशे में धुत था इस कारण इलाज में लापरवाही बरती गई और उनके पेशेंट की मौत हो गई। डॉक्टर पर मुकदमा लिखे जाने के बाद अस्पताल के अन्य डॉक्टर भी अब विरोध में उतर आए हैं. आज बड़ी संख्या में डॉक्टरों ने ओपीडी को बंद कर विरोध प्रदर्शन किया ।अस्पताल में तैनात सीनियर डॉक्टर डॉ सिद्धार्थ ने कहा कि हम लोग लगातार मरीजों के लिए 24 घंटे काम करते हैं। हम लोग खुद इसी अस्पताल के कैंपस में रहते हैं जिससे कि तुरंत मरीजों का इलाज कर सके। दो दिन पहले एक मरीज भर्ती हुआ जिसका हम लोगों ने पूरा इलाज किया लेकिन देर रात उनकी मौत हो गई। मरीज की मौत के बाद उनके परिजन आक्रोशित हो गए और कई डॉक्टर अस्पताल के बाहर चले गए।

## कोतवाली प्रभारी व जिला कमांडेंट ने प्रशस्ति पत्र देकर प्लाटूंन कमांडर को किया सम्मानित



**महाराजगंज, रायबरेली।** विगत माह की भांति इस माह भी होमगार्ड कंपनी का औचक निरीक्षण जिला कमांडेंट संजय कुमार शर्मा द्वारा किया गया। लोगों के प्रति अच्छा कार्य व्यवहार अच्छी ड्यूटी एवं साफ सुथरा वर्दी से प्रभावित होकर जिला कमांडेड होमगार्ड व कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव के द्वारा होमगार्ड प्लाटून कमांडर इन्द्रमणि सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। आपको बता दें कि महीने के 1 तारीख को एक महीने के बेहतर कार्य व्यवहार साफ सुथरा वर्दी तथा समय से ड्यूटी करने के मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव द्वारा हर महीने एक व्यक्ति को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में आज 1 मार्च को कोतवाली परिसर महाराजगंज में होमगार्ड प्लाटून कमांडर चंद्रमणि सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सी.सी जसबीर सिंह, बुद्धसेन शर्मा, एस आई दिनेश गोस्वामी, हेड मुहारिर रविकांत पाण्डेय ,दीवान अजय चैधरी, हिमांशु ,कुंदन, बी ओ राजेश कुमार राय ,पी.सी रमेश मौर्य, रमापति बाजपेयी , राजेश कुमार सिंह ,रामदास यादव, सतीश प्रताप सिंह ,राम प्रताप यादव, मुकेश कुमार यादव, रामराज यादव ,लाल मोहम्मद , दिनेश सिंह, रामकुमार सिंह, जगदेव मिश्रा ,राम भुवन सिंह, धर्मदास, छेदीलाल ,रामकुमार यादव, रामजस मौर्य, ईशा मोहम्मद, धर्मेंद्र पांडे, शिवकरण यादव आदि मौजूद रहे।

## लेखपाल ने विक्षिप्त बुजुर्ग से हड़पी करोड़ों की जमीन, परिजन धरने पर

**अमेठी ।** जनपद में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया जहाँ गोरखपुर में तैनात एक लेखपाल ने अमेठी में अपने ससुराल के पास रहने वाले मानसिक रूप से विछिप्त बुजुर्ग से करोड़ो की जमीन कौड़ियों में लिखवा ली. जानकारी के बाद परिजनों ने जब जमीन वापस करने की मांग की तो लेखपाल अब पूरे परिवार को धमकी दे रहा है. परिजनों का आरोप है कि, लेखपाल अपने आप को मुख्यमंत्री का करीबी बताकर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहा है. न्याय की गुहार में परिजन आज अपने पूरे परिवार के साथ सीओ आफिस के बाहर धरने पर बैठा हुआ है.परिजनों ने मुख्यमंत्री स्वैक्षिक आत्महत्या की मांग की है ।मामला अमेठी तहसील क्षेत्र के परितोष मानिक गांव है जहाँ के रहने वाले 68 वर्षीय बुजुर्ग ओम प्रकाश मानसिक रूप से विक्षिप्त है ।ओम प्रकाश की टाण्डा बांदा राष्ट्रीय राजमार्ग पर गाटा संख्या 32/0.5720 में 0.1410 हेक्टेयर जमीन है जिस पर एक कमरा भी बना हुआ है. आरोप है कि, गोरखपुर में तैनात लेखपाल. धनंजय मिश्र की ससुराल पास के गांव सरूवावा में है. धनन्जय का घर सुल्तानपुर जिले के अलीगंज क्षेत्र में है.धनन्जय अक्सर यहां आता जाता था. धनन्जय ने बुर्जुग को शराब पिलाकर करोड़ो की जमीन 13 लाख 54 हजार रुपए में लिखावा ली ।परिजनों को जब मामले को जानकारी हुई तो लेखपाल से जमीन वापसी की मांग की तो लेखपाल धमकी देने लगा।आज बुजुर्ग के बेटे बहू, नाती नातिन गले मे तख्ती टांगकर सीओ तहसील पहुँचे और सीओ आफिस के बाहर धरने पर बैठ गए है.परिजनो का कहना है लेखपाल पर मुकदमा दर्ज करते हुए उनकी जमीम को सही कराया जाय ।

# एनएमएमएस परीक्षा में छाया पिंडारी कलां के 11 बच्चे उत्तीर्ण

● छात्रवृत्ति परीक्षा का परिणाम घोषित, 230 बच्चे पास



**रायबरेली।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएस) 2025 -26 का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया है। इस परीक्षा में परिषदीय और सहायता प्राप्त विद्यालय के 230 बच्चों का नाम मेरिट में आया है। डीह ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय थौरी की छात्रा स्वाती ने 122 अंकों को हासिल करके जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। परीक्षा में अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय पिण्डारी कलॉ के 11 बच्चों ने इस परीक्षा को पास करके विद्यालय का नाम जिले में रोशन किया है। दीनशाह गौरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय हमीरमऊ के 10 बच्चों ने परीक्षा को पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय पिंडारी कलॉ के प्रधानाध्यापक आईपी सिंह और शिक्षक राजेश सिंह ने बताया कि विद्यालय के छात्र योगेश ने 22वीं रैंक, अनामिका शर्मा ने 23वीं रैंक, शालिनी ने 24वीं रैंक, मो.समीर ने 26वीं रैंक, सलोनी ने 27वीं रैंक, गौरी ने 28वीं रैंक, मयंक ने 29वीं रैंक, देवा ने 31वीं रैंक, शालू ने 35वीं रैंक और रूपांजलि वर्मा और ऋषभ ने सयुंक्त रूप से 36वीं रैंक प्राप्त की हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय के अब इन 11 छात्र-छात्राओं को स्कूल व साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय की तरफ से कक्षा नौ से इंटर तक की पढ़ाई के लिए 48 हजार रुपये छात्रवृत्ति मुहैया कराई जाएगी। इन्हें हर महीने एक हजार रुपये की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में मिलेगी। दीनशाह गौरा ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय हमीरमऊ के प्रधानाध्यापक उदय रावत ने बताया कि विद्यालय के 10 बच्चों ने परीक्षा को पास करके विद्यालय का नाम रोशन किया है।

अमावां ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय जेतुआ टप्पे बिझवन की सोनाली, याशमीन और संध्या ने यह परीक्षा पास की है। उच्च प्राथमिक विद्यालय हिलगी के शिवा, वंदना और रश्मि ने भी इस परीक्षा को पास करके विद्यालय का मान बढ़ाया है। उच्च प्राथमिक विद्यालय लालूपुर चैहान और कोडरस बुजुर्ग के दो छात्रों ने यह परीक्षा पास की है। अमावां ब्लॉक से कुल 29 बच्चों ने यह परीक्षा पास करके ब्लॉक का नाम रोशन किया है। बता दें, विगत वर्ष भी अमावां ब्लॉक से 30 बच्चों का चयन हुआ था। इन बच्चों की तैयारी बीआरसी में बीईओ रत्नामणि मिश्रा के मार्गदर्शन में कराई जा रही थी।। राही ब्लॉक के बीईओ बृजलाल वर्मा ने बताया कि ब्लॉक से 25 बच्चों का चयन इस परीक्षा में हुआ है। उन्होंने बताया कि उच्च प्राथमिक विद्यालय बेला टेकई से 5 व खागीपुर सड़वा के 4 बच्चों ने एनएमएमएस की परीक्षा को पास किया है।

## खौलते तेल में गिरने से बुजुर्ग कारीगर गम्भीर रूप से झुलसा

**सलोन, रायबरेली।** कोतवाली अंतर्गत सूंची बाजार में समोशा निकालने के दौरान खौलते तेल में गिरने से बुजुर्ग कारीगर गम्भीर रूप से झुलस गया ।घटना के दौरान दुकानदार ने घायल को पहले सीएचसी फिर जिला अस्पताल में भर्ती कराया है ।सूंची बाजार स्थित पिछवारा मार्ग पर एक जलपान की दुकान है ।उक्त दुकान में मिया का पुरवा निवासी 60वर्षीय माताफेर बतौर कारीगर नौकरी करते है ।बताया जाता है कि शुक्रवार की शाम वह कारखाने में समोशा निकाल रहे थे ।इसी दौरान उन्हें चक्कर आने लगा ।जिसके बाद कढ़ाई पर हाथ लगते ही खौलता हुआ तेल उनके ऊपर गिर गया ।गम्भीर रूप से झुलसे बुजुर्ग कारीगर को एम्बुलेंश की सहायता से सीएचसी सलोन में भर्ती कराया गया था ।यहां से हालत गम्भीर होने पर जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है ।कोतवाली पुलिस का कहना है कि उन्हें घटना की जानकारी नही है।

संक्षेप

## विकास कार्यो में अनियमितता की जांच करने पहुंचे अफसर

**प्रतापगढ़।** गांव में हुई अनियमितता की शिकायत पर जांच के लिए टीम पहुंची। लक्ष्मणपुर ब्लाक के चमरूपुर शुक्लान के कुछ ग्रामीणों ने तीन वर्ष पहले गांव में कराये गये विकास कार्यो में अनियमितता की शिकायत डीएम से की थी। लेकिन जांच टीम ने मनमानी करते हुए आख्या भेजकर मामले को रफादफा कर दिया। इधर संतोषजनक कार्रवाई नही होने पर गांव के पवन शुक्ला गोलू ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर पुनः जांच कराने की मांग उठाई। जिलाधिकारी के आदेश पर शुक्रवार की शाम जांच टीम पहुंची। शिकायतकर्ता ने जांच अधिकारियों से विकास कार्यो का सैम्पल एकत्रित कराने की मांग की लेकिन जांच टीम ने इसे अनसुना कर दिया। इसको लेकर शिकायतकताओं में आक्रोश व्याप्त है।

## जर्जर विद्युत पोल गिरने से अफरातफरी

**प्रतापगढ़।** जेठवारा विद्युत उपकेन्द्र के अन्तर्गत चमरूपुर शुक्लान गांव में शुक्रवार की शाम चौधरी सरोज के घर के ऊपर बगल स्थित जर्जर पोल गिर पड़ा। घर पर विद्युत पोल अचानक गिरने से परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों में अफरातफरी मच गयी। ग्रामीणों की सूचना पर प्रधान ने पावर हाउस फोन करके विद्युत आपूर्ति बंद करायी। लेकिन सूचना के बाद भी अफसर से लेकर विद्युतकर्मी मौके पर नहीं पहुंचे। गांव में पोल व तार गिरने से दो दिनों से विद्युत आपूर्ति ठप है। एसडीओ गौरव कुमार ने बताया कि ग्रामीण विद्युत पोल नही खडा करने दे रहे हैं। जिससे सप्लाई बाधित है। ग्रामीण पोल गाड़ने दे तो तत्काल गांव की आपूर्ति बहाल हो जाएगी।

## किसान कल्याण एसो. का अनशन जारी

**प्रतापगढ़।** विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान कल्याण एसोशिएसन के तत्वाधान में तीसरे दिन भी किसानों का आमरण अनशन जारी रहा। इसके बाद भी जिम्मेदार अधिकारी वार्ता के लिए धरनास्थल पर नहीं पहुंचे। लालगंज तहसील गेट के सामने किसान कल्याण एसोशिएसन के बैनरतले किसानों की विभिन्न मांगो को लेकर कार्यकर्ता तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे हैं। शनिवार को लगातार तीसरे दिन भी किसान व संगठन के कार्यकर्ता आमरण अनशन पर बैठे रहे लेकिन कोई भी जिम्मेदार अफसर उनकी सुध लेने नहीं पहुंचा। संगठन के जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पाण्डेय ने बताया कि जब तक उनकी मांगों का समाधान नही हो जाता तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। इस मौके पर मोहित गौड, रोहित, गुडडी देवी, शोभा, मान्सी, कामता वर्मा, लल्लूराम आदि मौजूद रहे।

## एएसपी ने 102 में 3 शिकायतें निपटायीं

**प्रतापगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ दो शिकायतों मे तीन का अफसरों ने निस्तारण कराया। जिले के अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व सीओ रामसूरत सोनकर ने शिकायतों की सुनवाई की। समाधान दिवस मे सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की छप्पन, पुलिस उन्नीस, विकास नौ, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत छः तथा आपूर्ति तीन व अन्य विभागों की आठ रहीं। एएसपी संजय राय ने शिकायतों के निस्तारण कराए जाने को लेकर गठित टीमों को मौके पर समाधान के निर्देश दिये।

# विधायक ने प्रधानाचार्य व प्रबंधक की घेराबंदी की

### सीएम से वार्ता के साथ विधानसभा में मुददे पर ध्यानाकर्षण कराने का किया ऐलान



**प्रतापगढ़।** छात्र की आत्महत्या के मामले में विद्यालय के प्रधानाचार्य को जेल भेजने के मामले में प्रशासनिक जांच की कडी घेराबंदी करते हुए शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने निष्पक्ष कार्रवाई न होने पर यह मुददा विधानसभा में उठाए जाने का शनिवार को बड़ा ऐलान किया है। वहीं उन्होने मामले में विद्यालय के प्रबंधक व प्रधानाचार्य के विरूद्ध दर्ज एफआईआर की कार्रवाई को सीएम के समक्ष भी रखे जाने की बात कही है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी इस मामले को लेकर जिला मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि जिला प्रशासन को घटना की बिंदुवार जांच कराकर प्रधानाचार्य व प्रबंधक के अनावश्यक उत्पीडन से परहेज करना होगा। वहीं उन्होने छात्र की आत्महत्या के प्रकरण को दुखद बताते हुए परिजनों के प्रति संवेदना भी जतायी। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि जिले के जेठवारा थाना के अन्तर्गत साधुरी शिरोमणि इण्टर कालेज धनसारी में छात्र शिवम की आत्महत्या के मामले मे प्रधानाचार्य को गिरफ्तार करना पुलिस प्रशासन का जल्दबाजी भरा कदम सामने आया है। उन्होनें कहा कि वहीं पुलिस का प्रबंधक की तलाश करना भी ठोस आधार के अभाव में जल्दबाजी भरा कदम होगा। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने कहा कि इसी विद्यालय में कई विद्यार्थी बिना फीस जमा किये बोर्ड की परीक्षा दे रहे हैं। मृतक छात्र का भी बकौल शिक्षक विधायक उमेश बिना फीस जमा हुए विद्यालय ने प्रयोगात्मक परीक्षाएं करायी। वहीं उन्होनें कहा कि प्रशासन को छात्र की आत्महत्या के पीछे एक अन्य गंभीर पहलू पर भी जांच की दिशा आगे बढ़ानी चाहिए। उन्होनें कहा कि कोई भी प्रबन्ध तंत्र या प्रधानाचार्य किसी भी छात्र के भविष्य के प्रति निष्ठुर नहीं हुआ करता। उन्होनें जिला प्रशासन से निर्दोष प्रधानाचार्य व प्रबंधक के विरूद्ध अनावश्यक अन्यायपूर्ण कार्रवाई से बचने को कहा है। शिक्षक विधायक ने यह भी मांग की कि यह प्रकरण गंभीरता से जांच का विषय है और निष्पक्षता के लिए सीसी टीवी फुटेज तथा वाइस रिकार्डर की गहनता से परीक्षण किये जाने की आवश्यकता है। उन्होनें कहा कि जरूरी हुआ तो वह इस मामले को विधानसभा में उठायेंगे। वही शिक्षक विधायक ने कहा कि संपूर्ण मामले की निष्पक्ष जांच के लिए वह मुख्यमंत्री से भी मिलकर अनुरोध करेंगे।

## बाबा घुइसरनाथ की भव्यता व पर्यटन विकास को लेकर महोत्सव दर्पण का हुआ लोकार्पण

**प्रतापगढ़।** पर्यटन नगरी बाबा घुइसरनाथ धाम में विकास की चमक के साथ बाबा की महत्वता को लेकर तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में महोत्सव दर्पण स्मारिका का समारोहपूर्वक लोकार्पण हुआ। महोत्सव के 9 वर्षो की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक उपलब्धियों तथा बाबा घुइसरनाथ की महिमा से जुडी स्मारिका का संपादन महोत्सव



आयोजन समिति की संयोजिका एवं रामपुर खास की विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा किया गया है। जिले के डीएम शिवसहाय अवस्थी तथा एसपी डॉ. अनिल कुमार ने बाबा घुइसरनाथ धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष व राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के साथ स्मारिका का विमोचन किया। अतिथियों ने विधायक मोना के संपादन में बाबा धाम के पौराणिक महत्व को लिपिबद्ध देकर स्मारिका को सराहा। महोत्सव दर्पण में बाबा घुश्मेश्वर के भव्य आध्यात्मिक गौरव तथा बाबा से जुडी जनश्रुति एवं धाम के माहात्म्य व पर्यटन विकास से जुडी तीसवें राष्ट्रीय एकता महोत्सव दर्पण-2025 में विधायक मोना ने संपादकीय लेख में धाम के सुयश व सुकीर्ति तथा प्रगति के संकल्प में धाम की उपलब्धियों का बेहतरीन खाका खींचा है। स्मारिका महोत्सव दर्पण के जरिये लोगो को बाबा धाम की महत्ता, पौराणिकता एवं पर्यटन नगरी के अदभुत विकास की भी वृहद जानकारियां दी गई है। महोत्सव दर्पण मे बाबा घुइसरनाथ के स्वस्फुटित लिंग के सुफल मंगलफल और सई पार स्थित करील के वृक्ष तथा उपलिंग बूढ़ेश्वरनाथ के साथ प्रथम महोत्सव की शुरूआत से लेकर विगत उन्तीस वर्षो से हो रहे महोत्सव की सांस्कृतिक उपलब्धियो पर भी प्रकाश डाला गया है। विमोचन समारोह का संचालन महोत्सव दर्पण के कार्यकारी संपादक ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रो0 डॉ0 विजयश्री सोना, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, एसडीएम नैंनसी सिंह, सीओ रामसूरत सोनकर, प्रभारी तहसीलदार पंकज कुमार, ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व इं. अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, द्दगपाल यादव, रामकृपाल पासी, डॉ. अमिताभ शुक्ल आदि रहे।

## डीएम ने बांसी रतनसेन इंटर कॉलेज के परीक्षा कक्षों का किया निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने बांसी रतनसेन इंटर कालेज प्रथम पाली परीक्षा कक्षों का निरीक्षण कर हाल जाना गया, दौरान निरीक्षण डीएम ने परीक्षा कक्षों में लगे सीसीटीवी कैमरे को देखा गया सभी कैमरे क्रियाशील पाये गये, विदित हो माध्यमिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज द्वारा संचालित हाई स्कूल एवं मीडिएट की प्रथम पाली परीक्षा रतनसेन इन्टर कालेज, बांसी का जिलाधिकारी द्वारा गत शनिवार को निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण सभी सी.सी.टी.वी. कैमरा कक्ष को देखा गया। इस दौरान सभी परीक्षा कक्षों के सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाये गये। डीएम ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा को शान्तिपूर्ण, नकल विहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाये। इसके अलावा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने प्रधानाचार्य को निर्देश दिया कि परीक्षा समाप्ति के उपरांत विद्यालय भवन की पेन्टिंग कराये और आगे कहा कि उनके द्वारा विद्यालय का पुनः निरीक्षण किया जायेगा। डीएम की अध्यक्षता में इंटवा तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का हुआ आयोजन,

## डुमरियागंज परिक्षेत्र में नकली खोये व सिंथेटिक मिलावटी दूध के सामानों की बिक्री जोरों पर

**डुमरियागंज, सिद्धार्थ नगर।** जिले के डुमरियागंज तहसील कस्बा परिक्षेत्र में नकली खोए व सिंथेटिक मिलावटी दूध के सामानों की बिक्री जोरों पर है, ऐसे में आम जनमानस को एक तरह से जहर परोसें जाने के साथ आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, बताया जाता है कि नकली खोय के प्रयोग से मिष्ठान बनाकर बिक्री किया जा रहा है वही सिंथेटिक दूध का प्रयोग कर चाय इत्यादि बनाकर ग्राहकों को पिलाया जा रहा है शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के बावजूद मिष्ठान चाय विक्रेताओं द्वारा इस तरह का गोरख धंधा करने वाले दुकानदारों पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, सिंथेटिक दूध एवं नकली खोए के प्रयोग से मिठाइयां एवं चाय इत्यादि बनाकर बेचने वाले दुकानदार दिन दूना रात चौगुना माला माल हो रहे हैं, बताया जाता है कि विभागीय कृपा व सेटिंग के चलते मिष्ठान चाय विक्रेताओं का यह गोरख धंधा जोरों पर इस लिए चल रहा है उन्हें विभाग के एक अधिकारी का संरक्षण प्राप्त है जिसके अवज में सम्बंधित चर्चित अधिकारी को मासिक नजराना मिलता रहता है जिसको लेकर दुकानदारो को संरक्षण सम्बंधित प्रदान करने वाले अधिकारी व दुकानदार सुर्खियों में बने हैं, जो की आम जनमानस के जीवन के साथ खिलवाड़ करने सहित जहर परोसें जाने को लेकर तरह तरह की चर्चा की जा रही है।

## प्रधानाचार्य की गिरफ्तारी पर वकीलों ने जताया आक्रोश, एएसपी को सौंपा ज्ञापन



**प्रतापगढ़।** जेठवारा थाना क्षेत्र के धनसारी स्थित साधुरी शिरोमणि इण्टरमीडिएट कालेज के छात्र की हुई आत्महत्या के मामले में वकीलों ने समाधान दिवस में ज्ञापन देकर इस घटना की निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग उठाई है। संयुक्त अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल के नेतृत्व में वकीलों ने डीएम व एसपी को संबोधित ज्ञापन एएसपी पश्चिमी संजय राय व एसडीएम नैंनसी सिंह को सौंपा। एएसपी ने वकीलों को मुकदमें की जांच में निष्पक्षता का भरोसा दिलाया। ज्ञापन में कहा गया है कि छात्र की आत्महत्या के मामले में बिना प्रारंभिक जांच कराए प्रधानाचार्य को जेल भेजना अन्यायपूर्ण कार्रवाई है। वकीलों ने घटना के सभी पहलुओं की जांच कराकर निदोर्षों के उत्पीड़न पर रोक लगाने की भी मांग उठाई। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, संतोष पाण्डेय, मनोज शुक्ला, शिव नारायण शुक्ल, धीरेन्द्र मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, धीरेन्द्र शुक्ल आदि अधिवक्ता रहे।

# सशक्तीकरण को डॉ. अलका नारी केन्द्रों से मिल रही शक्ति



**प्रतापगढ़।** रामपुरखास की विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की पहल से गांव की महिलाओं का हुनर कामयाब हो सकेगा। विधायक आराधना मिश्रा मोना के प्रयास से सरयू समाज कल्याण संस्थान द्वारा जानी मानी चिकित्सा विशेषज्ञ डा0 अलका तिवारी की स्मृति में डा0 अलका नारी शक्ति केन्द्र का संचालन महिलाओं ने आशा की एक नई चमक दे गया है। बाबा घुइसरनाथ धाम में हुए राष्ट्रीय एकता महोत्सव में बीस इन नये शक्ति केन्द्रों की सौगात विधायक मोना के हाथों पाकर कामकाजी महिलाओं के चेहरे खिल उठे दिखे। रामपुरखास विधानसभा क्षेत्र में विधायक की पहल से दस शक्ति केन्द्र पहले से संचालित होते आ रहे हैं। अब इनकी संख्या बढ़कर तीस आ पहुंची है। शक्ति केन्द्र को आत्मनिर्भर होने की दिशा देने के लिए विधायक आराधना मिश्रा मोना ने इन केन्द्रों को सिलाई मशीन, पीको व इलेक्ट्रानिक सिलाई मशीन के साथ टेबल व कुर्सियां भी प्रदान की है। वहीं केन्द्रों का संचालन सफलतापूर्वक आयाम ले सके इसके लिए भी विधायक मोना ने प्रत्येक केन्द्रों को पांच पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि सौंपी। कार्यक्रम में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विधायक मोना के इस प्रयास से क्षेत्र की महिलाएं अपने ही घर गांव में आर्थिक संचयन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो सकेंगी। केन्द्रों के शुभारंभ के मौके पर लालगंज एसडीएम नैंनसी सिंह तथा सीओ रामसूरत सोनकर, डॉ. मालविका मिश्रा, मृणालिनी पाण्डेय, सुश्री नंदजा मिश्रा, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, लालगंज प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, पूर्व उप प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल भी हौसला आफजाई में दिखे। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, आशीष उपाध्याय, रोहित शुक्ल, केडी मिश्र, रामू मिश्र, राकेश चतुवेर्दी, पूर्व उप प्रमुख दुर्गेश पाण्डेय, राजू मिश्र मौजूद रहे।

## महाकुंभ से श्रद्धालु लापता, परिजनों ने लगायी मदद की गुहार

**प्रतापगढ़।** महाकुंभ स्नान करने गये श्रद्धालु के करीब बाइस दिन से लापता होने को लेकर यहां परिजनों में रोना बिलखना मचा हुआ है। परिजनों ने प्रयागराज के महाकुंभ के थाना महावीर जी में बुजुर्ग के लापता होने को लेकर तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के पण्डित का पुरवा निवासी सौरभ शुक्ला की पत्नी एकता शुक्ला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उनके ससुर माधव प्रसाद शुक्ला 54 बीती सात फरवरी को महाकुंभ में स्नान करने गये थे। वह बंधा रोड स्थित श्रीरामजानकी मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद से कहीं भटक गये। खोजबीन के बावजूद उनका अभी तक पता नहीं चल सका है। महावीर जी थाना पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में मामले की जांच के लिए थाना परेड को संस्तुति किया है। इधर लापता माधव प्रसाद को लेकर यहां परिजनों में रोना बिलखना मचा हुआ है। परिजनों ने प्रशासन से मदद की गुहार की है।

## थाना रेहरा बाजार पुलिस नेअवैध खनन से संबंधित 3 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद में अवैध खनन पर पूर्ण अंकुश लगाए जाने हेतु दिए गए निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक द0 श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी अशोक सिंह थाना रेहरा बाजार जनपद बलरामपुर के नेतृत्व में 03 नफर अबैध खनन के अभियुक्तो को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही हेतु न्यायालय रवाना किया गया। जिनके कब्जे से एक अदद जेसीबी, 02 अदद डम्पर बरामद किया गया। अवैध खनन में अभियुक्त सगीर अंसारी पुत्र आरस अंसारी नि0 विलासपुर थाना रामनगर जिला पश्चिमी चम्पारन ( बेतिया विहार )। मोहम्मद हुसैन पुत्र नसीबदार नि0 झंझार थाना नवीन मार्डन कटरा जिला श्रावस्ती। संदीप यादव पुत्र बेचन नि0 ग्राम पिपरा थाना उतरौला जिला बलरामपुरगिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के पास से एक अदद जेसीबी 2अदद डम्पर बरामद हुआ।

# डीएम ने सुनीं शिकायतें, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का दिया निर्देश



- डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न

**जिला संवाददाता (vol)**

बलरामपुर। जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के प्रभावी निराकरण हेतु डीएम पवन अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास कुमार की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ।

इस दौरान डीएम द्वारा जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना गया एवं कतिपय शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया।

उन्होंने सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण निर्धारित समयावधि के भीतर किए जाने का निर्देश संबंधित को यिा। भूमि विवाद एवं लॉ एंड ऑर्डर से जुड़े मामलों में राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जाकर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि शिकायतें के निस्तारण में गलत रिपोर्टिंग पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान एसडीएम बलरामपुर ,परियोजना निदेशक डीआरडीए , जिला विकास अधिकारी व मुख्य चिकित्सा अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## सामाजिक कुरीतियां मिटाने के संकल्प के साथ सात दिवसीय शिविर का समापन



**प्रतापगढ़।** रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड के मोठिन कृष्णा नगर स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के शिविर का समापन हुआ। ग्राम प्रधान दिवाकर शुक्ल, अर्जुन प्रसाद शुक्ल व राकेश कुमार पाण्डेय ने बतौर अतिथि मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. सर्वेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में शिविरार्थियों ने सामाजिक सरोकार से जुड़े विविध कार्यक्रमों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान सोनू, यासमीन, मंजू, शिवम, प्रज्ञा आदि ने बेटी पढ़ाओं प्रहसन का मनमोहक प्रस्तुतीकरण दिया। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार मिश्र ने किया। कार्यक्रमाधिकारी प्रमोद कुमार ने शिविर के ध्येय पर प्रकाश डाला। इस मौके पर रवि प्रकाश यादव, पंकज मिश्र, सुरेशचंद्र त्रिपाठी, चंद्रभान, धीरेन्द्र, सोनम आदि रहे।

## सड़क दुर्घटना में मृत मुख्य आरक्षी रिजर्व एसपी ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में तैनात मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस अनिल कुमार की ड्यूटी जाते समय सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने से रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में शोक परेड का आयोजन कर उनके पार्थिव शरीर को सलामी दी गई तथा पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार, क्षेत्राधिकारी ललिया लाइंस श्रीमती ज्योतिश्री, प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन श्री बिहारी सिंह यादव व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण द्वारा भी पुष्पचक्र अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी।

## मेडिकल कॉलेज मेरठ में ऑक्यूलोप्लास्टी विषय पर व्याख्यान



**मेरठ।** लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ के नेत्र रोग विभाग में डॉ नेहा मिथल द्वारा ₹ऑक्यूलोप्लास्टी₹ विषय पर व्याख्यान दिया गया। मेडिकल कॉलेज के नेत्र चिकित्सा विभाग द्वारा 28 फरवरी 2025 को ऑक्यूलोप्लास्टी विषय पर एक ज्ञानवर्धक व्याख्यान आयोजित किया गया। यह व्याख्यान प्रतिष्ठित नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ नेहा मिथल, जो कि वर्तमान में यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल्स मोरकैम्बे बे, यूके में ट्रस्ट कंसल्टेंट के रूप में कार्यरत हैं, के द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ नेहा मिथल ऑक्यूलोप्लास्टी सर्जरी के क्षेत्र में एक प्रमुख विशेषज्ञ मानी जाती हैं। डॉ. मिथल ने इस उप-विशेषज्ञता के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। जिसमें पलकों का पुनर्निर्माण, आंसू नलिका सर्जरी, नेत्रगोलक आघात की मरम्मत और कॉस्मेटिक ऑक्यूलोप्लास्टी शामिल हैं। व्याख्यान के लिए छात्रो ने डॉ मिथल का आभार व्यक्त किया क्योंकि उन्हें एक प्रतिष्ठित विशेषज्ञ से सीखने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हुआ। व्याख्यान कार्यक्रम में डॉ लोकेश कुमार सिंह विभागाध्यक्ष, नेत्र रोग विभाग, डॉ अलका गुप्ता, डॉ प्रियांक गर्ग, डॉ. जयश्री द्विवेदी, सीनियर व जूनियर रेसिडेंट आदि उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ आर सी गुप्ता ने नेत्र रोग विभाग को इस ज्ञानवर्धक व्याख्यान के आयोजन हेतु शुभकामनाएँ दी।

## एसडीएम ने 29 में 3 शिकायती प्रार्थना पत्रों का मौके पर कराया निस्तारण

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बांसी तहसील सभागार में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम बांसी शशांक शेखर राय की अध्यक्षता व पुलिस उपाधीक्षक बांसी मयंक कुमार द्विवेदी / तहसीलदार बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव की उपाध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय ने कहा कि शासन की मंशानुसार सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में मिलने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण तत्परतापूर्ण माहौल में कराते हुए फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराया जाये जिससे शासन की मंशानुरूप फरियादियों को त्वरित न्याय मिल सके उन्होंने कहा कि दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराए जाने हेतु निर्देश दिया है जिसमें जनहित की सार्थकता सिद्ध हो सके, इस अवसर पर फरियादियों द्वारा प्राप्त विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए एसडीएम शशांक शेखर राय ने सम्बंधित को आवश्यक निर्देश दिए गए, तहसील समाधान दिवस के अवसर पर 29 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से उपजिलाधिकारी शशांक शेखर राय ने 3 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण मौके पर ही करा दिया गया, एसडीएम बांसी के शब्दों का समर्थन करते हुए साथ में उपस्थित तहसीलदार मजिस्ट्रेट बांसी पीयूष कु0 श्रीवास्तव ने फरियादियों की सुनवाई करते हुए उन्हें न्याय सुलभ कराने हेतु अग्रणी भूमिका निभाते हुए क्रियाशील रहे, पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायती प्रार्थना पत्रों की सुनवाई करते हुए पुलिस उपाधीक्षक बांसी मयंक कुमार द्विवेदी ने सीओ सर्किल के सम्बंधित थानों के दरोगाओं /मातहत पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते हुए शिकायती प्रार्थना पत्रों को निस्तारण कर फरियादियों को त्वरित न्याय सुलभ कराने के निर्देश दिए गये।

# 55 में 4 प्रार्थना पत्रों का डीएम ने कराया निस्तारण



**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर व पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन की उपाध्यक्षता उपस्थित में इंटवा तहसील में सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया , जिसमें विभिन्न विभागों से सम्बंधित कुल 55 शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े जिसमें 4 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण डीएम ने मौके पर ही करा दिया गया। शासन की मंशा अनुरूप प्रत्येक माह के प्रथम एवं तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। गत शनिवार तहसील इंटवा में डीएम की अध्यक्षता व एसपी की उपाध्यक्षता उपस्थिति में तहसील समाधान दिवस का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

आयोजन अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई डीएम डा0 राजागणपति आर0, उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल व पुलिस विभाग से सम्बंधित शिकायतों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन ने किया। डीएम ने तहसील समाधान दिवस में पिछले समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के आख्या का अवलोकन किया गया। अवलोकन के पश्चातडीएमने जिला स्तरीय टीम बनाकर मौके का जांच कराने का निर्देश दिया। डीएम ने निर्देश दिया कि भूमि से संबधित विवाद मौके पर जाकर निरीक्षण कर निस्तारण कराये।

डीएम ने उपस्थित सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त हो रहे शिकायतों एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों का समय से एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। इसके साथ ही शिकायतकर्ता एवं विपक्षी दोनों के समक्ष जांच कर कार्यवाही किया जाये। जिलाधिकारी ने कानूनगो एवं लेखपालों को निर्देश दिया कि भूमि संपत्ति रजिस्टर एवं भूमि विवाद रजिस्टर अवश्य बना ले। किसी भी विभाग का तहसील दिवस का कोई भी प्रकरण लम्बित नही होना चाहिए यदि किसी भी विभाग का प्रकरण लम्बित पाया जायेगा तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। लेखपाल एवं कानूनगो मौके पर जाकर शिकायत के निस्तारण से पूर्व निरीक्षण कर उसके बाद की आख्या लगायेगे इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश देते हुए कहा कि तहसील दिवस में जो भी शिकायते प्राप्त हो रही उन शिकायतों का मौके पर जाकर निस्तारण कराये। इसमें किसी भी प्रकार की शिकायत नही मिलनी चाहिए। सम्पूर्ण तहसील समाधान दिवस में कुल 55 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व-22, पुलिस विभाग से सम्बन्धित 9, विकास-6, विद्युत 8, अन्य10 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें से डीएम ने राजस्व के-04, प्रार्थना-पत्रों का मौके पर ही निस्तारण करा दिया गया।

# कृषि वृद्धि-ग्रामीण समृद्धि ही सरकार का लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कृषि और ग्रामीण विकास के लिए बजटीय प्रस्तावों के शीघ्र कार्यान्वयन का आह्वान किया और हितधारकों से नये बजट पर विचार-विमर्श करने के बजाय कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया। बजट के बाद कृषि और ग्रामीण समृद्धि पर आयोजित वेबिनार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह बजट सरकार के तीसरे कार्यकाल में एक सुसंगत नीतिगत दृष्टिकोण के साथ विकसित भारत के दृष्टिकोण को नए विस्तार को दर्शाता है।

मोदी ने कहा, इस वर्ष के बजट को तेजी से क्रियान्वित करना महत्वपूर्ण है। बजट तैयार हो चुका है और हमारा पूरा ध्यान कार्रवाई पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि हितधारकों को बजट कार्यान्वयन में बाधाओं और कमियों की पहचान करनी चाहिए। मोदी ने कहा कि बजट से पहले सभी हितधारकों से मिली सूचनाओं और सुझावों से इसे तैयार करने में मदद मिली। उन्होंने कहा अब इस बजट को जमीनी स्तर पर और अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने की जरूरत है। और बेहतर परिणाम के लिए, (हितधारकों की) भूमिका और भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कृषि को वृद्धि का पहला इंजन माना जाता है और सरकार कृषि वृद्धि और ग्रामीण समृद्धि हासिल करने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। मोदी ने कहा कि सरकार विकसित भारत के लक्ष्य



के प्रति प्रतिबद्ध है और हमारा प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी किसान पीछे न छूटे तथा प्रत्येक किसान आगे बढ़े। उन्होंने कहा, हमें देश की कृषि क्षमता का पूर्ण उपयोग करने तथा अधिक लक्ष्य हासिल करने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री ने कृषि क्षेत्र में रिकॉर्ड उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खाद्यान्न उत्पादन एक दशक पहले के 26.5 करोड़ टन से बढ़कर वर्तमान में 33 करोड़ टन से अधिक हो गया है। इसी तरह, बागवानी उत्पादन भी बढ़कर 35 करोड़ टन से अधिक हो गया है। मोदी ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का उल्लेख करते हुए इसे अपने लिए बहुत महत्वपूर्ण बताया। यह पहल आकांक्षी जिलों के सफल मॉडल का अनुसरण करते हुए कम फसल पैदावार वाले 100 जिलों पर ध्यान केंद्रित करेगी। उन्होंने कहा हमने बिहार में मखाना बोर्ड की स्थापना की घोषणा की है। मैं सभी हितधारकों से आग्रह करता हूं कि वे देश भर में और वैश्विक बाजार में विविध पोषण युक्त खाद्य पदार्थों की खोज करें और उन्हें बढ़ावा दें। प्रधानमंत्री ने आईसीएआर के योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 2014 से 2024 के बीच प्रजनन कार्यक्रम में आधुनिक उपकरणों और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी का उपयोग करके खाद्यान्न, दालों, गन्ने और अन्य फसलों की 2,900 से अधिक नई किस्में विकसित की गईं। मोदी ने कहा आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि ये नई किस्में किसानों को सस्ती दरों पर उपलब्ध हों। हमें यह भी सुनिश्चित करना होगा कि किसानों की उपज मौसम संबंधी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। उन्होंने बताया कि बजट में उच्च उपज वाले बीजों पर एक केंद्रीय मिशन की घोषणा की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं विशेष रूप से निजी क्षेत्र से आग्रह करता हूं कि वे बीज श्रृंखला का हिस्सा बनें ताकि उच्च उपज वाले बीज छोटे किसानों तक पहुंच सकें। दालों के उत्पादन के बारे में प्रधानमंत्री ने सुधार की बात स्वीकार की, लेकिन बताया कि भारत अभी भी अपनी घरेलू खपत की 20 प्रतिशत जरूरतें आयात करके पूरी करता है।

# तुहिन कांत ने संभाला सेबी चेयरमैन का पद

एजेंसी

मुंबई। वरिष्ठ नौकरशाह तुहिन कांत पांडेय ने शनिवार को पूंजी बाजार नियामक सेबी के 11वें चेयरमैन के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस मौके पर उन्होंने पारदर्शिता और टीम-वर्क पर ध्यान केंद्रित करने का वादा किया।

अब तक वित्त सचिव के रूप में कार्य कर रहे पांडेय ने सेबी को एक ऐसा मजबूत बाजार संस्थान बताया, जिसे वर्षों से विभिन्न दिग्गजों ने आकार दिया है। अपने कार्य-एजेंडे या कार्यशैली के बारे में बताने से इनकार करते हुए माधबी पुरी बुच के उत्तराधिकारी ने कहा कि वह किसी पर टिप्पणी नहीं करेंगे। बुच पर उनके कार्यकाल के अंतिम कुछ महीनों में अनियमितताओं के कई आरोप लगे थे। बुच पांडेय के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) व्यावसायिक जिले में सेबी मुख्यालय पहुंचने पर मौजूद नहीं थीं। बताया जाता है कि वह अस्वस्थ हैं और उन्हें कोविड संक्रमण है। पांडेय को बृहस्पतिवार को सरकार ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का चेयरमैन नियुक्त किया। पांडेय (59) ने संवाददाताओं से कहा, सेबी एक बहुत मजबूत बाजार संस्था



है। इसे वर्षों से लगातार अग्रणी लोगों के साथ बनाया गया है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। नये चेयरमैन ने अपने उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए चार टी-विश्वास (ट्रस्ट), पारदर्शिता (ट्रांसपेरैंसी), टीमवर्क और प्रौद्योगिकी (टेक्नोलॉजी) को अपने मुख्य ध्यान वाले क्षेत्रों के रूप में बताया। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि ये चार तत्व हमें (सेबी) विशिष्ट बनाते हैं, और हम दुनिया में सबसे अच्छे बाजार संस्थानों में से एक बनाना जारी रखेंगे। पिछले कुछ महीनों में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) में कुछ गतिविधियां देखने को मिली हैं, जहां इसके कर्मचारियों के एक बड़े वर्ग ने प्रबंधन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया है। सेबी के सभी चार पूर्णकालिक सदस्यों- अश्विनी भाटिया, अमरजीत सिंह, अनंत नारायण और कमलेश वार्ष्णेय ने सेबी मुख्यालय में पांडेय का स्वागत किया। पांडेय ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1987 बैच के अधिकारी हैं और उनका कार्यकाल तीन साल का है। पांडेय ऐसे समय में सेबी के प्रमुख का पद संभालेंगे जब विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी के बाद बाजार में मंदी का दबाव देखने को मिल रहा है।

## संक्षेप

### एनटीपीसी समूह ने हासिल किया बिजली उत्पादन का लक्ष्य

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड ने शनिवार को कहा कि उसने चालू वित्त वर्ष (2024-25) में एक मार्च, 2025 को 400 अरब यूनिट का अपना अब तक का सबसे तेज उत्पादन हासिल कर लिया है। कंपनी ने बयान में कहा कि यह उपलब्धि पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 12 दिन पहले यानी महज 335 दिनों में हासिल की गई। पिछले वित्त वर्ष (2023-24) में कंपनी ने 13 मार्च, 2024 को 400 अरब यूनिट उत्पादन स्तर को पार कर लिया था। भारत की सबसे बड़ी एकीकृत बिजली उपयोगिता कंपनी एनटीपीसी लिमिटेड देश की बिजली जरूरतों का एक-चौथाई हिस्सा पूरा करती है। इसकी स्थापित क्षमता 77 गीगावाट से अधिक है। इसमें 29.5 गीगावाट की अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 9.6 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। कंपनी वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भारत-ईयू एफटीए वार्ता में लायेंगे तेजी

नयी दिल्ली। भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने के लिए 2025 के अंत तक की समयसीमा तय की है। इसके साथ ही दोनों पक्षों की टीमों ने संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी समझौते की दिशा में प्रयासों में तेजी लाने के लिए शनिवार को चर्चा की। मुंबई में यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और ईयू के व्यापार और आर्थिक सुरक्षा आयुक्त मारोस सेफकोविक के बीच दोनों पक्षों के अधिकारियों के साथ हुई। गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हमारी चर्चा संतुलित और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए की दिशा में प्रयासों को गति देने पर केंद्रित थी। आर्थिक संबंधों को गहरा करने और समृद्ध भारत-यूरोपीय संघ साझेदारी को बढ़ावा देने की आशा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने 28 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीति पर बढ़ती चिंताओं के बीच इस वर्ष तक बहुप्रतीक्षित एफटीए पर सहमति व्यक्त की।

### बाजार में छोटे सुधार संभव : गोयल

मुंबई। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि 50 शेयरों वाले सूचकांक एनएसई निफ्टी का मूल्यांकन अच्छा और उचित है। बीते सप्ताह शेयर बाजारों में हुई तेज बिकवाली के बाद, वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि भारतीय बाजारों में कुछ और सुधार हो सकता है। उन्होंने कहा कि 19 का पीई अनुपात निफ्टी के मूल्यांकन को अच्छा और उचित बनाता है। म्यूचुअल फंड उद्योग के निकाय एम्फी के एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि निफ्टी के कुछ शेयरों में थोड़ी गिरावट हो सकती है, लेकिन कुल मिलाकर निफ्टी अभी भी अच्छे मूल्यांकन को दर्शाता है। उन्होंने कहा, सबसे तेजी से बढ़ने वाले विकासशील देश के लिए 19 के पीई अनुपात पर मौजूदा मूल्यांकन उचित है।

# अश्विनी वैष्णव ने की बुलेट ट्रेन परियोजना की समीक्षा

एजेंसी

अहमदाबाद। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास और आणंद में बुलेट ट्रेन परियोजना की प्रगति की समीक्षा की।

गुजरात के एक दिवसीय दौरे के दौरान, मंत्री ने पश्चिमी रेलवे जोन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अहमदाबाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर निर्माण कार्य का विस्तार से निरीक्षण किया। वैष्णव ने कहा स्टेशन का डिजाइन और स्वरूप अहमदाबाद की संस्कृति और विरासत को दर्शाएगा। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि पुनर्विकास कार्य साढ़े तीन साल में पूरा हो जाएगा। पश्चिमी रेलवे के अनुसार, अहमदाबाद स्टेशन के पुनर्विकास का काम नवंबर 2023 में सौंपा गया था और इसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परियोजना की समीक्षा करने के बाद, वैष्णव ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना के लिए 200 मीटर लंबे स्टील ब्रिज का दौरा किया। वैष्णव ने कहा कि पुल का गार्डर भारत में बनाया गया है और घटकों का निर्माण हापुड़ के सालासर संयंत्र में किया गया है। मंत्री ने आणंद में निर्माणाधीन बुलेट ट्रेन स्टेशन का भी दौरा किया और कार्य प्रगति की सराहना की।

# वार्षिक खातों को सरल बनायें अफसर

एजेंसी

नयी दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोक लेखा सेवा अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ताओं के लिए सरल बनाने को कहा। उन्होंने यहां 49वें लोक लेखा दिवस कार्यक्रम में लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की मौन तकनीकी क्रांति के लिए सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्यों के सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) को अपनाने से उन्हें संचालन और सरकारी कामकाज को पूरा करने में बहुत आसानी हो रही है। सीतारमण ने कहा,



मैं यह भी चाहूंगी कि आप सीएजी की सलाह से इस बात पर विचार करें कि क्या वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाया जा सकता है। क्या ऐसी रिपोर्ट बनाई जा सकती हैं, जो अधिक सरल हों और जिन्हें आम नागरिक आसानी से समझ सकें। उन्होंने कहा कि चूंकि राज्यों के साथ पहले ही काफी डिजिटल एकीकरण हो चुका है, इसलिए सीजीए के पास उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर अधिक शोध किया जा सकता है।

# जेपी नड्डा ने की सात दिवसीय जन औषधि कार्यक्रम की शुरुआत

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के बारे में जागरूक करने वाले एक रथ और 10 अन्य वाहनों को हरी झंडी दिखाकर जन औषधि दिवस 2025 के लिए सप्ताह भर के कार्यक्रम की शुरूआत की। जनसभा के दौरान नड्डा ने मौजूद लोगों से जन-औषधि पहल के बारे में व्यापक जागरूकता के मकसद से सप्ताह भर जारी रहने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेने का आग्रह किया।

इस योजना को लेकर जागरूकता बढ़ाने और जेनेरिक दवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष सात मार्च को जन औषधि दिवस मनाया जाता है। पिछले वर्षों की तरह, सरकार ने एक मार्च से सात मार्च तक देश के विभिन्न स्थानों पर सप्ताह भर के कार्यक्रम आयोजित किए हैं। देश भर में 28 फरवरी 2025 तक कुल 15 हजार जन औषधि केंद्र (जेएके) हैं। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के उत्पाद समूह में 2,047 दवाएं और 300 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जो ब्रांडेड दवाओं की तुलना में खुदरा दुकानों पर 50 से 80 प्रतिशत सस्ते दामों पर बेचे जाते हैं।

# हिमाचल में भारी बारिश व हिमपात, 112 सड़कें अवरुद्ध

एजेंसी

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश और हिमपात के कारण भूस्खलन और सड़कें अवरुद्ध होने से सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

कांगड़ा जिले के रोकारू (मुल्थान) में लगातार बारिश और बादल फटने से हुए भूस्खलन के कारण कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और 12 मकान खतरे में पड़ गए। कांगड़ा के उपायुक्त हेमराज ने बताया कि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है और पुनर्निर्माण कार्य जारी है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पालमपुर में शिवा जलविद्युत परियोजना के निकट एक व्यक्ति लापता हो गया और उसकी तलाश के लिए अभियान शुरू किया गया है।



भारी हिमपात के कारण चंबा में पांगी घाटी का संपर्क टूट गया है और बिजली तथा दूरसंचार सेवाएं बुरी तरह बाधित हुई हैं। कुल्लू में भूस्खलन के खतरे के कारण नालों व खड्डों के किनारे मकानों पर खतरा मंडरा रहा है और कुछ स्थानों पर बिजली व पानी की आपूर्ति अब भी बाधित है। टोहलू नाल में भूस्खलन के कारण कीरतपुर-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया और पर्यटक फंस गए। कुल्लू में कुल 112 सड़कें बंद हैं और 1646 ट्रांसफार्मर को चालू करने का काम जारी है। कुल्लू के जिलाधिकारी तारुल रवेश ने बताया कि कुल 125 जलपूर्ति योजनाएं बाधित हुई हैं। उन्होंने बताया कि कुल्लू-मनाली मार्ग भी बंद है और वाहनों को नग्गर की ओर भेजा जा रहा है, जबकि मणिकरण और मनाली में बिजली आपूर्ति अभी बहाल नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि पर्यटकों को सड़कें साफ होने तक उनके स्थानों पर ही रहने की सलाह दी गई है। गांधीनगर नाला से सड़कों पर मलबे के बड़े-बड़े ढेर आने से लोग असुविधा का सामना कर रहे हैं और सड़कों को साफ करने का काम जारी है। क्षेत्र में बारिश और हिमपात अब नहीं हो रहा, लेकिन कुल्लू, कांगड़ा और चंबा जिलों में कई स्थानों पर सामान्य जनजीवन अब भी प्रभावित है। इस बीच, राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान मध्यम से भारी हिमपात और बारिश हुई तथा खदराला, कोठी, निचार व जोत में क्रमशः 20 सेंटीमीटर, 15 सेंटीमीटर, 5 सेंटीमीटर और 4 सेंटीमीटर हिमपात हुआ।

# जीएसटी संग्रह बढ़कर 1.84 लाख करोड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। सकल जीएसटी संग्रह फरवरी 2025 में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.84 लाख करोड़ रुपये हो गया। आधिकारिक आंकड़ों में शनिवार को यह जानकारी दी गई। सकल जीएसटी संग्रह एक साल पहले इसी अवधि में 1.68 लाख करोड़ रुपये और जनवरी 2025 में 1.96 लाख करोड़ रुपये था।

विशेषज्ञों का कहना है कि इससे घरेलू खपत से बढ़ावा मिलने और आर्थिक पुनरुद्धार का संकेत मिलता है। इस दौरान सकल वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह के तहत घरेलू राजस्व 10.2 प्रतिशत बढ़कर 1.42 लाख करोड़ रुपये रहा। आयात राजस्व 5.4 प्रतिशत बढ़कर 41,702 करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने में केंद्रीय




जीएसटी से 35,204 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी से 43,704 करोड़ रुपये, एकीकृत जीएसटी से 90,870 करोड़ रुपये और मुआवजा उपकर से 13,868 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ। फरवरी के दौरान कुल 20,889 करोड़ रुपये के रिफंड जारी किए गए, जो सालाना आधार पर 17.3 प्रतिशत अधिक है। फरवरी 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 8.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 1.63 लाख करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले इसी महीने में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1.50 लाख करोड़ रुपये था। ईवाई के टैक्स पार्टनर सौरभ अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी संग्रह के मजबूत आंकड़े संकेत देते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक आर्थिक चुनौतियों का मजबूती से सामना कर रही है।

## पेज एक का शेष

### सीएम के सलाहकार

मुख्य सचिव गृह तक कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। एक नौकरशाह के रूप में उनका कॅरियर बहुत शानदार रहा है। उन्होंने कुछ समय तक ऊर्जा विभाग की कमान भी संभाली थी। 2017 में जब योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बने तो अवनीश अवस्थी केंद्र सरकार की प्रतिनियुक्ति से लौटे थे। वह आईएएस अधिकारी के रूप में 31 अगस्त 2022 को सेवानिवृत हो गए थे।

### दिल्ली में 31

बताया कि एक अनुमान के अनुसार, पेट्रोल और डीजल चालित ऐसे करीब 55 लाख वाहन हैं, जिनमें से 66 प्रतिशत दोपहिया और 54 प्रतिशत चार पहिया वाहन हैं।

सरकार की योजना दिसंबर 2025 तक, दिल्ली में सीएनजी चालित करीब 90 प्रतिशत सार्वजनिक परिवहन बसों को हटाने और उनकी जगह इलेक्ट्रिक बसें परिचालित करने की है, ताकि स्वच्छ और अधिक टिकाऊ परिवहन को बढ़ावा दिया जा सके। नये नियमों के कार्यान्वयन के बारे में अधिक जानकारी देते हुए अधिकारी ने कहा कि दिल्ली के कई पेट्रोल पंप ने प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाणपत्र नियमों के उल्लंघन की जांच के लिए पहले ही एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) से लैस कैमरे लगाए हैं। अधिकारी ने कहा, ये कैमरे वर्तमान में उन वाहनों का पता लगाते हैं जिनके पास पीयूसी प्रमाणपत्र नहीं है और पेट्रोल पंप कर्मी ऐसे वाहनों को ईंधन देने से इनकार कर देते हैं। हम वाहनों के अधिक पुराने होने का पता लगाने के लिए एआई से लैस कैमरों का भी उपयोग कर सकते हैं। इसके लिए हमें अपनी प्रणाली को अद्यतन करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिन पेट्रोल पंप पर अभी ऐसे उपकरण नहीं हैं, वहां जल्द ही इन्हें लगाया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली सरकार अधिक पुराने वाहनों की पहचान करने के लिए टीम तैनात करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि ऐसे वाहनों को शहर में प्रवेश करने से रोका जाए या यदि वे पहले से मौजूद हैं तो उन्हें हटा दिया जाए। नवंबर में, सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि सर्दियों के महीनों में, वाहनों से होने वाला उत्सर्जन दिल्ली में प्रदूषण के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार है - इसकी (वाहनों से उत्सर्जन की) मात्रा पराली जलाने, सड़क की धूल या पटाखे फोड़ने से भी अधिक है। दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निश्चल सिंघानिया ने इस कदम का स्वागत करते हुए कहा, उच्चतम न्यायालय द्वारा दिल्ली में 15 साल से पुराने वाहनों पर पहले ही प्रतिबंध लगा दिया गया है। उन्होंने कहा, हमारे पास बिना प्रदूषण नियंत्रण (पीयूसी) प्रमाण पत्र वाले वाहनों का पता लगाने के लिए पहले से ही उपकरण हैं और मुझे लगता है कि उसी प्रणाली का उपयोग 15 साल से अधिक पुराने वाहनों का पता लगाने के लिए किया जा सकता है। दिल्ली सरकार का यह फैसला उच्चतम न्यायालय के 2018 के उस फैसले के अनुरूप है, जिसमें राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से पुराने डीजल वाहनों और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों पर प्रतिबंध लगाया गया था।

### युवाओं के

होंगी। अभियान के अंतर्गत प्रथम चरण में प्रत्येक लाभार्थी युवा को पांच लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। दूसरे चरण में यह धनराशि 10 लाख रुपये होगी। इस योजना के अंतर्गत एक माह में ही लगभग ढाई लाख पंजीकरण किए जा चुके हैं। जिनमें 93 हजार से अधिक आवेदन बैंकों को प्रेषित किए गए हैं। बैंकों द्वारा 9013 युवाओं को 348 करोड़ रुपये के ऋण प्रदान भी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि संबंधित बैंक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में तेजी लाएं। इसके लिए बैंक हर जनपद की हर ब्रांच का टारगेट तय करें। परंपरागत कार्यों से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने में वरीयता दी जाए तथा विभिन्न सेक्टर से जुड़े युवाओं को ऋण प्रदान किए जाएं। बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया ऋण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने तथा बैंकों के व्यवसाय को आगे बढ़ाने में कारगर सिद्ध होगा।

### वर्षाजनित राहत

कराई जाए ताकि इस संबंध में आवश्यक कार्वाई की जा सके। राहत आयुक्त कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराए गए विवरण के अनुसार पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में विगत दो दिनों में ओलावृष्टि तथा वर्षा हुई है। इन जिलों में अलीगढ़, मथुरा, कासगंज, हाथरस, गौतमबुद्धनगर, सहारनपुर, हापुड़, लखीमपुरखीरी, मेरठ, मुजफ्फरनगर, रामपुर, सम्भल तथा गाजियाबाद शामिल हैं।

### अब रंग ला

फिर से चुना जाना लोगों के भरोसे को दर्शाता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत का नया वैश्विक समाचार चैनल देश की उपलब्धियों को विदेशों तक ले जाएगा। उन्होंने कहा कि दुनिया 21वीं सदी में भारत की ओर देख रही है और देश लगातार सकारात्मक खबरें पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब कई वैश्विक पहलों का नेतृत्व कर रहा है। उन्होंने हाल में एआई (कृत्रिम मेधा) शिखर सम्मेलन की सह-मेजबानी और जी-20 की भारत की अध्यक्षता का जिक्र किया। मोदी ने महाकुंभ का जिक्र करते हुए कहा कि इसने कार्यक्रमों का आयोजन करने के भारत के कौशल और नवोन्मेष को उजागर किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने नाट्य प्रदर्शन अधिनियम समेत कई अप्रचलित कानूनों को निरस्त कर दिया है। नाट्य प्रदर्शन अधिनियम के तहत, 10 या अधिक व्यक्तियों के एक साथ नृत्य करते पाए जाने पर गिरफ्तारी का प्रावधान था। प्रधानमंत्री ने अपने आलोचकों पर निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि लुटियन जमात और खान मार्केट गिरोह 75 साल से अधिक समय तक ऐसे कानूनों पर चुप रहे। प्रधानमंत्री ने कहा, अगर मोदी ऐसा कानून (नाट्य प्रदर्शन अधिनियम) लाते, तो जरा सोचिए क्या होता। यहां तक कि अगर सोशल मीडिया पर ट्रोल करने वालों ने ऐसी कोई गलत सूचना भी फैलाई होती, तो ये लोग शोर मचाते और मोदी को निशाना बनाते, लेकिन यह हमारी सरकार है जिसने औपनिवेशिक काल के इस कानून को खत्म कर दिया है।

### जीआरएपी

लागू किया जाता है। पीठ ने कहा जहां तक 2024 और 2025 का सवाल है, हमने राज्य को मुआवजा देने के निर्देश जारी किए हैं। हम यह स्पष्ट करते हैं कि इसके बाद जब भी जीआरएपी उपायों के कार्यान्वयन के कारण निर्माण गतिविधियों को बंद करना होगा, इस अदालत द्वारा 24 नवंबर 2021 को जारी निर्देशों के अनुसार प्रभावित श्रमिकों को मुआवजा दिया जाएगा। न्यायालय ने कहा यदि न्यायालय द्वारा मुआवजा देने के लिए कोई विशिष्ट निर्देश नहीं दिया जाता है, तो भी एनसीआर राज्यों को मुआवजा देना होगा। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान न्यायालय को बताया गया कि हरियाणा ने जीआरएपी-4 के प्रथम और द्वितीय चरण में क्रमशः 2,68,759 और 2,24,881 श्रमिकों को मुआवजा दिया है।

दिल्ली सरकार के वकील ने अदालत को बताया कि 93,272 श्रमिकों को मुआवजा दिया जा चुका है और शेष पंजीकृत श्रमिकों के लिए सत्यापन प्रक्रिया जारी है। शीर्ष अदालत ने पहले निर्माण श्रमिकों को पूर्ण निर्वाह भत्ता न देने के लिए दिल्ली सरकार की खिंचाई की थी। दिल्ली सरकार को निर्देश दिया गया कि वह श्रमिकों के पंजीकरण को सुनिश्चित करने के लिए तुरंत श्रमिक संघ की बैठक बुलाए। राजस्थान के लिए भी इसी प्रकार के निर्देश पारित किए गए, जहां दो जिले भरतपुर और अलवर, एनसीआर में आते हैं। इसके अलावा हरियाणा के 14 जिले और उत्तर प्रदेश के आठ जिले भी एनसीआर में आते हैं और वहां भी श्रमिक संघों की बैठक बुलाने और निर्वाह भत्ता देने के निर्देश दिए गए।

### मणिपुर में

डेका, उप सेना प्रमुख और सेना की पूर्वी कमान के कमांडर शामिल थे। एन बीरेन सिंह के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद 13 फरवरी को मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया था। राज्य विधानसभा को निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा का कार्यकाल 2027 तक है।

राज्यपाल भल्ला ने लूटे गए और अवैध रूप से रखे गए हथियारों को सात दिन के भीतर स्वेच्छा से पुलिस के सुपुर्द करने का 20 फरवरी को आग्रह किया था। इस अवधि में मुख्य रूप से घाटी के जिलों में 300 से अधिक हथियार जनता द्वारा सौंपे गए। इनमें मेइती चरमपंथी समूह अरम्बाई टेंगोल द्वारा सौंपे गए 246 आग्नेयास्त्र शामिल हैं। भल्ला ने लूटे गए और अवैध हथियारों को पुलिस को सौंपने की समयसीमा शुक्रवार को बढ़ाकर छह मार्च शाम चार बजे तक कर दी थी। करीब 22 महीने पहले शुरू हुई जातीय हिंसा के शुरुआती दौर में मणिपुर में अलग-अलग जगहों पर पुलिस से कई हजार हथियार लूटे गए थे। तीन जनवरी को राज्यपाल का पदभार संभालने के बाद से भल्ला विभिन्न वर्गों के लोगों से मिल रहे हैं और उनसे राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के बारे में प्रतिक्रिया ले रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने मणिपुर में कई बैठकों की अध्यक्षता भी की, जहां राज्य की कानून-व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा की गई और सुरक्षा बलों को आवश्यक निर्देश दिए गए। पूर्व केंद्रीय गृह सचिव भल्ला ने अगस्त 2024 तक पांच साल तक शाह के साथ काम किया था। कहा जाता है कि भल्ला को केंद्रीय गृह मंत्री ने चुना था और उन्होंने अशांत राज्य में सामान्य स्थिति वापस लाने के लिए उन्हें यह जिम्मेदारी दी थी। मणिपुर में हिंसा तब शुरू हुई जब मई 2023 में मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च का आयोजन किया गया।

### उत्तराखण्ड

छुट्टी पर थे। 55 श्रमिक एवलांच के समय मौजूद थे। बर्फ में समाये पांच कंटेनरों को ट्रेस कर श्रमिकों को सुरक्षित निकालने में राहत और बचाव दलों को सफलता मिली है। अत्यधिक बर्फ होने के कारण तीन कंटेनर ट्रेस नहीं हो पा रहे हैं। आर्मी, आईटीबीपी द्वारा इन कंटेनरों का पता लगाने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। कंटेनरों की तलाश के लिए आर्मी के स्निफर डाग्स की तैनाती की गई है। आर्मी की तीन टीमों द्वारा सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। दिल्ली से सेना की जीपीआर रडार, ग्राउंड पेनीट्रेशन रडार मंगवायी गयी है, जो बर्फ के अंदर कंटेनरों को ट्रेस करने में मदद करेगी। मुख्यमंत्री ने देहरादून पहुंचकर आपदा प्रबंधन विभाग में उच्चस्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री ने बताया कि सभी घायल श्रमिकों के इलाज के लिए सर्वोत्तम व्यवस्थाएं की गई हैं। माणा और ज्योतिर्मठ में सेना के अस्पताल में घायल श्रमिकों का उपचार किया जा रहा है। एम्स ऋषिकेश और श्रीनगर मेडिकल कॉलेज के साथ ही स्थानीय सीएचसी और पीएचसी को एलर्ट पर रखा गया है। बैठक में सलाहकार समिति, आपदा प्रबंधन विभाग के उपाध्यक्ष विनय कुमार रुहेला, डीजीपी दीपम सेठ, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव शैलेश बगौली, सचिव पंकज कुमार पाण्डेय, आयुक्त गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन, जीओसी उत्तराखंड सब-एरिया मेजर जनरल प्रेम राज, आईटीबीपी के आईजी संजय गुंज्याल, आईजी एसडीआरएफ रिद्धिम अग्रवाल, पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप, यूएसडीएमए के एसीईओ क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी आदि मौजूद थे।

### यूपी : सड़क

है। जबकि, महराजगंज जिले में सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा शुक्रवार रात श्याम देउरवा थाना क्षेत्र के परतावल-कप्तानगंज मार्ग पर हुआ जब बभनौली गांव की निवासी विद्यावती (45), शकुंतला (46) और फूलमती रात में हल्दी की रस्म में शामिल होने के बाद पैदल घर लौट रही थीं।




# साउथ अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में

## इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया, क्लासन-रासी की फिफ्टी; यानसन-मुल्डर को 3-3 विकेट

एजेंसी

कराची। हेनरिक क्लासन ने 41 बॉल पर फिफ्टी पूरी की। साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। टीम ने शनिवार को ग्रुप-बी के आखिरी मुकाबले में इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया। अफ्रीकी टीम ने 180 रन का टारगेट 29.1 ओवर में 3 विकेट पर हासिल कर लिया। डेविड मिलर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। कराची के नेशनल स्टेडियम में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग करने का फैसला लिया। टीम 38.2 ओवर में 179 रन पर ऑलआउट हो गई। रूट ने सबसे ज्यादा 37 रन बनाए। वहीं, जोस बटलर ने 21 और जोफ्रा आर्चर ने 25 रन का योगदान दिया।

मार्को यानसन और वायन मुल्डर ने 3-3 विकेट लिए। रन चेज में रासी वान डर डसन ने नाबाद 72 रन की पारी खेली। हेनरिक क्लासन 64 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 122 बॉल पर 127 रन की साझेदारी की। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर को 2 विकेट मिले। ग्रुप-बी से ऑस्ट्रेलिया ने भी सेमीफाइनल में जगह बनाई। इंग्लैंड और अफगानिस्तान की टीमें एलिमिनेट हो गईं। साउथ अफ्रीका ने ग्रुप-बी की टॉप पोजिशन पर फिनिश किया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया दूसरे स्थान पर रहीं है। इस ग्रुप की टॉपर साउथ अफ्रीका का मुकाबला ग्रुप-ए में नंबर-2 पर रहने वाली टीम से होगा। 2 फरवरी को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप-ए का आखिरी लीग मैच होगा। इसे जीतने वाली टीम ग्रुप-ए में टॉप करेगी, जबकि हारने वाली टीम नंबर-2 पर रहेगी। यदि भारतीय टीम




न्यूजीलैंड को हरा देती है, तो उसका सामना ऑस्ट्रेलिया से होगा। हारने की स्थिति में भारत-साउथ अफ्रीका सेमीफाइनल मैच खेला जाएगा।

दक्षिण अफ्रीका ने शनिवार को यहां ग्रुप बी के अपने अंतिम मैच में मुश्किलों से जूझ रही इंग्लैंड की टीम को 179 रन पर समेट दिया जिससे उसने और ऑस्ट्रेलिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। सेमीफाइनल की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके इंग्लैंड को रन-रेट के आधार पर अफगानिस्तान को क्वालीफाई करने का मौका देने के लिए कम से कम 207 रन से जीत की जरूरत थी। लेकिन वह टूर्नामेंट के सबसे कम स्कोर पर सिमट गई। दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को यानसेन (39 रन देकर तीन विकेट) ने नयी गेंद से तीन महत्वपूर्ण विकेट चटकाकर कमाल कर दिया। मध्य के ओवरों में वियान मुल्डर (25 रन देकर तीन विकेट) और केशव महाराज (35 रन देकर दो विकेट) ने दबाव बनाया, जिससे दक्षिण अफ्रीका ने मैच के परिणाम निकले बिना ही नॉकआउट में अपनी जगह पक्की कर ली। यह देखना बाकी है कि ग्रुप बी में कौन शीर्ष पर रहता है और इससे यह तय होगा कि नॉकआउट चरण में भारत और न्यूजीलैंड किससे खेलेंगे। इंग्लैंड के वनडे कप्तान के रूप में अपने अंतिम मैच में जोस बटलर ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया।

लेकिन यह दाव उल्टा पड़ गया क्योंकि यानसेन ने शुरुआत में ही कहर बरपा दिया जिससे सातवें ओवर तक इंग्लैंड का स्कोर तीन विकेट पर 37 रन हो गया। सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट (08) ने यानसेन की उछाल लेती गेंद पर बल्ला छुआ दिया और पवेलियन लौट गए जबकि जेमी स्मिथ (शून्य) शॉर्ट बॉल को समझने में विफल रहे। इसके बाद बेन डकेट (24) यानसेन को उनकी ही गेंद पर कैच थमा बैठे। इससे इंग्लैंड का शीर्ष क्रम चरमरा गया। हैरी ब्रूक (19) और जो रूट (37) ने 62 रन की साझेदारी करके वापसी की कोशिश की। लेकिन जब यह साझेदारी मजबूत होती दिख रही थी तभी दक्षिण अफ्रीका ने लगातार दो विकेट झटक लिए। महाराज की गेंद पर ब्रूक बड़ा शॉट लगाने की कोशिश की लेकिन डीप में यानसेन को शानदार कैच लपक लिया। वहीं रूट को मुल्डर ने बोल्ड किया। इंग्लैंड की मुश्किलें तब और बढ़ गईं जब लियाम लिविंगस्टन (09) और जेमी ओवरटन (11) भी जल्दी ही आउट हो गए जिससे 26वें ओवर में टीम का स्कोर सात विकेट पर 129 रन हो गया। बटलर (21) और जोफ्रा आर्चर (25) ने 42 रन की साझेदारी करके स्कोर को कुछ सम्मानजनक बनाया।

# प्राग मास्टर्स में प्रज्ञानानंदा ने पहली जीत दर्ज की, अरविंद की एकल बढ़त

एजेंसी




प्राग। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चेक गणराज्य के एनगुयेन थाई डाई वान के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि हमवतन अरविंद चितंबरम ने प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चीन के शीर्ष वरीय वेई यी को हराकर एकल बढ़त हासिल की। टूर्नामेंट के प्रबल दावेदारों में से एक प्रज्ञानानंदा ने 14वीं चाल में यह प्रभावशाली जीत दर्ज की। पहले दो दौर में दो ड्रॉ खेलने के बाद उनके लिए यह जीत अहम रही। उन्होंने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, कल (दूसरा दौर) कुछ खास नहीं था। पहले दौर में मेरी स्थिति अच्छी थी। प्रज्ञानानंदा की यह पहली जीत रही जबकि हमवतन अरविंद चिथमबरम लाइव रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 20 खिलाड़ियों में प्रवेश करने के बाद पहली बार एलीट टूर्नामेंट में खेल रहे हैं। अरविंद के इस जीत से तीन में से 2.5 अंक हो गए। वहीं अमेरिका के सैम शंकलैंड को जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार मिली। प्रज्ञानानंदा और कीमर दो दो अंक लेकर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

वियतनाम के क्वांग लीम ले, चेक गणराज्य के डेविड नवारा, हॉलैंड के अनीश गिरी और शंकलैंड संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं, ये डाई वान और तुर्किये के गुरेल एडिज से आधा अंक आगे हैं। शीर्ष वरीय वेई यी 10 खिलाड़ियों की तालिका में सबसे निचले स्थान पर हैं। राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट में अभी छह दौर बाकी हैं। साथ ही खेले जा रहे चैलेंजर्स वर्ग में दिव्या देशमुख को तीन दिन में दूसरी हार का सामना करना पड़ा। उन्हें उज्बेकिस्तान की नोडिरबेक याकूबबोव से हार मिली।

## संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया के चोटिल सलामी बल्लेबाज शॉर्ट चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर

लाहौर। अफगानिस्तान के खिलाफ मैच के दौरान चोटिल हुए आस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज मैथ्यू शॉर्ट भारत या न्यूजीलैंड के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल से बाहर रह सकते हैं। शॉर्ट ने बारिश के कारण रद्द हुए मैच में 15 गेंद में 20 रन बनाये। उन्हें अजमतुल्लाह उमरजइ ने पवेलियन भेजा था। आस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने आस्ट्रेलियाई एसोसिएट प्रेस से कहा, मुझे लगता है कि वह पूरी तरह फिट नहीं है। हमने देखा कि वह ठीक से मूवमेंट नहीं कर पा रहा था। अगले मैच में उसका रिकवर हो पाना मुश्किल होगा। आस्ट्रेलियाई टीम आक्रामक बल्लेबाज जैक फ्रेसर मैकगुर्क को उतार सकता है हालांकि श्रीलंका के खिलाफ हाल ही में दो वनडे में वह नाकाम रहे थे। हरफनमौला आरोन हार्डी भी एक विकल्प हो सकते हैं। आस्ट्रेलिया का सामना मंगलवार को सेमीफाइनल में दुबई में भारत से या बुधवार को लाहौर में न्यूजीलैंड से हो सकता है। भारत और न्यूजीलैंड के बीच आखिरी ग्रुप मैच के बाद ही यह तय होगा।

### पैरी का अर्धशतक, दिल्ली कैपिटल्स ने बनाये पांच विकेट पर 147 रन

बेंगलुरु। दिल्ली कैपिटल्स ने एलिस पैरी (नाबाद 60 रन) की अर्धशतकीय पारी से शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टी20 मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ पांच विकेट पर 147 रन बनाये। दिल्ली कैपिटल्स के लिए पैरी के अलावा राघवी बिष्ट ने 33 रन का योगदान दिया। आरसीबी की शिखा पांडे और श्री चरानी ने दो दो विकेट झटके।

### अफगानिस्तान अगले दशक में जीत सकता है आईसीसी टूर्नामेंट : स्टेन

नयी दिल्ली। दक्षिण अफ्रीका के महान तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि तेजी से आगे बढ़ रही अफगानिस्तान की टीम के खिलाड़ी अगर मैदान पर सयंम से खेलना सीख लें तो अगले दशक में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का सीमित ओवर का टूर्नामेंट जीत सकती है। अफगानिस्तान की टीम 2023 वनडे विश्व कप में नॉकआउट में जगह बनाने के करीब पहुंच गई थी जिसमें उसने पूर्व चैंपियन इंग्लैंड, श्रीलंका और पाकिस्तान को हराया था। पिछले साल के टी20 विश्व कप में टीम सेमीफाइनल में पहुंची थी जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया को बाहर कर दिया था। अपने देश में युद्ध और अस्थिरता के बावजूद अफगानिस्तान क्रिकेट टीम अब सफेद गेंद के टूर्नामेंट में मजबूत टीम बन गई है। स्टेन ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, हम ऐसे समय में जी रहे हैं जिसमें लोग इतने संयमित नहीं हैं। हम इंस्टाग्राम स्टोरी को भी महज मुश्किल से दो सेकेंड देख पाते हैं और ऐसा लगता है कि अफगानिस्तान के खिलाड़ी भी क्रिकेट खेलते समय ऐसे ही होते हैं।

### श्रेयस अय्यर ने नेट गेंदबाज जसकिरण को जूते उपहार में दिये

दुबई। आईसीसी क्रिकेट अकादमी पर नेट गेंदबाज जसकिरण सिंह के लिये यह खास पल था जब भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने उन्हें चैम्पियंस ट्रॉफी अभ्यास सत्र के दौरान एक जोड़ी जूते भेंट किये। पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट और क्रिकेट के शौकीन जसकिरण लांगआफ पर फील्डिंग कर रहे थे जब अय्यर ने उनके पास जाकर कहा, पाजी क्या हाल चाल, सब बढिया। जसकिरण ने पीटीआई वीडियो से कहा, श्रेयस भाई मेरे पास आये और पूछा कि तुम्हारे जूते का साइज क्या है। मैने कहा कि दस तो उन्होंने कहा कि मेरे पास तुम्हारे लिये कुछ है और उन्होंने मुझे ये जूते दिये। मेरे लिये यह बहुत मायने रखता है। जसकिरण ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के बल्लेबाजों को नेट अभ्यास के दौरान गेंदबाजी की।

## लखनऊ की जीत से शुरुआत अमेठी को 19-12 से दी शिकस्त



लखनऊ। मेजबान लखनऊ ने ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता में अमेठी को 19-12 से हराकर शानदार जीत के साथ शुरूआत की। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय व क्षेत्रीय खेल कार्यालय लखनऊ के तत्वावधान में केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि किरीट राठोड (आईपीएस, प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी मध्य जोन एवं सचिव, यूपी पुलिस स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड) व विशिष्ट अतिथि डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करके किया। इससे पूर्व अतिथिगण का स्वागत लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने किया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता हॉकी खिलाड़ी डीएसपी ललित उपाध्याय, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन दास, आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, लखनऊ जिला हैंडबॉल संघ के सचिव डा.सुमंत पाण्डेय, केडी सिंह बाबू स्टेडियम के अंतर्राष्ट्रीय हैंडबॉल कोच मो.तौहीद व अन्य मौजूद रहे। आज उद्घाटन मैच में लखनऊ ने अमेठी को 19-12 से शिकस्त दी। लखनऊ की जीत में प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए शुभम ने सर्वाधिक 7 गोल दागे। इसके अलावा आज अमेठी ने बस्ती को 24-16 से हराया।

> ओपन सीनियर प्रदेश स्तरीय आमंत्रण पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता

विजेता टीम से कामरान व अभिषेक ने 7-7 गोल किए। दूसरी ओरी में गोरखपुर ने प्रयागराज को 19-14 से शिकस्त दी। गोरखपुर से मानवेंद्र ने 6 गोल किए। वहीं अंकित के सात गोल से वाराणसी ने मुजफ्फरनगर को 17-11 से और मुजफ्फरनगर ने पुनीत के 6 गोल से अयोध्या को 22-13 से शिकस्त दी।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ शमी को मिल सकता है आराम, खेल सकते हैं अर्शदीप

दुबई। न्यूजीलैंड की टीम में पांच खब्बू बल्लेबाजों की मौजूदगी और पाकिस्तान के खिलाफ मैच में मोहम्मद शमी को पिंडली में हुई हल्की परेशानी के कारण भारतीय टीम प्रबंधन रविवार को चैम्पियंस ट्रॉफी के मैच में इस अनुभवी तेज गेंदबाज को आराम देकर अर्शदीप सिंह को उतार सकता है। शुक्रवार को अभ्यास सत्र को संकेत माने तो पंजाब के तेज गेंदबाज अर्शदीप इस मैच में शमी की जगह खेल सकते हैं।

उन्होंने गेंदबाजी कोच मोर्नी मोर्कल के साथ काफी अभ्यास किया और 13 ओवर डाले। शमी ने छोटे रनअप के साथ सिर्फ छह सात ओवर फेंके। पाकिस्तान के खिलाफ 23 फरवरी के मैच में शमी को तीसरे ओवर के बाद ही फिजियो से दाहिने पैर में उपचार कराना पड़ा था। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों के हावभाव से लग रहा था कि भारत सेमीफाइनल से पहले शमी को ब्रेक दे सकता है। केएल राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा था।

### मुंबई सिटी एफसी ने मोहन बागान को बराबरी पर रोका

मुंबई। मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मैच में शनिवार को यहां दो गोल से पिछड़ने और 10 खिलाड़ियों से खेलने के बावजूद शानदार वापसी करते हुए लगातार दूसरी बार आईएसएल लीग शील्ड विजेता बन चुकी मोहन बागान सुपरजायंट को 2-2 की बराबरी पर रोक दिया। जैमी मैक्लारेन ने 32वें और दिमित्रियोस पेट्राटोस ने 41वें मिनट में गोल कर मोहन बागान को 2-0 की बढ़त दिला दी थी लेकिन जॉन टोराल ने 57वें और स्थानापन्न खिलाड़ी नाथन रोड्रिग्स ने 89वें मिनट में गोल कर मैच में मुंबई सिटी की वापसी करायी। मुंबई की टीम को मैच के 58वें मिनट में उस समय करारा झटका लगा जब विक्रम प्रताप सिंह को रेफरी ने दूसरा येलो कार्ड दिखा कर मैदान से बाहर कर दिया। विक्रम को प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान सुभाशीष बोस को गिराने पर यह सजा मिला। इसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। विक्रम को पहला येलो कार्ड 43वें मिनट में दिखाया गया था। इस ड्रॉ मैच के बाद मुंबई सिटी एफसी 22 मैचों में आठ जीत, नौ ड्रा और पांच हार से 33 अंक लेकर तालिका में छठे से पांचवें स्थान पर आ गई है। मोहन बागान सुपरजायंट 23 मैचों में 16 जीत, पांच ड्रा और दो हार से 53 अंक लेकर तालिका के शीर्ष पर हैं। विक्रम को प्रतिद्वंद्वी टीम के कप्तान सुभाशीष बोस को गिराने पर यह सजा मिला। इसके बाद टीम को 10 खिलाड़ियों के साथ मैच खेलना पड़ा। विक्रम को पहला येलो कार्ड 43वें मिनट में दिखाया गया था।

## ओलंपिक चैंपियन नीरज चोपड़ा ने लिया संकल्प




नयी दिल्ली। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने शनिवार को सरकार के फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान को समर्थन देने का संकल्प लिया और कहा कि इस पहल से लोगों को सिर्फ अपनी फिटनेस सुधारने में ही मदद नहीं मिलेगी बल्कि वे प्रदूषण को नियंत्रित करने में भी योगदान करेंगे। भाला फेंक सुपरस्टार ने लोगों से हर रविवार को समय निकालकर इस पहल में शामिल होने का आग्रह किया। चोपड़ा ने मंत्रालय की एक विज्ञप्ति में कहा, नमस्ते फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अपनी फिटनेस सुधारने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देने का एक शानदार तरीका है। इसलिए मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर आप हर दिन समय नहीं निकाल पा रहे हैं तो कृपया हर रविवार को साइकिल चलाएं। साइकिलिंग अभियान की शुरुआत पिछले साल 17 दिसंबर को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया ने फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज और प्रदूषण का समाधान खोजने के समग्र उद्देश्य के साथ की थी। इस सप्ताहांत की साइकिलिंग पहल की थीम मोटापे से लड़ना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब तक फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का आयोजन देश भर में 4200 से अधिक स्थानों पर किया जा चुका है जिसमें दो लाख से अधिक व्यक्तियों ने भाग लिया है।

### डु प्लांटिस ने पोल वॉल्ट का अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर किया

क्लेरमोंट-फेरां। मोंडो डुप्लांटिस ने यहां विश्व एथलेटिक्स इंडोर टूर मीट के दौरान पोल वॉल्ट में अपना विश्व रिकॉर्ड बेहतर करके 6 . 27 मीटर की कूद लगाई। ओलंपिक और विश्व चैम्पियन डुप्लांटिस ने पोलैंड में अगस्त में बनाये गए अपने विश्व रिकॉर्ड को एक सेंटीमीटर बेहतर किया। यह पोल वॉल्ट में उनका 11वां विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने पहले ही प्रयास में यहां रिकॉर्ड बनाया।

### गुकेश करियर के सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे

नयी दिल्ली। मौजूदा विश्व चैंपियन भारत के डी गुकेश फिडे की शनिवार को जारी नवीनतम क्लासिकल रेटिंग में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंच गए, जबकि हमवतन आर प्रज्ञानानंदा फिर से शीर्ष 10 में वापसी करने में सफल रहे। गुकेश दिसंबर में सिंगापुर में चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने के बाद से शानदार फॉर्म में चल रहे हैं। 18 साल के इस खिलाड़ी ने इस दौरान 10 रेटिंग अंक हासिल किए हैं। अब उनके नाम कुल 2787 रेटिंग अंक हो गये हैं। गुकेश हाल ही में विज्क आन जी में टाटा स्टील मास्टर्स को टाईब्रेक में प्रज्ञानानंदा से हार गए थे। वह रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हिकारू नाकामुरा (2802) से 15 अंक पीछे हैं। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन (2833) दुनिया में शीर्ष रैंकिंग के शतरंज खिलाड़ी बने हुए हैं। गुकेश ने इस रैंकिंग में हमवतन अर्जुन एरिगैसी और अमेरिका के फैबियानो कारूआना को पीछे छोड़ दिया है। एरिगैसी इससे पहले लंबे समय तक शीर्ष रैंक वाले भारतीय थे।

# रणजी ट्रॉफी : फाइनल में केरल ने बनाया दबदबा

एजेंसी

नागपुर। करुण नायर ने शनिवार को यहां रणजी ट्रॉफी फाइनल के चौथे दिन दूसरी पारी में शनिवार को यहां नाबाद 132 रन बनाकर विदर्भ को 286 रन की कुल बढ़त के साथ मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। नायर ने रणजी ट्रॉफी के मौजूदा सत्र में अपना चौथा शतक जड़ा। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी पांच शतक लगाये जिससे इस सत्र में उनके नाम कुल नौ शतक हो गये। नायर की इस पारी से विदर्भ रणजी ट्रॉफी के अपने तीसरे खिताब के काफी करीब पहुंच गया है। रणजी ट्रॉफी के 90वें सत्र के फाइनल में नायर ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए 280 गेंद की धैर्यपूर्ण पारी में 132 रन बनाये जिससे विदर्भ ने दिन का समापन चार विकेट पर 249 रन पर किया।

विदर्भ ने पहली पारी में 37 रन की बढ़त हासिल की थी। दिन के 19वें ओवर में केरल के अक्षय चंद्रन ने ईडन एपल टॉम की गेंद में पहली स्लीप में नायर का आसान कैच टपका दिया। नायर इस समय 31 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। इस कैच छूटने का मैच पर बड़ा प्रभाव हुआ क्योंकि नायर ने शतकीय पारी खेलने के साथ केरल के गेंदबाजों को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। पहली पारी में शानदार शतक जड़ने वाले दिनेश मालेवार ने एक बार फिर कमाल की बल्लेबाजी करते हुए 73 रन बनाये और चौथे विकेट के लिए नायर के साथ 182 रन की बड़ी साझेदारी की। दोनों ने क्रीज पर तब मोर्चा संभाला जब विदर्भ की टीम सात रन पर दो विकेट गंवा कर

> नायर की नाबाद 132 रन की पारी



मुश्किल में थी। नायर ने अब तक की नाबाद पारी में 10 चौके और दो छक्के जड़े हैं। नायर ने 59वें ओवर में जलज सक्सेना (76 रन पर एक विकेट) के खिलाफ एक रन लेकर प्रथम श्रेणी क्रिकेट का अपना 23वां शतक पूरा किया। उन्होंने इसका जश्न हेलमेट उतर कर ड्रेसिंग रूम की तरफ बल्ला दिखा कर मनाया। उन्होंने इसके बाद अपनी अंगुलियों ने नौ का इशारा कर इस सत्र में लगाये शतकों के बारे में बताया। मालेवर ने 161 गेंद की पारी में पांच चौके जड़े। दिन का खेल खत्म होते समय नायर के साथ कप्तान अक्षय वाडकर (नाबाद चार) क्रीज पर मौजूद थे। पहली पारी में 37 रन की बढ़त लेने वाली विदर्भ को हालांकि दूसरी पारी अच्छी शुरुआत नहीं मिली। टीम ने चौथे दिन पहले सत्र में दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गंवा दिये। अनुभवी स्पिनर जलज सक्सेना ने दूसरे ओवर में अपनी पहली ही गेंद पर पार्थ रेखाडे (एक) को आउट किया।

वहीं मध्यम तेज गेंदबाज एम डी निधीश (37 रन पर एक विकेट) की गेंद पर विकेटकीपर मोहम्मद अजहरुद्दीन ने ध्रुव शोरे (पांच) का शानदार कैच पकड़ा। शोरे ने ऑफ स्टंप की बाहर की गेंद पर बल्ला अड़ा दिया और अजहरुद्दीन ने दायीं ओर डाइव लगाकर कमाल का कैच पकड़ा जिससे विदर्भ ने सात रन पर दो विकेट गंवा दिये। नायर और मालेवार ने इसके बाद धैर्य और एकाग्रता से बल्लेबाजी करते हुए केरल के गेंदबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिये। नायर ने अपनी पारी कई कलात्मक शॉट खेले। दोनों की 182 रन की साझेदारी को अक्षय चंद्रन (29 रन पर एक विकेट) ने मालेवर को स्लीप में कप्तान सचिन बेबी के हाथों कैच कराकर तोड़ा। यश राठौड़ (24) ने इसके बाद नायर के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन जोड़े। वह आदित्य सरवटे (55 रन पर एक विकेट) का शिकार बने। राठौड़ हालांकि इस दौरान अपनी पारी का आठवां रन बनाते ही मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गये।

### पीसीबी ने बारिश के कारण रद्द हुए दो मैच के लिए पूरा पैसा वापस करने की घोषणा की

लाहौर। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने शनिवार को रावलपिंडी में बारिश के कारण रद्द हुए दो चैंपियंस ट्रॉफी मैचों के लिए टिकट की पूरी राशि वापस करने की घोषणा की। बारिश के कारण 25 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच और 27 फरवरी को बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच मैच एक भी गेंद फेंके बिना रद्द कर दिया गया था। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी टिकट वापसी नीति के अनुसार अगर टॉस से पहले मैच रद्द कर दिया जाता है तो टिकट धारक पूरा पैसा वापस पाने के पात्र हैं। पीसीबी ने एक बयान में कहा कि सभी टिकट के पैसे वापस किए जाएंगे। इसमें कहा गया कि हॉस्पिटैलिटी टिकट के टिकट धारक रिफंड के पात्र नहीं होंगे। पात्र टिकट धारक 10 मार्च से 14 मार्च के बीच चुनिंदा टीसीएस आउटलेट पर अपना रिफंड वापस ले सकते हैं।

## बिली जीन किंग कप के लिए चुने गए शीर्ष खिलाड़ी विशाल उप्पल की बतौर कप्तान

एजेंसी

नयी दिल्ली। अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) की चयन समिति ने आगामी बिली जीन किंग कप के लिए शीर्ष रैंकिंग वाले खिलाड़ियों को भारतीय टीम में शामिल किया जिसका नेतृत्व अंकिता रैना कर रही हैं जबकि विशाल उप्पल की कप्तान के तौर पर दो साल बाद वापसी हुई है।

नंबर एक खिलाड़ी रैना की टीम में सहजा यमलापल्ली, श्रीवल्ली भामिदिपति, वैदेही चौधरी होंगे जबकि प्रार्थना थोम्बरे पांच सदस्यीय टीम में युगल विशेषज्ञ होंगी। हाल में डब्ल्यूटीए मुंबई ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली माया राजेश्वरन टीम में रिजर्व खिलाड़ी होंगी। भारत आठ अप्रैल से पुणे के डेक्कन जिमखाना में बिली जीन किंग कप की मेजबानी करेगा। आयोजन स्थल पर 2 अप्रैल से ट्रेनिंग



शिविर शुरू होगा जिसमें रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर को भी तैयारियों का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया गया है। मार्च 2023 में उप्पल को गैर-खिलाड़ी कप्तान के रूप में हटा दिया गया और उनकी जगह शालिनी ठाकुर को नियुक्त किया गया। पता चला है कि एआईटीए की कार्यकारी समिति ने उन्हें वापस लाने का फैसला किया है क्योंकि उन्हें उचित मंच पर किसी भी चर्चा के बिना बाहर कर दिया गया था।

# संकीर्ण मार्ग मानी जाती थी विशेष अनुमति याचिका

## अब हो रहा इसका व्यापक इस्तेमाल, मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विशेष अनुमति याचिका का प्रावधान एक संकीर्ण रास्ता माना जाता था, लेकिन अब इसके व्यापक इस्तेमाल के कारण मध्यस्थता प्रक्रिया को नुकसान पहुंच रहा है। धनखड़ ने मध्यस्थता मामलों में विशेषज्ञों की आवश्यकता पर भी बल दिया और कहा कि वाणिज्यिक विवादों से जुड़े जटिल मामलों को निपटाने में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों का इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां मध्यस्थता पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए धनखड़ ने अनुच्छेद 136 के उपयोग एवं मध्यस्थता प्रक्रिया पर इसके प्रभाव की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा, अनुच्छेद-136 के तहत हस्तक्षेप को संकीर्ण माना गया था। कुल मिलाकर इसमें सब शामिल हैं कि मजिस्ट्रेट को क्या करना है, सत्र न्यायाधीश को क्या करना है, जिला न्यायाधीश को क्या करना है, उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को क्या करना है। संविधान का अनुच्छेद 136 उच्चतम न्यायालय को किसी भी निर्णय या आदेश के विरुद्ध अपील करने के लिए विशेष अनुमति प्रदान करने की अनुमति देता है। इसे विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) कहा जाता है। उन्होंने कहा, मैं पूरी विनम्रता और इस देश के एक चिंतित नागरिक के रूप में यह सुझाव दे रहा हूं कि जिस मुद्दे पर आप चर्चा कर रहे हैं, वह सूक्ष्म, लघु उद्योगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे सरल मध्यस्थता प्रक्रिया चाहते हैं।



### हमारी स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा प्रणालियां वस्तुकरण और व्यावसायीकरण से ग्रस्त हो रही हैं : धनखड़

मुंबई। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रणालियां वस्तुकरण और व्यावसायीकरण से ग्रस्त हो रही हैं। दक्षिण मुंबई में केपीबी हिंदुजा कॉलेज के वार्षिक दिवस समारोह में धनखड़ ने कहा कि सनातन भारत की सभ्यतागत लोकाचार और सार का हिस्सा रहा है। उन्होंने कहा कि सनातन को देश की संस्कृति और शिक्षा का हिस्सा होना चाहिए, क्योंकि यह समावेशिता का प्रतीक है। उन्होंने जड़ों से जुड़े रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उपराष्ट्रपति ने कहा, परोपकारी प्रयासों को वस्तुकरण और व्यावसायीकरण के दर्शन से प्रेरित नहीं होना चाहिए। हमारी स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा प्रणालियां इनसे ग्रस्त हैं। वस्तुकरण से तात्पर्य किसी चीज को ऐसी वस्तु बनाने से है, जिसे खरीदा, बेचा या जिसका आदान-प्रदान किया जा सके।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने हड़प्पा युग के शहर धोलावीरा का किया दौरा



भुज (गुजरात)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के कच्छ जिले के खादिर बेट द्वीप स्थित सिंधु घाटी सभ्यता से संबंधित प्रमुख पुरातात्विक स्थल धोलावीरा का शुक्रवार को दौरा किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया कि यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल और 5,000 साल पुरानी सभ्यता के महानगर के भ्रमण के दौरान राष्ट्रपति मुर्मू को प्राचीन मानव सभ्यता के चरणबद्ध विकास और नगर नियोजन के बारे में गहन जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के महानिदेशक यदुबीर सिंह रावत ने उन्हें इस प्राचीन स्थल के बारे में जानकारी दी। यह सबसे अच्छी तरह से संरक्षित शहरी बस्तियों में से एक है, जहां 3000-1500 ईसा पूर्व के बीच लोग रहते थे। विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू को हड़प्पा संस्कृति, आवास, तत्कालीन जल संग्रहण की नीति एवं निपटान प्रणालियों तथा प्राचीन महानगर की विशाल दीवारों के बारे में बताया गया। इसमें कहा गया, वह प्राचीन मनका बनाने वाले कारखानों, सुनियोजित बावड़ी, ऊपरी शहर, मध्य शहर और निचले शहर आदि को देखकर अभिभूत हो गईं। विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति मुर्मू को धोलावीरा स्थल की खुदाई के दौरान मिलीं विभिन्न कलाकृतियां, मिट्टी के बर्तनों के अवशेष, विभिन्न तांबे की वस्तुएं, तौलने के उपकरण और पत्थर के आभूषण दिखाए गए। मुर्मू ने यात्रा के अंत में धोलावीरा स्थल के परिसर में पौधारोपण भी किया। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, कच्छ के प्रभारी मंत्री प्रफुल्ल पनशेरिया, कच्छ के जिलाधिकारी अमित अरोड़ा और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## पाकिस्तान में सिख समेत 20 आतंकवादी गिरफ्तार

लाहौर। कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से कथित तौर पर जुड़े एक सिख व्यक्ति समेत 20 आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने इस सप्ताह पंजाब के विभिन्न इलाकों में खुफिया सूचना पर आधारित 162 अभियानों के दौरान 20 टीटीपी आतंकवादियों को गिरफ्तार करके एक बड़ी आतंकी योजना को विफल कर दिया। बयान में कहा गया, टीटीपी के तीन बेहद खतरनाक सदस्य- मनमोहन सिंह, नकीबुल्लाह और रियाज को क्रमशः रावलपिंडी, लाहौर और रहीम यार खान से गिरफ्तार किया गया। बयान के अनुसार, उनके कब्जे से 6,238 ग्राम विस्फोटक, 23 डेटोनेटर, 61 फुट लंबा सेफ्टी फ्यूज वायर, तीन आईईडी बम और प्रतिबंधित साहित्य बरामद किया। बयान में कहा गया है, उनकी योजना लाहौर और अन्य शहरों में महत्वपूर्ण इमारतों को निशाना बनाने की थी। गिरफ्तार आतंकवादियों के खिलाफ 18 मामले दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच जारी है।

# कुर्द चरमपंथियों ने तुर्किये में संघर्ष विराम की घोषणा की

एजेंसी

इस्तांबुल। तुर्किये में विद्रोही कुर्द चरमपंथियों ने शनिवार को संघर्ष विराम की घोषणा की। इसे राष्ट्रपति रजब तैयप एर्दोआन की सरकार के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कुर्द चरमपंथियों का यह विद्रोह 40 वर्ष से जारी था। जेल में बंद चरमपंथी नेता ने दो दिन पहले ही समूह से हथियार डालने का आह्वान किया था।

कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके की यह घोषणा क्षेत्र में व्यापक परिवर्तनों की पृष्ठभूमि में आई है, जिसमें पड़ोसी देश सीरिया में राष्ट्रपति बशर अल-असद को अपदस्थ किए जाने के बाद नयी सरकार का गठन, लेबनान में हिजबुल्ला चरमपंथी आंदोलन का कमजोर पड़ना और गाजा में इजराइल-हमास युद्ध शामिल हैं। पीकेके की घोषणा शनिवार को चरमपंथी समूह के करीबी मीडिया संस्थान फिरात समाचार एजेंसी द्वारा प्रकाशित की गई। इसमें विद्रोहियों के नेता अब्दुल्ला ओकलान का हवाला गया था, जो 1999 से तुर्किये की जेल में बंद हैं। घोषणा के अनुसार, हम आज से संघर्ष विराम के प्रभावी होने की घोषणा करते हैं।

# पुनर्विकास में अहमदाबाद की विरासत होगी शामिल : वैष्णव

एजेंसी



अहमदाबाद। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि अहमदाबाद रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की परियोजना के लिए कई नवाचार किए गए हैं, जिसमें खासतौर पर यह ध्यान रखा जाएगा कि रेलवे स्टेशन का डिजाइन ऐसा हो जिसमें शहर की समृद्ध विरासत की झलक हो। पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा के बाद वैष्णव ने कहा कि शहर की विरासत से प्रेरित वास्तुशिल्प तत्व, जैसे झूलता मीनार, पतंग महोत्सव आदि को डिजाइन में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह दृष्टिकोण आधुनिक भारत के सांस्कृतिक ताने-बाने को संरक्षित करने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। भारतीय रेलवे की महत्वाकांक्षी अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत इस स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। अमृत भारत स्टेशन परियोजना का उद्देश्य देश भर में 1,300 से अधिक रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करना है। वैष्णव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उन्नत रेलवे स्टेशन अहमदाबाद को विश्व स्तरीय सुविधाओं के साथ वैश्विक विरासत शहर का दर्जा देगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि तेज रफ्तार से निर्माण कार्य किया जाएगा तथा न के बराबर रेलगाड़ियों को रद्द किया जाएगा। मंत्री ने कहा, विश्व स्तरीय अहमदाबाद स्टेशन का काम अच्छी रफ्तार के साथ किया जा रहा है। इसके लिए कई नवाचार किए गए हैं। उन्होंने कहा, स्मारक झुलता मीनार को ध्यान में रखते हुए निर्माण और डिजाइन पर काफी ध्यान दिया गया है। मंत्री ने कहा कि रेलवे के विकास के लिए गुजरात को 17,155 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड बजट आवंटित किया गया है।

# राजग सरकार बिहार की जनता पर बोझ : तेजस्वी

एजेंसी



पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव ने बिहार की भाजपा नीत राजग सरकार की खिल्ली उड़ाते हुए शनिवार को कहा कि दो दशक पुरानी सरकार को ठीक उसी तरह बदलने का समय आ गया है, जैसे राज्य में प्रदूषण फैलाने के कारण 15 साल पुराने वाहनों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध है। यादव ने कहा कि बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार अब राज्य के लोगों पर बोझ बन गई है।

यादव ने कहा, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार की 20 साल पुरानी राजग सरकार अब एक खटारा वाहन में बदल गई है। पूरे बिहार में 15 साल से अधिक पुराने वाहनों पर प्रतिबंध है क्योंकि वे बहुत ज्यादा धुआं छोड़ते हैं, प्रदूषण बढ़ाते हैं और जनता के लिए हानिकारक हैं। इसलिए 20 साल पुरानी खटारा राजग सरकार को राज्य में काम करने की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए? यह सरकार बिहार के लोगों पर बोझ बन गई है। इसे बदलना होगा। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, इसलिए, 20 साल पुरानी कमजोर राजग सरकार को राज्य में काम करने की अनुमति क्यों दी जानी चाहिए? यह सरकार बिहार के लोगों पर बोझ बन गई है। इसे बदला जाना चाहिए। यादव ने दावा किया कि पिछले 20 वर्षों में नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने राज्य में गरीबी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, अपराध और पलायन का घातक प्रदूषण फैलाया है। तेजस्वी ने कहा, नीतीश-भाजपा सरकार ने 20 वर्षों में दो पीढ़ियों का जीवन बर्बाद कर दिया।

> 15 साल पुरानी गाड़ी की तरह इसे खत्म कर देना चाहिए

अब यह सरकार बिहारवासियों पर बोझ बन चुकी है। अब इसे बदलना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा, बिहार के युवाओं ने ठान लिया है कि अब 20 साल पुरानी खटारा, जर्जर, बीमार और थकी हुई अविश्वसनीय नीतीश-राजग सरकार को हटा कर एक नयी सोच, नए नजरिए, नए जोश और नयी दिशा वाली युवा और नौकरी-रोजगार एवं विकास कार्यों को समर्पित विश्वसनीय जुनूनी सरकार को लाना है तथा नया बिहार बनाना है।

# ट्रंप से तीखी बहस, यूक्रेन के लोगों ने दिया जेलेंस्की का साथ

## धन्यवाद अमेरिका, धन्यवाद अमेरिकी राष्ट्रपति : ओवल ऑफिस में ट्रंप के साथ बहस के बाद जेलेंस्की ने कहा

एजेंसी



कीव। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ ओवल ऑफिस में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के व्हाइट हाउस से बाहर निकलते ही यूक्रेन के लोग जेलेंस्की के समर्थन में आ गए और उन्हें देश के हितों का रक्षक करार दिया। अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक कार्यालय में हुई बैठक के दौरान ट्रंप और अमेरिका उपराष्ट्रपति जे डी वेंस ने जेलेंस्की से कुछ तीखे सवाल किए और इस दौरान जेलेंस्की थोड़े परेशान दिखे। इस घटना ने मॉस्को में रूसी अधिकारियों को खुश किया होगा और वे इसे अमेरिका तथा जेलेंस्की के संबंधों को खत्म करने वाली घटना के तौर पर देख रहे होंगे। बहरहाल, यूक्रेन के लोग शुक्रवार को जेलेंस्की और ट्रंप के बीच हुई तीखी बहस को लेकर अपने राष्ट्रपति के साथ खड़े दिखे। उन्होंने कहा कि जेलेंस्की ने देश की गरिमा और हितों के लिए आवाज उठाई। कीव में सेवानिवृत्त 67 वर्षीय नतालिया सेरहिएन्को ने कहा कि उन्हें लगता है कि यूक्रेन के लोग वाशिंगटन में अपने राष्ट्रपति के रवैये से सहमत हैं, क्योंकि जेलेंस्की ने शेर की तरह लड़ाई लड़ी है।

उन्होंने कहा, उनके बीच तीखी, बहुत तीखी बातचीत हुई लेकिन जेलेंस्की यूक्रेन के हितों की रक्षा कर रहे हैं। शुक्रवार की रात यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर दो ड्रोन के हमले के बाद, रूस की सीमा पर स्थित इस क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने जेलेंस्की की प्रशंसा की।

## चीन में पोत व नौका की टक्कर, 11 की मौत

बीजिंग। चीन के दक्षिणी हिस्से में एक नदी में तेल रिसाव को साफ करने वाले एक पोत ने एक छोटी नौका को टक्कर मार दी, जिससे 11 लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य लोग लापता हैं। सरकारी मीडिया ने शुक्रवार रात यह जानकारी दी। देश की आधिकारिक समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि मंगलवार की सुबह हुनान प्रांत में युआनशुई नदी में हुई दुर्घटना के दौरान 19 लोग पानी में गिर गए जिनमें से तीन को उसी दिन बचा लिया गया। दुर्घटना उस स्थान पर हुई जहां नदी औसतन 60 मीटर (200 फुट) से अधिक गहरी और 500 मीटर (1,600 फुट) चौड़ी है।

इंटरटेनमेंट...

# सुनील शेट्टी ने कारगिल युद्ध के दौरान उठाया जोखिम



मुंबई। 'बॉर्डर' फिल्म में भैरव सिंह का दमदार किरदार निभाने वाले सुनील शेट्टी ने हाल ही में एक दिलचस्प खुलासा किया।

उन्होंने बताया कि जब उन्हें यह फिल्म ऑफर हुई थी, तो उन्होंने पहले इसे ठुकरा दिया था। वजह यह थी कि उन्होंने कहीं सुन लिया था कि निर्देशक जेपी दत्ता बहुत गुस्से वाले इंसान हैं। चंदा कोचर के यूट्यूब चैनल पर बातचीत के दौरान सुनील ने कहा, 'अगर लोग मुझे हमेशा याद रखेंगे, तो वो सिर्फ 'बॉर्डर' की वजह से होगा। जब जेपी दत्ता ने मुझे फिल्म की कहानी सुनाई, तो मुझे बहुत पसंद आई, लेकिन मैंने हां नहीं कहा। दरअसल, किसी ने मुझसे कहा था कि जेपी सर बहुत गुस्से वाले हैं, उनके साथ निभा पाना मुश्किल होगा, इसलिए मैंने मना कर दिया। लेकिन पता नहीं जेपी सर के दिमाग में क्या था, उन्होंने सीधा मेरी सास से बात की और कहा कि मुझे सुनील चाहिए।' सुनील ने यह भी याद किया कि 'बॉर्डर' के रिलीज होने के दो साल बाद, जब 1999 में कारगिल युद्ध चल रहा था, तो वे वहां सैनिकों से मिलने पहुंचे थे। 'युद्ध के बीच जब मैं वहां पहुंचा, तो माहौल बहुत भारी था। गोलाबारी हो रही थी, लेकिन जवानों ने मुझसे मिलने की ख्वाहिश जताई थी। मैंने फॉर्म साइन किया कि मैं अपने रिस्क पर जा रहा हूं और फिर हमें बेस कैंप ले जाया गया, जहां ऊपर गोलाबारी चल रही थी।'

वहां उनकी मुलाकात एक युवा सिख सैनिक से हुई, जिसका एक हाथ युद्ध में कट चुका था। जब सुनील वहां पहुंचे, तो वह जवान बेहोश था, लेकिन होश में आते ही उसने 'बॉर्डर' फिल्म में भैरव सिंह का नारा दोहराना शुरू कर दिया। 'मैं वही खड़े-खड़े रोने लगा,' सुनील ने भावुक होते हुए बताया। अब 29 साल बाद 'बॉर्डर 2' बनने जा रही है। इस बार फिल्म में सनी देओल, वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ होंगे। खास बात ये है कि अब सुनील शेट्टी की जगह उनके बेटे अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आएंगे।

# क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी मामले में फंसी तमन्ना



मुंबई। पुडुचेरी साइबर क्राइम पुलिस ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से एक क्रिप्टोकरेंसी धोखाधड़ी गिरोह को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि इस केस में एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और काजल अग्रवाल से भी पूछताछ की जाएगी। इस मामले में तमन्ना भाटिया की टीम ने एक्ट्रेस का एक बयान जारी किया है।

जिसमें बताया गया है कि यह सिर्फ महज एक अफवाह है। एक्ट्रेस ने कहा है कि ऐसी झूठी खबरों के खिलाफ कार्रवाई करेंगी। तमन्ना भाटिया ने कहा है- मुझे पता चला है कि क्रिप्टोकरेंसी में मेरी भागीदारी को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं। मैं मीडिया से अनुरोध करना चाहती हूं कि वे ऐसी किसी भी फर्जी, भ्रामक और झूठी रिपोर्ट और अफवाहों को प्रसारित न करें। पुडुचेरी पुलिस ने कोयंबटूर में क्रिप्टोकरेंसी ट्रेडिंग के नाम पर देश भर में 50 करोड़ रुपए तक की धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। दावा किया जा रहा है कि क्रिप्टोकरेंसी फ्रॉड केस में तमन्ना भाटिया और काजल अग्रवाल से भी पूछताछ की जाएगी।

## श्रेया घोषाल का एक्स अकाउंट हैक

मुंबई। श्रेया घोषाल ने हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। इस पोस्ट के जरिए सिंगर ने बताया कि उनका एक्स अकाउंट हैक हो गया है। हालिया पोस्ट में श्रेया ने कहा कि उनका अकाउंट 13 फरवरी से हैक है। इस पोस्ट में उन्होंने सोशल मीडिया यूजर्स को एडवाइस भी दी है। श्रेया घोषाल ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में बताया कि उन्होंने अपने अकाउंट को रिस्टोर करने की काफी कोशिश कर ली है। लेकिन अब तक वह अपने अकाउंट को रिस्टोर नहीं कर पाई हैं। श्रेया ने पोस्ट में लिखा- सभी फैंस और दोस्तों को नमस्कार। मेरा एक्स अकाउंट 13 फरवरी से हैक हो गया है।

# पौराणिक शो 'वीर हनुमान' हुआ लॉन्च, उज्जैन के रामघाट पर 3डी प्रोजेक्शन




**मुंबई।** 'वीर हनुमान' एक नया पौराणिक शो है, जो भगवान हनुमान की अनसुनी कहानियों और उनके साहस, शक्ति और भक्ति की यात्रा को दिखाएगा। इसमें हनुमान जी के बचपन की मासूमियत से लेकर उनकी अद्भुत क्षमताओं तक की झलक मिलेगी। इस शो में कई जाने-माने कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। आरव चौधरी भगवान हनुमान के पिता केसरी का किरदार निभा रहे हैं, जबकि सायली सालुंखे उनकी माता अंजना की भूमिका में नजर आएंगी। एक्टर माहिर पांधी इस शो में सुग्रीव और बाली के किरदार में दिखेंगे, वहीं बाल हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं चाइल्ड आर्टिस्ट आन तिवारी। शो के लॉन्च के मौके पर पूरी स्टारकास्ट मौजूद रही और उन्होंने अपने अनुभव शेयर किए। बातचीत के दौरान, हनुमान के पिता केसरी का किरदार निभा रहे आरव चौधरी ने कहा, ह्ययह शो भगवान हनुमान की दिव्यता और महानता को दिखाने वाला है। कहानी केसरी और अंजना की संतानहीनता से शुरू होती है और फिर कैसे महादेव की कृपा से हनुमान जी का जन्म होता है, यह सब दर्शकों को देखने मिलेगा। शो में केसरी के राजपाठ और किश्किंधा राज्य के संबंधों पर भी रोशनी डाली गई है।' बाल हनुमान की भूमिका निभा रहे आन तिवारी ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा, मैं इस शो का हिस्सा बनकर बहुत उत्साहित हूं। इसमें हनुमान जी के जीवन की अनसुनी कहानियां दिखाई जाएंगी, जो ऑडियंस को काफी पसंद आएंगी।

> चाइल्ड आर्टिस्ट आन तिवारी बने बाल हनुमान

यह शो सिर्फ एक धार्मिक कथा नहीं, बल्कि एडवेंचर और इमोशन्स से भरा हुआ है।' माहिर पांधी, जो बाली और सुग्रीव के किरदार में नजर आएंगे, ने कहा, यह मेरे लिए बहुत खास शो है क्योंकि इसमें हमें अपने ऐतिहासिक किरदारों को जीवंत करने का मौका मिल रहा है। सुग्रीव और बाली की कहानी को नए नजरिए से पेश किया गया है।' हनुमान जी की मां अंजना की भूमिका निभा रहीं सायली सालुंखे ने बताया, यह सिर्फ हनुमान जी की कहानी नहीं है, बल्कि माता अंजना के नजरिए से भी उनकी यात्रा को देखने का मौका मिलेगा। कैसे एक मां अपने पुत्र को हर समस्या से बचाती है, यह इस शो का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होगा।




आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com